**जबलपुर**
**शनिवार, 21 जून 2025**
आषाढ मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 20, अंक : 52
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज



वैदिक पथ के पथिक चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी व हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता थीं परमेश्वरी देवी

# माताजी परमेश्वरी देवी जी का निधन

## देशभर के अनेक गुरुकुलों व आर्य समाजी संस्थाओं में अग्रणी भूमिका में थी माता परमेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक


वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की धर्मपत्नी एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माताजी परमेश्वरी देवी जी का शुक्रवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वो बीते कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 10 बजे गांव खांडा खेड़ी में किया जाएगा। परमेश्वरी देवी अपने पीछे 6 बेटों और 3 बेटियां का भरापूरा परिवार छोड़ गईं। बेटों में कैप्टन रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सतपाल और देव सुमन शामिल हैं, जबकि, बेटियों में दया, बिमला और मधु हैं। यह दुःखद खबर कैप्टन अभिमन्यु ने खुद सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने लिखा- मेरी माता का प्रेम, त्याग और उच्च संस्कार परिवार व समाज के बीच सदैव अमिट रहेंगे। उनकी दी हुई सीख और आशीर्वाद हमेशा साथ रहेंगे। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर की गई पोस्ट में कैप्टन अभिमन्यु ने लिखा- बड़े ही भारी मन से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माता परमेश्वरी देवी अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर ईश्वर के श्रीचरणों में विलीन हो गईं।



### पढ़ी लिखी नहीं थीं पर बच्चों को किया शिक्षित

*परमेश्वरी देवी ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थी, इसके बावजूद भी उन्होंने अपने सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर शिक्षित किया। परिवार को एकजुट रखकर अच्छे संस्कार दिए। परमेश्वरी देवी की शादी (स्वर्गीय) चौधरी मित्र सेन आर्य के साथ 1948 में हो गई थी। काम के सिलसिले में 1961 में चौधरी मित्र सेन उड़ीसा चले गए थे। उसके बाद बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी उनकी थी। वह सभी बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती थीं और सभी बच्चों को बैठाकर उनके बीच में बैठकर उनकी देखरेख करती थीं। वे हर किसी को अच्छे संस्कार देकर उनको ऊर्जावान बनाने का पाठ पढ़ती थीं। शादी के बाद गांव खांडाखेड़ी में ही काफी वर्षों तक रहीं। इस दौरान घर का सारा काम निपटाने की भी उनकी जिम्मेदारी होती थी। चुनाव के समय कैप्टन अभिमन्यु को सीख देती थीं कि ईमानदारी के साथ चुनाव लड़ें और भाईचारे को मजबूत बनाकर सामाजिक ताने-बाने को और आगे ले जाने का काम करें।*

**विशाखापत्तनम के आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किमी. लंबे गलियारे में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम**



फाइल फोटो

# विशाखापत्तनम में 5 लाख लोगों के साथ योग करेंगे पीएम मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की पहल पर हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर पूरे देश-दुनिया में योग के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश में शनिवार को विशाल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे जो बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम के आरके बीच से भोगापुरम तक 26 किलोमीटर लंबे गलियारे में आयोजित किया जाएगा और वहां 5 लाख से अधिक लोग एक साथ योग कर सकेंगे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

### 25 हजार से अधिक छात्र 108 मिनट तक करेंगे सूर्य नमस्कार


*नायडू ने कहा कि 25,000 से अधिक आदिवासी छात्र 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करेंगे। सरकार का लक्ष्य राज्य भर में एक लाख केंद्रों में योग सत्र आयोजित करना और विशाखापत्तनम में योग गतिविधियों में भाग लेने के लिए पांच लाख लोगों को आकर्षित करना है।*

***2.39 करोड़ से अधिक पंजीकरण:*** *इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने के लिए अब तक राज्य, देश और दुनिया भर से 2.39 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे खिलाड़ी




**नई दिल्ली।** लीड्स के मैदान पर भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। दोनों टीमों के खिलाड़ी जब मैदान पर खेलने के लिए उतरे तो उनकी बांह पर काली पट्टी बंधी हुई थी। प्लेयर्स ने अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए पहले दिन के खेल में काली पट्टी बांधकर खेलने का

### लव जिहाद केस में फरार कादरी की जाएगी पार्षदी

**इंदौर।** कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी लव जिहाद के केस में फरार हैं। पुलिस लगातार उन्हें पकड़ने के लिए छापे मार रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा है कि अनवर कादरी की पार्षदी समाप्त करने के लिए संभाग आयुक्त को पत्र लिखा है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि ऐसे लोगों को बक्शा नहीं जाएगा।



### 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित



**भोपाल।** मध्य प्रदेश बोर्ड ने कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा का परिणाम 2025 घोषित कर दिया है। इस वर्ष कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षाएं 24 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थीं, जबकि कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से 5 मार्च 2025 के बीच संपन्न हुईं। छात्र अपना स्कोरकार्ड वेबसाइट rskmp.in पर जाकर देख सकते हैं।

सीएम डॉ. यादव ने कहा-मप्र को बनाएंगे देश की डेयरी कैपिटल

# 40 लाख की गाएं दुग्ध उत्पादन के लिए तो सरकार 10 लाख रुपए का अनुदान देगी



### बड़ी गोशाला खोलने के लिए राज्य सरकार 125 एकड़ जमीन प्रदान करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को देश की डेयरी कैपिटल बनाएंगे। इसके साथ ही अब पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम पशुपालन, डेयरी और गो-पालन विभाग होगा। उन्होंने कहा कि मप्र में गो-शाला संचालन के लिए अनुदान राशि 20 से बढ़कर 40 रुपए प्रति गाय प्रतिदिन की गई है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध किया है।

उन्होंने कहा कि गोपालन की योजनाओं में 25% का अनुदान दिया जाएगा। यदि आप 40 लाख की गाएं दुग्ध उत्पादन के लिए लाते हैं, तो सरकार 10 लाख रुपए का अनुदान देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में राज्य स्तरीय गोशाला सम्मेलन में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री निवास परिसर में राज्य स्तरीय गोशाला सम्मेलन आयोजित इसमें प्रदेश भर से आए गो-पालक और गो-शाला संचालक शामिल हुए

गो-शालाओं को 90 करोड़ रु. की अनुदान राशि की अंतरित

उत्कृष्ट गो-शालाएं और गो-सेवियों को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम में 73 गो-शालाओं को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए

◆ **पशुपालन एवं डेयरी विभाग अब पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन विभाग होगा**



सीएम ने गोमाता का पूजन किया

### दुग्ध उत्पादन समितियों की संख्या 26 हजार करने का संकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध उत्पादन पांच गुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 5.5 करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है। इसमें से लगभग आधा घरेलू उपयोग और शेष मार्केट तक पहुंचता है। सरकार की कोशिश है कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर प्रदेश में दुग्ध से समृद्धि के लिए नई योजनाएं बनाई जाए। दुग्ध उत्पादन और संकलन के कार्य को व्यवस्थित बनाने के लिए समितियों की संख्या भी 9 हजार से बढ़कर 26 हजार करने का संकल्प है।

### प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज का ज्यादा भाव देगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र को देश की दुग्ध राजधानी बनाना है, सरकार इसके लिए अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002-03 तक पशुपालन विभाग का बजट सिर्फ 300 करोड़ था, जो बढ़कर अब 2600 करोड़ हो गया है। किसी समय प्रदेश में फैट मात्रा के अनुसार दूध खरीदने कीव्यवस्था लागू की गई थी।


### ◆ मप्र में बनेगी स्वावलंबी गो-शालाएं

*पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल ने कहा कि प्रदेश में 30 ऐसे स्थानों को चिन्हित भी कर लिया गया है, जहां 5000 से लेकर 25000 तक गोवंश क्षमता वाली स्वावलंबी गो-शाला बनाई जाएंगी। ये गो-शालाएं हाईटेक होंगी, जहां गायों की देखभाल के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं सहित जैविक खाद, सीएनजी गैस उत्पादन आदि के साथ सौर ऊर्जा से बिजली भी बनाई जाएगी। वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि गो-पालन और गो-सेवा मुख्यमंत्री के जीवन का हिस्सा है। उन्होंने पशुपालन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा है। यह प्रदेश का ऐतिहासिक सम्मेलन है। राज्य सरकार ने नेशनल डेयरी विकास बोर्ड के साथ समझौता किया है। कामधेनु योजना से किसानों को गो-पालन और डेयरी शुरू करने का अवसर मिलेगा। खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि गो-माता की सेवा से पुण्य कार्य कोई नहीं हो सकता है। गो-माता की सेवा से वैतरणी पार हो जाती है। प्रदेश की समृद्धि के लिए गौ-पालन और गो-सेवा पर ध्यान देना होगा। गोसेवकों को सिंगल क्लिक से अनुदान राशि भेजने का निर्णय प्रशंसनीय है।*

*आज भोपाल के अटल पथ पर होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम*

# सीएम डॉ. यादव, केंद्रीय मंत्री उइके होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 का राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम 21 जून को सुबह 6 बजे भोपाल के टीटी नगर स्थित अटल पथ पर आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संबोधन भी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापत्तनम में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और उनके संबोधन का भी सजीव प्रसारण होगा उसके पश्चात सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम होगा। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे एवं सांसद जुराहो वीडी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**भारत की कूटनीति का जलवा**

# ईरान से भारतीय छात्रों की निकासी, खोला एयर स्पेस

1000 भारतीय छात्र दिल्ली आएंगे



एजेंसी ⏭ तेहरान

इजराइल-ईरान युद्ध के बीच फंसे भारतीय छात्रों के लिए तेहरान ने अपना एयर स्पेस खोल कर भारत के साथ अच्छे संबंधों का निर्वहन किया है। विदेशी धरती पर भारत ने एक बार फिर अपनी कूटनीति का जादू दिखाया है। ईरान ने सिर्फ भारत के लिए अपना एयर स्पेस चालू करने की घोषणा की है। इसके बाद कम से कम 1000 भारतीय छात्रों की स्वदेश वापसी का रास्ता साफ हो गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का परिचायक माना जा रहा है।

**घरेलू उत्पीड़न से परेशान थे दंपती**

# जहर खाने से पति की मौत पत्नी की भी हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



विदिशा जिले के उनारसीकलां थानाक्षेत्र के गांव चांदबर में गुरुवार रात एक दंपती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी को गंभीर हालत में गुना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पत्नी ने बताया कि ससुर की प्रताड़ना से दोनों ने यह कदम उठाया।

◆ *ससुर ने कहा-घर से जाओ या जहर खाकर मर जाओ*

### पति ने कहा- मेरे सिवाय तेरा कौन

*पत्नी उमाबाई ने बताया कि रात करीब 8.30 पति ने जहरीली गोली खाली और मुझे भी गोली देकर कहा तुम भी खा लो। क्योंकि मेरे सिवा तेरा कौन है। मेरे पिता वैसे भी तुझे गाली देते हैं, दहेज मांगते हैं। महिला ने बताया कि मेरे पति द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने के बाद भी ससुर झगड़ा करते रहे और पति की हालत देखने के बाद भी कहा बहाने कर रहे हो।*

**इंदौर की कंपनी पर सीबीआई की कार्रवाई**

# 183 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी मामले में पीएनबी का सीनियर मैनेजर अरेस्ट

*19 और 20 जून को देश के पांच राज्यों दिल्ली, पश्चिम बंगाल, गुजरात, झारखंड और मध्य प्रदेश में कुल 23 जगहों पर छापेमारी की*

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



शहर की एक कंपनी द्वारा 183 करोड़ रुपए की फर्जी बैंक गारंटी जमा कर तीन सरकारी प्रोजेक्ट हासिल करने के मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। इस घोटाले की जांच के सिलसिले में सीबीआई ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक पंजाब नेशनल बैंक का सीनियर मैनेजर है। सीबीआई की शुरुआती जांच में सामने आया है कि कोलकाता में सक्रिय एक गिरोह बड़े पैमाने पर फर्जी बैंक गारंटियां बनाकर सरकारी ठेके हासिल करने के काम में शामिल है। यह गिरोह कई राज्यों में इसी तरह के घोटाले कर चुका है। मध्य प्रदेश जल निगम लिमिटेड (एमपीजेएनएल) ने साल 2023 में इंदौर की एक निजी कंपनी को 974 करोड़ रुपए के तीन सिंचाई प्रोजेक्ट्स दिए थे। इन प्रोजेक्ट्स के लिए कंपनी ने कुल आठ फर्जी बैंक गारंटियां जमा करवाईं, जिनकी कुल वैल्यू 183.21 करोड़ रुपए थी।

**अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एयरस्पेस संबंधी बढ़ी चुनौतियां**



# एयर इंडिया की 4 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 9 फ्लाइट्स रद्द

*दुबई, मेलबर्न, चेन्नई, दिल्ली, पुणे, अहमदाबाद, हैदराबाद और मुंबई के बीच की सेवाएं बाधित*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एयर इंडिया ने एक बार फिर अपनी कई उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं। एयरलाइन की ओर से अब तक चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 9 फ्लाइट्स को रद्द करने की सूचना दी गई है। एयरलाइन ने बताया कि शुक्रवार को रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से एअर इंडिया ने चार अंतरराष्ट्रीय सेवाओं सहित 9 उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने कहा कि उसने यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पूरे पैसों की वापसी या यात्रा को फिर से निर्धारित करने की पेशकश की है।

### एयर इंडिया की दिल्ली-पुणे फ्लाइट से टकराया पक्षी रिटर्न जर्नी कैंसिल

**मुंबई।** दिल्ली से पुणे जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट से शुक्रवार को एक पक्षी टकरा गया, जिसके बाद फ्लाइट की रिटर्न जर्नी कैंसिल करनी पड़ी। विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और पक्षी के टकराने का पता पुणे में उतरने के बाद चला।

### मदुरै जा रहे इंडिगो की उड़ान में तकनीकी खराबी चेन्नई लौटा

**चेन्नई।** मदुरै जाने वाली एक निजी एयरलाइन के विमान में शुक्रवार को बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से उसे वापस चेन्नई लौटना पड़ा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब आधे घंटे की उड़ान के बाद इंडिगो एयरलाइंस के विमान के पायलट ने खराबी का पता लगाया और चेन्नई वापस आने और उतरने की अनुमति मांगी।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'विशेष आलेख'**

# मानवता के लिए अमूल्य उपहार है 'योग'



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

**योग दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय को समर्पित**

योग एक ऐसी दिव्य अवस्था है जब चेतना और परम चेतना का मिलन होता है। इस अवस्था को प्राप्त करने का अवसर हर जीव के पास है। योग सनातन हिंदू धर्म और संस्कृति का संपूर्ण मानवता के लिए अमूल्य उपहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। साथ ही इस बात का समर्थन किया कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है।

उन्होंने पूरी दुनिया में समग्र स्वास्थ्य क्रांति के नए युग का सूत्रपात किया। उपचार की जगह रोकथाम पर अब अधिक ध्यान दिया जा रहा है। आज पूरा वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त कर रहा है। हम 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। यह 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' विषय को समर्पित है। इसका उद्देश्य मानव कल्याण और एक स्वस्थ ग्रह के बीच संबंध को बढ़ावा देना है। सीधा अर्थ है कि जब शरीर और मन स्वस्थ होता है, तो हम अपने समुदाय और पर्यावरण से बेहतर सामंजस्य रख पाते हैं, उनकी सही देख-रेख कर पाते हैं।

आज पूरे विश्व में एक अदभुत वातावरण बना है। पूरा विश्व आज योग कर रहा है। योग ने विश्व में असंख्य लोगों को सहारा दिया है। हमारे लिए यह गौरव का क्षण है। योग का विधिवत विज्ञान यहां सुरक्षित है। योग दर्शन की विरासत से आज पूरा विश्व समाज लाभान्वित हो रहा है। हम इस अलौकिक समय के साक्षी बन रहे हैं। हम आज गौरव और आनंद से भरे हैं। योग, धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत का गौरव बढ़ाने वाला दिवस है साथ ही पूरे विश्व को परम चेतना के प्रति जागृत करने का क्रांतिकारी कदम भी है। अक्सर सवाल किया जाता है कि योग से क्या मिलता है? इसका सीधा सरल जवाब है योग से मिलती है शांति। मन और तन को सबसे ज्यादा जरूरत है शांति की।

अशांत मन और अनियंत्रित तन पूरे समाज को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। योग एक ऐसा दिव्य द्वार है जो शांति की ओर खुलता है। शांति से उपजती है एकाग्रता। धर्म संसद में वेदांत दर्शन पर कालजयी व्याख्यान देने के बाद स्वामी विवेकानंद को अमेरिका में जगह जगह दर्शन पर व्याख्यान देने आमंत्रित किया गया।


11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025
'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग'
'Yoga for One Earth-One Health'
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
"योग संगम"
सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा उद्बोधन (वर्चुअल माध्यम से)
प्रातः 6:00 बजे | अटल पथ, तात्या टोपे नगर, भोपाल
खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर
राष्ट्रीय मंथन कार्यशाला
वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला के
आधुनिक तारामंडल का लोकार्पण
दोपहर 12:00 बजे | डोंगला, उज्जैन
गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
21 जून, 2025
D-11049/25
"भारत की प्राचीनतम विद्या 'योग' निरोगी शरीर, उत्तम स्वास्थ्य और ऊर्जा प्राप्ति का अक्षय स्रोत है। हम भारत के प्राचीन ज्ञान की विरासत, जिसने भारत को हजारों वर्षों से समृद्ध बनाये रखा है, उसे न केवल संरक्षित करने बल्कि उसके वैज्ञानिक पक्ष को आधुनिक दृष्टिकोण से परिभाषित किये जाने के प्रतिबद्ध प्रयास कर रहे हैं।"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल के तहत अपनी तरह की पहली कार्यशाला में 200 से अधिक विद्वान ज्योतिषाचार्य सम्मिलित होकर करेंगे खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर मंथन
डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में बनकर तैयार हुए आधुनिक तारामंडल में सौर मंडल के दृश्यों का अवलोकन किया जा सकेगा
इस तारामंडल के माध्यम से खगोलीय घटनाओं की जानकारी का रुचिकर प्रदर्शन लोगों को खगोल विषय के ज्ञान से परिचित करायेगा
योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप का आयोजन
सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @JansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

# रक्षा मंत्री ने तेहरान में शासन के प्रतीकों पर हमले तेज करने के दिए निर्देश

## इजराइल और ईरान के बीच गहराया संघर्ष

एजेंसी ▶▶ येरुशलम

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष अब अपने आठवें दिन में पहुंच चुका है। ईरान ने हाल में ही इजराइल पर बैलिस्टिक मिलाइल से हमला किया है। इजराइल के रक्षा मंत्री



इजराइल काट्ज ने सेना को ईरानी राजधानी तेहरान में शासन के प्रतीकों पर हमले तेज करने के निर्देश दिए हैं। काट्ज ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सेना को ईरानी राजधानी तेहरान में शासन के प्रतीकों पर हमले तेज करने के निर्देश दिए हैं, जिसका उद्देश्य इसे अस्थिर करना है। उन्होंने कहा कि हमें शासन के सभी प्रतीकों और जनता के उत्पीड़न के तंत्रों, जैसे कि बासिज (मिलिशिया) और शासन के शक्ति आधार, जैसे कि रिवोल्यूशनरी गार्ड पर प्रहार करना होगा।

*ईरान ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से किया हमला*

*अमेरिका को इस जंग में कूदने से परहेज करने की नसीहत*



**बीर्शेबा शहर पर ईरानी मिसाइल से हमला**



*ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीर्शेबा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।*

**इजराइल का आरोप**

### ईरान ने क्लस्टर बम से किया हमला

इजराइल ने आरोप लगाया है कि ईरान ने मिसाइलों के हमले के दौरान उस पर क्लस्टर बम भी दागे हैं। इजराइल का कहना है कि ईरान ने ऐसा आम लोगों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से किया। यह पहली बार होगा, जब क्लस्टर म्यूनिशन का इस्तेमाल किया गया है। 2008 में एक संधि के तहत इस तरह के हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया। बता दें,



एक क्लस्टर बम असल में सैकड़ों छोटे-छोटे बमों का संग्रह होता है। जब इन बमों को दागा जाता है तब ये बीच रास्ते में फट कर बहुत बड़े इलाके को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे टारगेट के आसपास भी भारी नुकसान पहुंचता है। इसका इस्तेमाल अधिकतर इन्फेंट्री यूनिट या दुश्मन देश की सेना के जमावड़े को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) के अनुसार, इन्हें विमानों, तोपखाने और मिसाइलों द्वारा दागा जा सकता है।

### इजराइल को रूस और चीन ने दी सीजफायर की नसीहत

अमेरिका के दो पुराने दुश्मन रूस और चीन खुलकर ईरान के समर्थन में आ गए हैं। दोनों ही देशों ने अमेरिका को इस जंग में कूदने से परहेज करने की नसीहत दी है और दो टूक कहा है कि अगर अमेरिका ईरान के खिलाफ युद्ध में कूदता है तो उसके गंभीर नतीजे होंगे। दोनों ताकतवर देशों के राष्ट्रपतियों ने गुरुवार को करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत की है। इसके बाद दोनों ही देशों की तरफ से बयान जारी कर इजराइल को सीजफायर की नसीहत दी गई है।

### खामेनेई की हत्या पर सोचना अकल्पनीय पेसकोव बोले

रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की किसी भी संभावित बातचीत का



समर्थन करने से इनकार करने के साथ ही ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि खामेनेई की हत्या अकल्पनीय है, और इस बारे में बात करना भी सभी के लिए अस्वीकार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण है और यह न उस केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए खतरनाक है।

## खबर संक्षेप

### प्लेन क्रैश हादसा: 202 पार्थिव शरीर सौंपे गए

**अहमदाबाद।** गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बताया कि



एअर इंडिया प्लेन क्रैश मामले में डीएनए मिलान से शवों की पहचान की जा रही है। अब तक 220 शवों की पहचान हो गई है और उनमें से 202 के पार्थिव शरीर उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। इन 202 पीड़ितों में 160 भारतीय शामिल हैं, जिनमें से 151 यात्री थे, सात पुर्तगाली नागरिक, 34 ब्रिटिश नागरिक और एक कनाडाई नागरिक थे। 15 शवों को हवाई मार्ग से उनके घरों पर भेजे गए, जबकि 187 शव सड़क मार्ग से ले जाए गए। बचे हुए शवों की पहचान की जारी है।

### कनाडा के कैलीगरी विवि में भारतीय छात्रा की मौत

**वैंकूवर।** कनाडा के कैलगरी विश्वविद्यालय में पढ़ रही भारतीय



छात्रा तान्या त्यागी की अचानक मौत हो गई है। यह जानकारी वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को दी। दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि हमें कैलगरी विश्वविद्यालय में पढ़ रही भारतीय छात्रा तान्या त्यागी के आकस्मिक निधन से गहरा दुख हुआ है। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि उनकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई।

### 85 चीनी नागरिकों को निर्वासित किया गया

**कोलंबो।** श्रीलंका में साइबर अपराध के मामले में दोषी पाए गए 85 चीनी नागरिकों को देश से



निर्वासित कर दिया गया है। कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने मध्य प्रांत के कुंदसाले कस्बे में साइबर अपराध गतिविधियों में लिप्त 22 महिलाओं समेत 130 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से 200 से अधिक मोबाइल फोन, 100 से ज्यादा लैपटॉप और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण जब्त किए गए। 130 आरोपियों में से 122 को अदालत के आदेश के बाद आव्रजन हिरासत केंद्र में भेजा गया था, 7 आरोपी फरार हो गए।

## 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के 'फ्यूचर फ्रंटियर्स फोरम' के सत्र में बोले ब्रिटेन के मंत्री

# विज्ञान और तकनीक में भारत एक उभरता खिलाड़ी, भारत के साथ संबंधों को दें मजबूती

*ब्रिटेन अपनी नई औद्योगिक नीति में भारत को प्राथमिकता देगा*

*भारत की 'परिवर्तनकारी स्वास्थ्य समाधानों' की सराहना की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार मंत्री लॉर्ड पैट्रिक वैलेंस ने कहा है कि भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में तेजी से उभरता एक सशक्त खिलाड़ी बन रहा है और ब्रिटेन को भारत के साथ अपने वैज्ञानिक व शैक्षणिक संबंधों को और गहराई देनी चाहिए। यह बात उन्होंने लंदन स्थित साइंस म्यूजियम में आयोजित 'इंडिया ग्लोबल फोरम' के 'फ्यूचर फ्रंटियर्स फोरम' के एक सत्र में कही, जिसका विषय था 'एक नई नवाचार युग के लिए यूके-भारत सहयोग को सशक्त बनाना'। लॉर्ड वैलेंस ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच पहले से ही मजबूत संबंध हैं और यह लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन केवल सरकार-स्तर के रिश्ते ही सब कुछ नहीं करते, असली प्रेरणा वैज्ञानिकों के बीच संवाद और सहयोग से मिलती है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन सरकार ग्लोबल टैलेंट वीजा के जरिए उच्च कुशल पेशेवरों की आवाजाही को बढ़ावा देना चाहती है और भारत के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने की आवश्यकता है।

फोरम में भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच किया गया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में बहुआयामी लाभ देता है। एक एफटीए पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि दोनों देश मित्र हैं, साझेदार हैं और एक-दूसरे पर विश्वास करते हुए मिलकर काम करने को तैयार हैं। 'पिचर्स एंड पंटर' नामक सत्र में भारत के उभरते स्टार्टअप्स ने अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के पैनल के सामने अपने आइडिया पेश किए।

### भारत के साथ सहयोग की प्राथमिकताएं तय करें




*मंत्री लॉर्ड पैट्रिक वैलेंस ने कहा कि ब्रिटेन की सरकार जल्द ही अपनी नई इंडस्ट्रियल स्ट्रैटेजी (औद्योगिक रणनीति) जारी करने वाली है, जो भारत के साथ भविष्य के सहयोग की प्राथमिकताएं तय करेगी। लॉर्ड आरा डार्जी, ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) की महत्वपूर्ण समीक्षा के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने भारत की 'परिवर्तनकारी स्वास्थ्य समाधानों' की सराहना की और कहा कि यह एक ऐसा 'बौद्धिक और उत्पादन-सामर्थ्य' है, जिसके साथ ब्रिटेन को साझेदारी करनी चाहिए।*

### भारत और ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी को मजबूत करेंगे

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान कई शीर्ष ब्रिटिश अधिकारियों और उद्योग जगत के नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने फाइनेंशियल फ्रेमवर्क और एआई जैसी उभरती तकनीकों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने ब्रिटेन में चांसलर ऑफ दि एक्सचेकर रेचल रीव्स से मुलाकात की और भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए फाइनेंशियल फ्रेमवर्क्स, सस्टेनेबल फाइनेंस और नए व्यापार अवसरों




को पेश करने में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने ब्रिटेन स्थित बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड के सीईओ ओलिवर प्रिल के साथ भी महत्वपूर्ण चर्चा की। पीयूष गोयल ने कहा कि डिजिटल दुनिया में भारत की प्रगति के साथ, हमने फिनटेक इकोसिस्टम, डिजिटल सशक्तीकरण और दोनों अर्थव्यवस्थाओं में एसएमई के नेतृत्व वाली वृद्धि को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

### साइंस और टेक्नोलॉजी में करेंगे सहयोग

मंत्री गोयल ने लंदन के फ्यूचर फ्रंटियर्स फोरम में साइंस म्यूजियम ग्रुप के निदेशक और मुख्य कार्यकारी सर इयान ब्लैचफोर्ड से भी बातचीत की। गोयल ने कहा कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और इनोवेशन में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे दुनिया हमारी कुशल प्रतिभा, लागत प्रभावी समाधानों और एआई और उभरती टेक्नोलॉजी में बढ़ती क्षमताओं से लाभान्वित हो सकती है। साथ ही, दोनों देशों के बीच साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में सहयोग को गहरा करने के लिए भारत-ब्रिटेन एफटीए की क्षमता को रेखांकित किया।

## रूस ने यूक्रेन पर दागी मिसाइलें

# 23 की मौत, कई घायल, मास्को का रिहायशी इलाकों पर हमले से इंकार



एजेंसी ▶▶ कीव/मॉस्को

रूस ने यूक्रेन पर एक बार फिर मिसाइलें दागी हैं। कीव में नौ मंजिला अपार्टमेंट पर हुए मिसाइल हमले में 23 लोगों की मौत हो गई। हमले के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वैश्विक ताकतों को युद्ध विराम के लिए रूस पर दबाव डाला जाए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि यह हमला दुनिया को याद दिलाता है कि रूस युद्ध विराम को अस्वीकार करता है और हत्या का विकल्प चुनता है। कीव सेना के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि हाल ही में में रूस ने शहरी रिहायशी इलाकों पर लंबी दूरी के हमले किए हैं। बुधवार को पुतिन ने इस बात से इनकार किया कि उनकी सेना ने ऐसे ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि हमले सैन्य प्रतिष्ठानों पर किए गए थे, रिहायशी इलाकों पर नहीं।

### जेलेंस्की के साथ समझौते पर संदेह

यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार रूसी राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की वैधता पर संदेह है। पुतिन का कहना है कि वे जेलेंस्की से वार्ता करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनका राष्ट्रपति पद का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर पिछले साल समाप्त हो चुका है। मार्शल लॉ लागू होने के कारण कोई उत्तराधिकारी नहीं चुना गया है। ऐसे में रूस-यूक्रेन के बीच जो भी समझौता हो उस पर वैध अधिकारियों के हस्ताक्षर होने चाहिए। पुतिन ने कहा कि कई यूक्रेनी अधिकारियों को राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। इसलिए जेलेंस्की की संदिग्ध कानूनी स्थिति उनके अधीन काम करने वालों के अधिकार पर संदेह पैदा करती है। पुतिन ने कहा कि हस्ताक्षर वैध अधिकारियों से होने चाहिए। नहीं तो मेरे बाद जो भी आएगा, वह समझौते को कूड़ेदान में फेंक देगा।

### रूस ने यूक्रेन को लौटाए 1212 सैनिकों के अवशेष

क्रेमलिन अधिकारी व्लादिमीर मेडिंस्की ने बताया कि रूस ने 1,212 यूक्रेनी सैनिकों के अवशेष वापस कर दिए हैं। रूस के कुर्स्क, डोनेट्स्क, लुगांस्क, खेरसॉन और जापोरोजे क्षेत्रों के साथ-साथ यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र से अवशेष बरामद किए गए। वहीं रूस को आदान-प्रदान के दौरान अपने 27 सैनिकों के अवशेष मिले। यह आदान-प्रदान इस महीने की शुरुआत में इस्तांबुल में हुई चर्चाओं के बाद हुआ। मॉस्को ने पहले 6,000 से अधिक यूक्रेनी शवों को वापस करने की पेशकश की थी, लेकिन कीव पर स्वीकृति में देरी करने का आरोप लगाया। रूसी लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर जोरिन ने समझौते को मानवीय कार्रवाई कहा।

## चीन में मूसलाधार बारिश से आई बाढ़

# 30 हजार लोगों को बचाया, 5 की मौत, बिजली व इंटरनेट सेवाएं ठप

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत में कई दिनों की भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बचावकर्मियों ने हुआइजी काउंटी से लगभग 30,000 लोगों को निकाला। काउंटी की आधे से अधिक सड़कें जलमग्न हो गईं। इसके साथ ही बिजली और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो चूंकि हैं। हुआइजी काउंटी गुआंग्शी क्षेत्र की सीमा के पास है। यह गुआंगजौ से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। यह एक प्रमुख औद्योगिक और बंदरगाह शहर है और प्रांतीय राजधानी भी है। इस तूफान के कारण ग्वांग्शी प्रांत में दो अलग-अलग स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिनमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। शुई



जियांग नदी में भारी उफान के कारण शहरी इलाकों में सड़कों ने नहरों का रूप ले लिया है। कई इलाकों में जलस्तर इतना अधिक बढ़ गया है कि पानी इमारतों की पहली मंजिल तक पहुंच गया है और कारों की सिर्फ छतें ही दिखाई दे रही हैं। राहत और बचाव टीम ने एक स्कूल में उपस्थित दर्जनों बच्चों और बुजुर्गों को भी आपूर्ति भेजी। एक अस्पताल से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को निकाला। एक नवजात शिशु के साथ एक महिला को दूध पाउडर और पानी पहुंचाया।

## मिलिट्री कॉलेज की सुरक्षा में सेंध

# वेश बदलकर घुसे 4 लोग हिरासत में चुपके से खींच रहे थे तस्वीरें, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ सिकंदराबाद

हैदराबाद के सिकंदराबाद के मिलिट्री कॉलेज की सुरक्षा भंग करने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन चारों की पहचान राकेश कुमार नरेश राय, आशीष कुमार, आलिया अब्बशी और नगमा बानो महमूद के रूप में की गई है। 19 जून को दोपहर 1 बजे के आसपास, चार नागरिक, जिनमें से एक विंग कमांडर रजत कुमार मिश्रा नाम से वायुसेना अधिकारी का छद्मवेश धारण किए हुए था, तीन अन्य (एक पुरुष और दो महिला) के साथ बिना अनुमति के मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मेकेनिकल इंजीनियरिंग (एमसीईएमई), सिकंदराबाद के



एमआई टेक्नो चौक गेट में घुस गया। इन्हें प्रवेश पाने के लिए एक नकली पहचान पत्र दिखाते हुए पाया गया। जब वे सड़क पर सीएसडी कैंटीन और सैनिक स्मारक सहित संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों की तस्वीरें खींच रहे थे और वीडियो बना रहे थे, तब एमसीईएमई के जुबली गेट पर संतरियों ने इन्हें रोका और चेक किया। संतरियों ने तुरंत एमसीईएमई कंट्रोल को सतर्क किया और व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया।

## नाथूला दर्रे से रवाना हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा




**गंगटोक।** कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर शुरू हो गई है। शुक्रवार को सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने नाथूला दर्रे से यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के शुभारंभ से पहले राज्यपाल ने यात्रियों से मुलाकात की और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने इस ऐतिहासिक मार्ग की बहाली को अंतरराष्ट्रीय मित्रता और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की पुनर्स्थापना का प्रतीक बताया। पहले जत्थे में 33 यात्री, दो एस्कॉर्ट अधिकारी और एक डॉक्टर शामिल हैं। सभी यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें उच्च हिमालयी क्षेत्र के लिए दो चरणों में पहले '18वां मील' पर और फिर शेराथांग में अनुकूलन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा।

## महारत्न कंपनी एचएएल को मिली बड़ी कामयाबी

# इसरो से मिली एसएसएलवी बनाने की पूरी टेक्नोलॉजी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत में डिफेंस और एयरोस्पेस सेक्टर की बड़ी सार्वजनिक कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) बनाने की 511 करोड़ रुपए की बोली जीत ली है। इसी के साथ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स ने एसएसएलवी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल कर लिया है। स्पेस रेगुलेटर-कम प्रमोटर, इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड अथॉराइजेशन सेंटर (इन-स्पेस) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इन-स्पेस के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका ने कहा कि यह पहली बार है जब किसी स्पेस एजेंसी ने किसी कंपनी को कम्प्लीट लॉन्च व्हीकल टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की है। एचएएल के पास अब स्वतंत्र रूप से एसएसएलवी लॉन्च बनाने, इस पर मालिकाना हक रखने और कमर्शियलाइज करने की क्षमता होगी। गोयनका ने इस डील को भारत की महत्वाकांक्षी 44 बिलियन डॉलर की स्पेस इकोनॉमी के लिए महत्वपूर्ण बताया। बता दें कि भारत का लक्ष्य 2022 में 8.4 बिलियन डॉलर की अपनी स्पेस इकोनॉमी को साल 2033 तक बढ़ाकर 44 बिलियन डॉलर करना है।



### नौ में से पहले छह कंपनियां शॉर्टलिस्ट की गईं

*इन-स्पेस के निदेशक-तकनीकी राजीव ज्योति ने कहा कि इन-स्पेस ने दो चरणों में चयन प्रक्रिया की। पहले चरण में नौ उद्योगों में से छह को शॉर्टलिस्ट किया गया। दूसरे चरण में, छह में से तीन की तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियों की एक समिति द्वारा समीक्षा की गई। अंत में एचएएल को चुना गया। इन-स्पेस के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका ने कहा कि सरकार के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. विजया राघवन की अध्यक्षता वाली समिति और इसरो के पूर्व निदेशक सुरेश की सह-अध्यक्षता वाली समिति ने सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के बाद पाया कि तीनों बोली लगाने वाले तकनीकी रूप से योग्य हैं। गोयनका ने कहा कि फिर हमने वाणिज्यिक बोलियां खोलीं, जिसमें एचएएल की 511 करोड़ रुपए की बोली सबसे ऊंची रही।*

### अपनी तरह का पहला तकनीकी हस्तांतरण

डॉ. गोयनका ने बताया कि एचएएल ने इसरो के स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) के लिए 511 करोड़ रुपए में तकनीक हस्तांतरण हासिल किया है। यह अपनी तरह का पहला टीओटी है। यह भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) के मामले में, इस तरह से निर्माण का ठेका एक कंसोर्टियम को दिया गया था। लेकिन, एसएसएलवी के मामले में, लॉन्च वाहन बनाने का काम पूरी तरह से एचएएल को दिया जा रहा है।

### 500 किलो के पेलोड ले जा सकेगा

यह एसएसएलवी 500 किलोग्राम तक के पेलोड को पृथ्वी की निचली कक्षा तक ले जा सकेगा। इसका मकसद छोटे-छोटे सैटेलाइट्स को लो-अर्थ ऑर्बिट में भेजने की वैश्विक मांग को पूरा करना है। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पहली बार रॉकेट टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर किया जा रहा है। इसी डील के साथ अब हर साल एचएएल के 6-8 एसएसएलवी रॉकेट बनाने की उम्मीद है। इससे हर रॉकेट के लॉन्च होने पर अनुमानित 6.5 मिलियन डॉलर का रेवेन्यू जेनरेट होगा। अब से दो साल बाद यह भारत में एसएसएलवी बनाने वाली इकलौती कंपनी होगी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल ने निभाई निर्णायक भूमिका

एजेंसी ▶▶ देहरादून

भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने विदेशी और स्वदेशी हथियारों के बेहतरीन संयोजन का इस्तेमाल किया, जिसमें स्वदेशी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को उन्होंने 'गेम-चेंजर' करार दिया। रक्षा सचिव ने कहा कि हमने विदेशी और स्वदेशी हथियारों का प्रभावी मिश्रण इस्तेमाल किया। स्वदेशी हथियारों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।





# देश में एम्स की संख्या 7 से 23 पर पहुंची और मेडिकल कॉलेज दोगुने

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो गई है। शाह बेंगलुरु स्थित अदिचुंचनगिरी यूनिवर्सिटी के नए कैंपस के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाए, फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की, योग दिवस मनाने की परंपरा शुरू की और मिशन इंद्रधनुष के तहत मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया। 'पोषण अभियान' से माताओं और बच्चों के पोषण की चिंता की गई, 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा दिया गया और प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

### 2014 तक 387 मेडिकल कॉलेज थे, अब 780

उन्होंने कहा कि 2014 में देश में केवल 7 एम्स थे, जो अब बढ़कर 23 हो गए हैं। पहले जहां देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, अब उनकी संख्या 780 हो गई है। एमबीबीएस की सीटें भी 1,18,000 तक पहुंच गई हैं। अमित शाह ने अदिचुंचनगिरी मठ की भी सराहना की और कहा कि इस संस्था ने अनेक गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अध्यात्म और निःस्वार्थ सेवा से जोड़ा है।

केंद्र की योजनाओं का किया बखान

## बेंगलुरु स्थित अदिचुंचनगिरी यूनिवर्सिटी के नए कैंपस के उद्घाटन समारोह में शाह ने कहा



### पीजी सीटें 31,000 से बढ़कर 74,000

गृह मंत्री ने यह भी बताया कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। पीजी सीटें 31,000 से बढ़कर 74,000 हो गई हैं। यानी हर साल देश में 1,18,000 एमबीबीएस डॉक्टर और 74,000 स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी, रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना और आदिचुंचनगिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी भी मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया

शाह गुरुवार शाम को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि बेंगलुरु में वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा से मुलाकात की।

### पीएम मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को इलाज की सहायता दी

शाह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कई साल पहले गुजरात में कहा था कि गरीबों की सबसे बड़ी समस्या बीमारी और उपचार पर खर्च है। सरकार को गरीबों के उपचार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आज मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को हर साल पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार करवाया है।

**मोदी सरकार ने गरीबों के जीवन में किया बदलाव**

शाह ने बताया कि मोदी सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर कई पहलें शुरू की हैं, जिनमें 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाना, फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष, पोषण अभियान, आयुष्मान भारत और भारतीय जनऔषधि परियोजना शामिल हैं। उन्होंने कहा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि एक नागरिक को मां के गर्भ में जन्म लेने से लेकर पूर्ण नागरिक बनने तक किसी बीमारी का सामना न करना पड़े और यदि वह बीमार होता है, तो उपचार महंगा न हो।

## खबर संक्षेप

### एआई प्लेन क्रैश करा दूंगी, डॉक्टर की धमकी




**बेंगलुरु।** एयर इंडिया की बेंगलुरु से सूरत जा रही फ्लाइट में तब हड़कंप मच गया, जब एक 36 वर्षीय महिला डॉक्टर ने प्लेन क्रैश करने की धमकी पायलट को दे दी। डॉक्टर की पहचान व्यास हिरल मोहनभाई के तौर पर हुई। इन्होंने हंगामा इसलिए मचाया क्योंकि इनका बैग इनके हिसाब से फ्लाइट में नहीं रखा गया था। इसकी रिपोर्ट अब की गई है।

### दिल्ली मेट्रो में 'सांप' को लेकर मचा बवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में लाखों लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने वाली और इस इलाके की लाइफ लाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। गुरुवार को महिला कोच में महिलाएं जोर-जोर से चिल्लाईं। इधर-उधर भागने लगीं और शोर मच गया कि मेट्रो के महिला कोच में सांप है।

### अवध असम एक्सप्रेस से टकराई ट्रॉली,1 की मौत



**कटिहार।** बिहार के कटिहार में कटिहार बरौनी रेल खंड पर काढागोला और सेमापुर के बीच बरौनी से कटिहार जा रही अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन (15910) और रेलवे ट्रॉली के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रॉलीमैन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। कई मजदूर गंभीर घायल बताए जा रहे हैं।

### सरगुजा में नदी में बही 2 महिलाएं और 2 बच्चे



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक नदी में बाढ़ आ जाने के बाद दो महिलाएं और दो बच्चे बह गए हैं। पुलिस ने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने चारों की तलाश शुरू कर दी है।केरजु पुलिस चौकी क्षेत्र में ढोड़ागांव के पास मैनी में गुरुवार शाम सोमारी , बिनावती नागवंशी, 3 वर्षीय आरयस नागवंशी, 8 वर्षीय अनिता बह गए।

### अस्पताल में मनसे का हंगामा, 20 पर केस



**ठाणे।** नवी मुंबई के एक सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर पोस्टमार्टम विभाग में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर हंगामा करने के मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के 20 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कार्यकर्ताओं का एक समूह 17 जून को वाशी नगर अस्पताल में घुस गया और चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय में नारेबाजी की।

## पीएम मोदी ने सीवान में रैली को संबोधित कर राजद और कांग्रेस पर किया हमला

# 'पंजे' व 'लालटेन' वालों का मंत्र है- अपने साथ...परिवार का विकास, इनसे सावधान

एजेंसी ▶▶ सीवान

बिहार दौरे पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी राजद और कांग्रेस पर जमकर बरसे। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सीवान में एक रैली को संबोधित करते हुए लालू यादव के राज की याद दिलाई और कहा कि जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था। पीएम मोदी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया, उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था।

### जलापूर्ति, स्वच्छता परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन भी किया

रेल लाइन का किया उद्घाटन

नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई

गोरखपुर जाने वाली वंदे भारत भी शुरू की



### संविधान निर्माण से लेकर देश को दिशा दिखाने में राजेंद्र बाबू की बड़ी भूमिका

पीएम मोदी ने कहा कि सीवान की ये धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। ये हमारे लोकतंत्र को, देश को, संविधान को ताकत देने वाली भूमि है। सीवान ने राजेंद्र बाबू जैसी महान संतान देश को दी। संविधान निर्माण से लेकर देश को दिशा दिखाने में राजेंद्र बाबू की बहुत बड़ी भूमिका रही। सीवान ने ब्रज किशोर प्रसाद जैसे महान समाज सुधारक भी देश को दिए।

### बिहार के लिए बहुत कुछ करेगा मोदी

उन्होंने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। सीएम नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है और मैं विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो। बिहार के लिए बहुत कुछ करेगा मोदी।

### 6,600 मकानों को किया समर्पित, कुछ चाबियां भी सौंपी

बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 400 करोड़ से अधिक की नई वैशाली-देवरिया रेलवे लाइन परियोजना का उद्घाटन किया› इस मार्ग पर एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने उत्तर बिहार में 'कनेक्टिविटी' को बढ़ाने पटना-मुजफ्फरपुर व बेतिया से होते हुए गोरखपुर जाने वाली वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाई।मरहोरा संयंत्र में निर्मित अत्याधुनिक रेल इंजन को भी हरी झंडी दिखाई। नमामि गंगे परियोजना के तहत 1,800 करोड़ से अधिक लागत के छह सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) का उद्घाटन किया, जिससे क्षेत्र के लोगों की जरूरतें पूरी होंगी।

## भुवनेश्वर में रोड शो, परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया

ओडिशा को दी करोड़ों की सौगात

**भुवनेश्वर।** पीएम मोदी ने भुवनेश्वर में रोड शो किया। सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने 18,600 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं में पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई।

### 100 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी



प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (सीआरयूटी) प्रणाली के अंतर्गत 100 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई।

### ओडिशा विजन दस्तावेज जारी किया

पीएम ओडिशा विजन दस्तावेज भी जारी किया। यह 2036 के ऐतिहासिक वर्षों पर आधारित है, जब ओडिशा भारत के प्रथम भाषाई राज्य के रूप में 100 वर्ष पूरे करेगा तथा 2047 जब देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएगा। वह राज्य की सफल महिलाओं को सम्मानित करने सहित कई अन्य पहलों का हिस्सा भी बनेंगे।

## मुंबई लोकल ट्रेन हादसा, हाईकोर्ट चिंतित

# हर दिन 10 लोगों की मौत गंभीर मामला, कदम उठाएं



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई लोकल ट्रेन नेटवर्क पर हो रही यात्रियों की मौतों को लेकर गहरी चिंता जताई है। कोर्ट ने इस स्थिति को 'चिंताजनक' बताया, खासकर तब जब हाल ही में एक भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर 5 यात्रियों की मौत हो गई थी। कोर्ट ने सुझाव दिया कि मुंबई लोकल ट्रेनों में स्वचालित दरवाजे लगाए जाएं। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह सुझाव केवल एक 'आम नागरिक' की नजर से दिया गया है। इस पर रेलवे विशेषज्ञों की राय ज्यादा जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अराड़े और न्यायमूर्ति संदीप मर्ने की खंडपीठ ने कहा कि इस तरह की दुखद घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए तुरंत जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए।

### 2024 में 3588 लोगों की मौत

रेलवे की तरफ से दायर हलफनामे के अनुसार केवल 2024 में 3588 लोगों की जान मुंबई की लोकल ट्रेनों में हादसों में गई है। यानी हर दिन औसतन 10 लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत ही चिंताजनक स्थिति है, भले ही आप कह रहे हैं कि पिछले वर्षों की तुलना में 49 फीसदी मौतें कम हुई हैं।

### 9 जून की घटना पर कोर्ट सख्त

कोर्ट ने 9 जून को हुए हादसे का विशेष रूप से जिक्र किया, जिसमें मुम्ब्रा स्टेशन के पास एक भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर 5 यात्रियों की मौत हो गई थी और 8 लोग घायल हुए थे। कोर्ट ने कहा कि ऐसी घटनाएं दर्शाती हैं कि उठाए गए कदम पर्याप्त नहीं हैं।


### मुंबई हाई कोर्ट ने दिए कई सुझाव

लोकल ट्रेनों में स्वचालित दरवाजे लगाए जाएं ताकि लोग चलती ट्रेन से बाहर न गिरें। कोर्ट ने माना कि ये सुझाव तकनीकी विशेषज्ञों की राय के बिना लागू नहीं किए जा सकते। जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रेलवे से कहा कि वह उठाए गए कदमों की जानकारी पेश करे। कोर्ट ने निर्देश दिया कि रेलवे जांच कमेटी की सिफारिशों को रिकॉर्ड पर लाए, और ये भी बताए कि इन सिफारिशों को कब और कैसे लागू किया जाएगा। इस मामले में अब 14 जुलाई को फिर सुनवाई होगी।

## पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में भीषण सड़क हादसा

पुलिस ने ट्रेलर जब्त किया

# कार और ट्रक के बीच टक्कर, शादी समारोह से लौट रहे 9 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ पुरुलिया

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में चारपहिया सवार सभी 9लोगों की जान चली गई। हादसा बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामशोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 18 पर हुआ। जब पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तब नामशोल में उनकी बोलेरो की तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर हो गई।

### झारखंड के नीमडीह थाना क्षेत्र के तिलाईटांड जा रहे थे पीड़ित

बताया जा रहा है कि पीड़ित पुरुलिया के बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के अदबाना गांव से झारखंड के नीमडीह थाना क्षेत्र के तिलाईटांड जा रहे थे। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सभी घायलों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने सभी यात्रियों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

### सुबह करीब 6.30 बजे हुई दुर्घटना

एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत नामशोल गांव में एनएच-18 पर सुबह करीब 6.30 बजे हुई। बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया कि राजमार्ग पर एक एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हुई।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत का आरोप

# कांग्रेस की असम इकाई का 'प्रचार' कर रहे इस्लामिक देशों के 5,000 सोशल मीडिया अकाउंट

### सबसे ज्यादा 'अकाउंट' बांग्लादेश और पाकिस्तान के सक्रिय

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने आरोप लगाया कि 5,000 से अधिक 'सोशल मीडिया अकाउंट' कांग्रेस की असम इकाई का प्रचार एवं समर्थन करने के लिए सक्रिय हैं। इनमें से ज्यादातर इस्लामिक देशों से संचालित होते हैं। ये 47 देशों में सक्रिय हैं और इनमें से सबसे अधिक संख्या में सक्रिय 'अकाउंट' बांग्लादेश और पाकिस्तान में हैं।

### कांग्रेस की असम इकाई के एक विशेष नेता पर 'मेहरबानी' कर रहे

उन्होंने दावा किया कि ये 'अकाउंट'एक महीने से कांग्रेस की असम इकाई के एक विशेष नेता और पार्टी की राज्य इकाई के पेज की गतिविधियों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सरमा ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि वे राहुल गांधी या यहां तक कि कांग्रेस के पोस्ट पर भी टिप्पणी या 'लाइक' नहीं करते। वे केवल एक विशेष नेता और कांग्रेस की असम इकाई पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि असम के अलावा वे इस्लामी कट्टरपंथी सामग्री पोस्ट करते हैं जिसमें फलस्तीन, ईरान और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस संबंधी पोस्ट शामिल हैं।

### गोगोई की विवादित टिप्पणी

### भाजपा-संघ में अपराधी प्रवृत्ति के लोग, सांप्रदायिक साजिश रच रहे



असम कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने भाजपा, आरएसएस, वीएचपी और बजरंग दल पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन संगठनों में कुछ आपराधिक सोच वाले लोग हैं जो चुनाव में जानबूझकर सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करते हैं, ताकि सरकार की नाकामियों से लोगों का ध्यान भटकाया जा सके। गोगोई ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की राजनीति की तुलना मोहम्मद अली जिन्ना से करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री असमिया जिन्ना जैसा व्यवहार कर रहे हैं। कांग्रेस ऐसी जिन्ना टाइप की राजनीति को असम में सफल नहीं होने देगी।

## चुनाव प्रक्रिया के वीडियो डिलीट करने का निर्देश

# फुटेज का इस्तेमाल दुर्भावना और भ्रम फैलाने किया जा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान के इलेक्ट्रॉनिक डेटा जैसे वीडियो, सीसीटीवी फुटेज आदि को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के 45 दिन बाद नष्ट कर दें। चुनाव आयोग का कहना है कि उनके वीडियो फुटेज का इस्तेमाल दुर्भावना और भ्रम फैलाने के लिए किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने राज्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन की अवधि के भीतर अदालतों में चुनाव नतीजों को चुनौती नहीं दी जाती है, तो वे 45 दिन के बाद चुनाव प्रक्रिया के सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें।

### अधिकारी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के 45 दिन बाद नष्ट कर दें: ईसी



### चुनाव आयोग ने अधिकारियों को पत्र लिखकर दी जानकारी

चुनाव आयोग ने 30 मई को राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा था कि 'उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों - फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। हालांकि चुनाव संबंधी कानून ऐसी रिकॉर्डिंग को अनिवार्य नहीं करते

### याचिका नहीं तो डेटा को नष्ट करें

चुनाव आयोग ने अब राज्य चुनाव प्रमुखों से कहा है कि सीसीटीवी डेटा, वेबकास्टिंग डेटा और विभिन्न चरणों में चुनाव प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी को 45 दिनो तक ही सुरक्षित रखा जाएगा। आयोग ने कहा है कि अगर किसी विशेष निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में कोई चुनाव याचिका दायर नहीं की जाती है, तो उक्त डेटा को नष्ट किया जा सकता है।

### 45 दिन के अंदर दी जा सकेगी फैसले को चुनौती

कोई भी व्यक्ति 45 दिन में उच्च न्यायालय में चुनाव फैसले को चुनौती दे सकता है। दिसंबर में सरकार ने भी सीसीटीवी और वेबकास्टिंग फुटेज, साथ ही उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग, इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने चुनाव नियम में बदलाव किया, ताकि उनका दुरुपयोग रोका जा सके। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 में संशोधन किया, ताकि सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले कागजात या दस्तावेज के प्रकार को प्रतिबंधित किया जा सके।

## शाह के बयान पर राहुल का पलटवार

# भाजपा और संघ नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाषा विवाद को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पलटवार किया है। राहुल ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ ) नहीं चाहते कि गरीब के बच्चे अंग्रेजी सीखे। राहुल ने एक्सपर पोस्ट किया कि अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं - जंजीरें तोड़ने का औजार है। उन्होंने लिखा, ये नहीं चाहते कि वह पढ़-लिखकर सवाल पूछें, आगे बढ़ें



और बराबरी करें। आज के समय में अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है जितनी आपकी मातृ भाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी और आत्मविश्वास बढ़ाएगी। राहुल ने कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है।

## हाई कोर्ट ने कलेक्टर को शपथ पत्र पर रिपोर्ट पेश करने दिए निर्देश

**वृद्ध घोड़ों को ब्रीडिंग के लिए लाए जाने की जानकारी पर जताया आश्चर्य**

# हैदराबाद से जबलपुर लाए गए घोड़ों की कैसे हो गई मौत : हाईकोर्ट

**जबलपुर।**

हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने हैदराबाद से जबलपुर लाए गए घोड़ों की मौत के मामले को बेहद गंभीरता से लिया। इसी के साथ कलेक्टर, जबलपुर को निर्देश दिया गया कि वे इस सिलसिले में शपथ पत्र पर रिपोर्ट पेश करें। जिसमें जबलपुर में उपचाररत घोड़ों की मेडिकल रिपोर्ट व उपचार संबंधी समस्त जानकारी समाहित करें। इसके अलावा घोड़ों की मौत के तार्किक कारण भी रेखांकित करें। मामले की अगली सुनवाई 25 जून को नियत की गई है।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी पशु प्रेमी सिमरन इस्सर की की ओर से अधिवक्ता उमेश त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हैदराबाद निवासी सुरेश पाल गुडू हार्स पावर लीग के सूत्रधार हैं। हैदराबाद रेस क्लब में दो घोड़ों की रेस करवाकर उन्होंने ट्रोपंग करेठस्ता नामक एप के माध्यम से फिलीपिंस में आनलाइन स्ट्रीमिंग करते हुए सट्टा लगवाया। इस संबंध में फिलीपिंस सरकार ने केंद्र सरकार से शिकायत की थी। शिकायत के बाद उन्होंने इसे बंद कर दिया था। सुरेश पाल गुडू के पास डेढ़ सौ से अधिक घोड़े थे और उन्होंने चार माह पूर्व कर्मचारियों के वेतन देना बंद कर दिया था। भोजन नहीं मिलने के कारण लगभग 90 घोड़ों की मौत हो गई थी। साक्ष्य छुपाने के लिए घोडो को नियम विरुद्ध तरीके से जबलपुर लगाकर



सचिन तिवारी के द्वारा पनागर के रैपुरा में रखा गया है। देखरेख तथा भोजन व उपचार नहीं मिलने के कारण घोड़ों की मौत हो रही है।

जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि हैदराबाद से 57 घोडे जबलपुर लाए गए थे। जिसमें से 12 घोडों की मौत हो गई है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि अभी तक 18 घोड़ों की मौत हुई है। रास्ते में लाते समय छह घोडे की मौत हो गई थी। हैदराबाद से जबलपुर लाने के लिए घोड़ों का नियमानुसार मेडिकल तक नहीं करवाया गया था। आनलाइन गैबलिंग के साक्ष्य छुपाने के लिए घोड़ों का जबलपुर लाकर उन्हें भूखे-प्यासे रखकर मारा जा रहा है। घोड़ों को जबलपुर लाने वाले केयरटेकर सचिन तिवारी की तरफ से उपस्थित अधिवक्ता की तरफ से बताया गया कि जिन घोड़ों की मौत हुई है, वे वृद्ध थे। हाई कोर्ट ने घोड़ों को जबलपुर लाने का कारण पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ब्रीडिंग के लिए उन्हें लाया गया है। वृद्ध घोडों को ब्रीडिंग के लिए लाए जाने पर हाई कोर्ट ने आश्चर्य व्यक्त किया।

हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद जिला कलेक्टर को रिपोर्ट पेश करने के निर्देश जारी किए। इसके अलावा घोड़ों के केयरटेकर सचिन तिवारी का ट्रैक रिकार्ड व घोड़ों को उपलब्ध कराये जा रहे उपचार व भोजन के संबंध में प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। केयरटेकर सचिन तिवारी को निर्देशित किया है कि जबलपुर लाए गए घोड़ों की संख्या व उद्देश्य के संबंध में शपथ पत्र पर पेश करें। इसके अलावा घोड़ों के रजिस्ट्रेशन व मेडिकल संबंधी दस्तावेज भी पेश करें।

जनहित याचिका में प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक जबलपुर, थाना प्रभारी पनागर, राज्य पशु कल्याण बोर्ड पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग विभाग,निदेशक पशुपालन पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग विभाग, पशु प्रकोप नियंत्रण उप निदेशक पशु चिकित्सा महाविद्यालय, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग विभाग, सचिन तिवारी, सुरेश पलाडागु एचपीएसएल स्पोर्ट्स लीजर प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स हिटनेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को अनावेदक बनाया गया था। हाई कोर्ट ने सभी अनावेदकों को हमदस्त नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



# बारिश के बाद मौसम में घुली ठंडक

**गर्मी से बेजार लोगों को मिली राहत**

**जबलपुर।** लंबे इंतजार के बाद मानसून ने दस्तक दी। गुरुवार की रात से मानसूनी बारिश प्रारंभ हुई रुक रुक कर होती रही। सुबह अच्छी बारिश होती रही फिर पानी की फुहारे चलती रही। दोपहर बाद बारिश थम गई। पिछले एक पखवाड़े से गर्मी की मार झेल रहे लोगों में राहत महसूस की। इस दौरान करीब पौन इंच वर्षा दर्ज की गई। बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया। ठण्डी तेज हवाओं के बाद बरसकर गर्मी की उमस से परेशान लोगों को सुकून पहुंचा दिया। मौसम ने गुरुवार की रात से करवट ली। एक दिन पहले ही मानसून के आगमन की मौसम विभाग ने घोषणा की थी। मानसून इस साल भी 19 जून को ही सक्रिय हुआ। बारिश के बाद नालियों की सफाई की कलई खुलती नजर आई। तंग बस्तियों में नालियां ओवरफ्लो हुई और घरों में पानी घुसा। मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसूनी बादलों ने बारिश का सिलसिला प्रारंभ कर दिया। जिले में सभी स्थानों पर कही तेज तो कही मध्यम वर्षा हुई। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान अनेक स्थानों पर वर्षा की संभावना है। थोड़ी देर की सही पर तेज बारिश से लोगों को बड़ा सुकून मिला। एक हल्ला तेज पानी गिरने के बाद देर शाम से हल्की-फुल्की बारिश होती रही। बारिश ने जहां लोगों को राहत दी तो वहीं बिजली गुल होने से लोगों को परेशान होना पड़ा। शाम के वक्त कई क्षेत्रों में घण्टों बिजली गुल रही। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 7 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 88 प्रतिशत और सायंकाल 78 प्रतिशत आंकी गई। वर्षा 16.5 मिमी दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 31.1 मिमी (लगभग सवा इंच) दर्ज की जा चुकी है। सूर्योदय सुबह 5.26 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.59 बजे हुआ। उत्तर पश्चिमी हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बारिश नहीं हुई थी। ०.२ मिमी दर्ज की गई थी, जबकि कुल वर्षा 9.6 मिमी हुई थी।

# सीमांकन के आधार पर गंगासागर के अतिक्रमण चिन्हित

**अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी, कार्रवाई शुरु**

**जबलपुर।**

गोरखपुर एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि गंगासागर तालाब का सीमांकन किया गया है, इसी के आधार पर अतिक्रमणों को चिन्हित कर उन्हें हटाने के लिए अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए है। यह जानकारी शुक्रवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच को दूरभाष पर हुई चर्चा के दौरान एसडीएम अनुराग सिंह ने प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि डॉ. पीजी नाजपांडे तथा डीआर लखेरा ने कलेक्टर को शिकायत की थी कि गंगासागर तालाब पर हो रही पुराई तथा अतिक्रमणों को हटाया जाए। उन्होंने हाईकोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया था, जिसमें महानद्दा तथा अन्य तालाबों पर हो रही पुराई तथा वहां हो रहे निर्माणों पर पूर्णतः रोक लगाई गई है।

### 30 जून को सुनवाई

महानद्दा, देवताल तथा सूरजताल के सिलसिले में डॉ पीजी नाजपांडे तथा डीआर लखेरा के याचिका पर कलेक्टर न्यायालय में 30 को सुनवाई तय की गई है। गंगासागर तालाब के मामलें पर भी दलीलें पेश कर गोरखपुर एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की प्रार्थना कलेक्टर न्यायालय में की जाएगी।

**विरोधी खेमे से तालमेल बनाकर जुगत भिड़ाने की तैयारी**

# संगठन सृजन अभियान को भी हाईजैक करने की कोशिश

**जबलपुर।**

कांग्रेस संगठन को एकजुट करने, संगठन में समन्वय स्थापित करने और नई लीडरशिप सामने लाने के लिये संगठन सृजन अभियान पार्टी द्वारा चलाया जा रहा है. जिसके अंतर्गत विधानसभावार बैठकों का दौर जारी है. इस अभियान के अंतर्गत कांग्रेस नया नगर, ग्रामीण अध्यक्ष ढूंढ रही है. केन्द्रीय एवं प्रदेश संगठन द्वारा तय किया गया पर्यवेक्षक सीधे कार्यकर्ता से संवाद कर रहे है, फिर रायशुमारी और इसी आधार पर नई स्थानीय लीडरशिप तय होना है. कांग्रेस का अभियान शानदार है, लेकिन जबलपुर के बड़े नेता अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिये इसमें भी लूप होल ढूंढने में कामयाब हो गये हैं. कहा यहां तक जाने लगा है की संगठन सृजन अभियान हाईजैक हो गया है. वर्चस्व वाले बड़े नेता अपने विरोधी खेमे के साथ समन्वय बैठाकर जोड़ तोड़ कर किसी तरह अपने ही पसंद के नाम को पद दिलाने की जुगत भिड़ा रहे है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 और 23 जून को जबलपुर शहर की विधानसभाओं में संगठन सृजन अभियान की बैठकें होना हैं.बैठकों में कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक गुरदीप सिंह सप्पल, प्रांतीय पर्यवेक्षक अजय सिंह 'राहुल', विधायक आर. के. डोगने और वरिष्ठ नेता पुष्पराज पटेल की उपस्थिति रहेगी। इन बैठकों में पर्यवेक्षकों के सामने कार्यकर्ता किसका नाम लेंगे किसका नहीं इसके लिये लाबिंग चल रही है. पहले ही कार्यकर्ताओं को उनके नेता यह समझा रहे हैं कि पर्यवेक्षकों के सामने क्या बोलना है और क्या नहीं बोलना है. हद यह है की एक विधानसभा के नेता दूसरी विधानसभा के अपने विरोधी नेता को पछाड़ने के लिये अन्य नेताओं के साथ गठजोड़ बना रहे हैं. कांग्रेस के स्थानीय संगठन में जिस तरह की चर्चाएं आम हैं. उसको देखकर यही लग रहा है की गुटबाजी के ग्रसित कांग्रेस में अनुशासन के लिये शुरु हुये संगठन सृजन अभियान को भी स्थानीय नेताओं ने गुटबाजी की भेंट चढ़ा दिया है.

### कल से होंगी बैठक

कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत जबलपुर शहर में कल 22 जून से विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठकों की शुरुआत होने जा रही है। कल 22 जून को जबलपुर पश्चिम विधानसभा की बैठक दोपहर 12 बजे भनोट हाउस, गोरखपुर में आयोजित की जाएगी। इसी दिन दोपहर 3 बजे कैंट विधानसभा की बैठक जे.के. सेलिब्रेशन, सदर में रखी गई है। शाम 6 बजे उत्तर विधानसभा की बैठक अग्रवाल बारात घर में होगी। 23 जून को पूर्व विधानसभा की बैठक दोपहर 12 बजे सामुदायिक भवन, ब्योहारबाग में आयोजित होगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के अनुसार निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# वीएफजे के पूर्व सीजीएम संजीव कुमार भोला 15 दिन में दिल्ली जाकर संभालेंगे पदभार

**हाई कोर्ट ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण का पूर्व अंतरित आदेश किया निरस्त**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन व न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल की युगलपीठ ने व्हीकल फैक्ट्री, जबलपुर के सीजीएम संजीव कुमार भोपाल के आर्मर्ड वीकल्स निगम लिमिटेड, नई दिल्ली किए गए स्थानांतरण के मामले में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जबलपुर द्वारा पारित पूर्व अंतरिम आदेश निरस्त कर दिया है। इसी के साथ उन्हें 15 दिन के भीतर नई दिल्ली जाकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कैट को भोला के प्रकरण में शीघ्र अंतिम आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। दरअसल, व्हीकल फैक्ट्री, जबलपुर में सीजीएम संजीव कुमार भोला को 21 मई, 2025 को केंद्र सरकार ने नई दिल्ली स्थानांतरित किया था। उन्होंने इस आदेश को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में चुनौती दी थी। कैट ने स्थानांतरण पर रोक लगाते हुए उन्हें पूर्व स्थिति में बहाल करने का निर्देश दिया था। इससे फैक्ट्री के कामकाज पर विपरीत असर पड़ रहा था। प्रवीण कुमार पहले ही सीजीएम का कार्यभार ग्रहण कर चुके थे। लिहाजा, कैट के अंतरिम आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई।

सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने कैट का अंतरिम आदेश निरस्त करते हुए संजीव कुमार भोला को 15 दिन में नई दिल्ली में ज्वाइन करने का निर्देश दिया। जब तक कैट मामले में अंतिम निर्णय नहीं ले लेता, उनके परिवार को जबलपुर में मिल रही सुविधाओं के साथ बने रहने की अनुमति दी गई है। हाई कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि संजीव कुमार के द्वारा कैट में दायर की गई याचिका को उनके विरुद्ध न माना जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि यह उनका वैधानिक अधिकार था। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण को निर्देश दिया गया कि वह 60 दिन में संजीव कुमार भोला के आवेदन पर विचार कर निर्णय ले। हाई कोर्ट ने कैट से हाई कोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना स्वतंत्र निर्णय लेने कहा है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया है कि स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाने के लिए दुर्भावना का कोई प्रमाण नहीं प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने यह भी कहा कि स्थानांतरण आदेश में हस्तक्षेप की न्यायिक सीमा सीमित होती है।

## कक्षा-5 में 79.63 और कक्षा-8 में 74.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुनः परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को भोपाल स्थित राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल पर घोषित कर दिया गया है।संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि, विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण उक्त परिणामों को राज्य शिक्षा केन्द्र के वेबपोर्टल www.rskmp.in/result.aspx पर अपना रोल नम्बर प्रविष्ट कर देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख को भी अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम देखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।कक्षा 5वीं और 8वीं परीक्षाओं का संचालन 2 जून से 9 जून 2025 के मध्य किया गया था।

# ननिज के सुहागी जोन में अवैध नल कनेक्शनों को काटने की हुई कार्रवाई

**हरिभूमि जबलपुर।**

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के आदेशानुसार जल विभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव के निर्देश पर आज संभाग क्रमांक 15 सुहागी के अंतर्गत जलविभाग द्वारा वार्ड क्रमांक 72 सप्तिऋषी नगर गली नम्बर 8 में निरीक्षण किया गया, जहाँ नागरिकों के द्वारा अवैध नल कनेक्शन कराये जा रहे थे। जिसपर जल विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए सभी अवैध नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। कार्यपालन यंत्री



कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब यह कार्रवाई वार्डो में लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान उपयंत्री केदार पटैल, पंकज पटैल एवं अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# लीज डीड के संबंध में कोई भी निर्णय लेने से पूर्व याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का अवसर देने के निर्देश

**आइटी पार्क, बरगी हिल्स में भूखंड आवंटन से जुड़ा मामला, एकपक्षीय आदेश को दी गई थी चुनौती**

**जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड का वह आदेश निरस्त कर दिया है, जिसके अंतर्गत याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का अवसर दिए बिना उनके विरुद्ध आदेश पारित कर दिया गया था। जस्टिस विशाल धगट की बेंच ने अपने आदेश में साफ किया है कि प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड लीज डीड को निरस्त करने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने से पूर्व याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान करेंगे। प्रबंध संचालक द्वारा अंतिम आदेश पारित किए जाने के बाद याचिकाकर्ता को अपील प्रस्तुत की स्वतंत्रता होगी।

याचिकाकर्ता शक्ति इंजीनियरिंग, जबलपुर के संचालक मनीष सिन्हा सहित अन्य की ओर से पक्ष रखा गया। अधिवक्ता अंशुमन सिंह ने दलील दी कि प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड ने नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के अनुरूप सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना ही आठ अगस्त, 2022 को याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध आदेश पारित कर दिया। इसीलिए अनुचित आदेश को याचिका के जरिए चुनौती दी गई है। एक अन्य याचिकाकर्ता टीवीएम कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वर्ष 2016 और 2019 की नीति के अनुसार भूखंड आवंटन के संबंध में दायर समान याचिका का हाई कोर्ट द्वारा निपटारा किया जा चुका है। उस मामले में भी आदेश पारित करने से पहले प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान नहीं किया गया था। लिहाजा, उसी की रोशन में वर्तमान याचिकाकर्ताओं के प्रकरण का भी निपटारा किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर मांग स्वीकार कर ली।

**वेटरनरी विश्वविद्यालय श्वान का सफल आपरेशन**

# श्वान के पेट से निकला 4.9 किलो का अंडकोष ट्यूमर

**जबलपुर।** वेटरनरी विश्वविद्यालय जबलपुर के पशु शल्य क्रिया विभाग के सर्जनों द्वारा एक श्वान की जीवनरक्षी शल्य क्रिया की गयी। गत सुबह चिकित्सालय में श्वान को तीन महीने से बढे हुए पेट, मल एवं मूत्र त्याग में परेशानी, पेशाब में पीलापन एवं काले मल की समस्या से पीड़ति होने की जानकारी सांझा की गयी, जिसके पश्चात चिकित्सकों द्वारा बिना किसी विलम्ब करते हुए आगे की जांच के लिए प्रस्तुत कराया गया। सोनोग्राफी एवं सी.टी. स्कैन परिक्षण में यह पाया गया कि श्वान के दोनों अंडकोष जन्मजात विकार के चलते 5 वर्षों से पेट में ही था, जो कि बड़े टूमर में रूपांतरित हो गया था। खून परिक्षण पर श्वान का हीमोग्लोबिन औसत से



अत्यधिक कम पाया गया। सभी हालातों को मद्देनज़र रखते हुए श्वान को आपातकालीन दो घंटे की जटिल शल्य क्रिया के पश्चात पेट से सफलता पूर्वक 4.9 किलो का अंडकोष का ट्यूमर निकाला गया ।

श्वान कि हालत नाजुक होने के कारण तत्काल रूप से इंटेंसिव थेरेपी शुरू कि गयी । शल्य क्रिया के पश्चात पुनः खून कि जांच में हीमोग्लोबिन अत्यधिक कम पाए जाने के कारण रक्त ट्रांसफ्यूजन प्रक्रिया डॉ. देवेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में की गयी। श्वान की हालत अब स्थिर है । उक्त शल्य क्रिया डॉ अपूर्वा मिश्रा, डॉ रणधीर सिंह, पीएचडी स्टूडेंट डॉ नेहा शर्मा एवं पीजी छात्र डॉ सोनल, डॉ कृष्णा,डॉ विधि, डॉ ईशान एवं डॉ ओम द्वारा डॉ अपरा शाही के निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण की गयी। उपरोक्त सर्जरी के लिए डीन वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर. के. शर्मा ने सर्जरी विभाग के स्टाफ सदस्यों को प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ मंदीप शर्मा ने सर्जरी की सराहना की और उन्होंने बताया की कि अस्पताल में ऐसे जटिल शल्यक्रियायो के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं ।

# वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम में शामिल हुये देश भर के 80 वेंडर्स

**जबलपुर।** गारमेंट क्लस्टर को सशक्त बनाने एवं स्थानीय उद्यमियों को राष्ट्रीय बाजार से के उद्देश्य से रेजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस (रेम्प) योजना के अंतर्गत शुक्रवार को राज्य शासन के एमएसएमई विभाग द्वारा एक दिवसीय वेंडर डिवेलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राइट टाउन स्थित होटल सत्य अशोका में आयोजित किये गये इस कार्यक्रम में देश की चार प्रमुख एंकर इंडस्ट्री तथा 80 से अधिक एमएसएमई वेंडर्स ने भाग लिया। महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष श्री रवि गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में गारमेंट क्लस्टर के अध्यक्ष दीपक जैन, जायमा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग जैन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक और संयुक्त संचालक जबलपुर जोन विनीत रजक भी मौजूद थे। कार्यक्रम में शामिल हुईं एंकर इंडस्ट्री इंदौर की अलकनंदा इंडस्ट्रीज, सांगानेर राजस्थान की सांगानेर हैंडब्लॉक प्रिंटिंग प्रोड्यूसिंग कंपनी, देहरादून जयपुर और पांडिचेरी की सुमित्रा एंटरप्राइजेज तथा जयपुर राजस्थान की राधिका फैब्रिक एंड फैशन इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने स्थानीय वेंडरों के साथ बायर-सेलर मीटिंग्स, वन-टू-वन एवं बिजनेस टू बिजनेस इंटरैक्शन के माध्यम से व्यापारिक संभावनाओं को मजबूती दी। इस अवसर पर गारमेंट क्लस्टर के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में स्थानीय उद्यमियों द्वारा निर्मित वस्त्रों, डिजाइनों एवं उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में क्षमता विकास सत्रों का आयोजन भी किया गया। इन सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा रेम्प योजना, मध्यप्रदेश एमएसएमई विकास नीति-2025, केन्द्र एवं राज्य की प्रमुख एमएसएमई योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा निर्यात तैयारी एवं वित्तीय सशक्तिकरण के अंतर्गत ईपीसी पंजीकरण, गुणवत्ता प्रमाणन, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग सहायता, एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, फिनटेक समाधान एवं जीरो इफेक्ट-जीरो डिफेक्ट प्रमाणन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

आमजन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जायेगा : राकेश सिंह

# विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के कई वार्डों में पहुंचकर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान त्रिपुरी वार्ड में रमनगरा रैन बसेरा नगर निगम और दुर्गा मंदिर के बीच से तालाब के पुलिया तक 19 लाख 67 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, चंदन कॉलोनी में अशोक दुबे के घर के सामने से वकील जी वी पटेल के घर के सामने एवं अमित विश्वकर्मा के घर से दुर्गा केवट के घर तक 57 लाख रुपए की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, गढ़ा वार्ड स्थित जनता होटल से हुकुम किराना तक 63 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाला निर्माण कार्य, शहीद गुलाब सिंह वार्ड में राहुल किराना के बाजू में 14.41 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, गिरिराज किशोर कपूर वार्ड में रमैया जी के घर से बंद वाले के



घर तक 7 लाख रुपए की राशि से सीसी रोड निर्माण एवं दादा बाबू राव परांजपे वार्ड के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, श्री अभय सिंह, श्री कौशल सूरी, श्री अनिल भाटिया, श्री शैलेन्द्र विश्वकर्मा सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, , एसडीएम अनुराग सिंह व तहसीलदार भरत सोनी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने त्रिपुरी वार्ड में साकार हिल्स कॉलोनी में 12 लाख रुपए की लागत से गार्डन की बाउंड्रीवाल, पेवर ब्लॉक, फिलिंग एवं लेवलिंग कार्य का लोकार्पण किया। मंत्री श्री सिंह ने गिरिराज किशोर कपूर वार्ड के अंतर्गत हाट बाजार से आकांक्षा अपार्टमेंट जाने वाले से सीसी सड़क निर्माण, सड़क के डामलीकरण कार्य, दादा बाबूराव परांजपे वार्ड के अंतर्गत मिलन कॉलोनी में 20.15 रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य, ग्वारीघाट वार्ड के अंतर्गत 75 लाख रुपए की लागत से सी सी सड़क निर्माण कार्य एवं सड़क डामलीकरण कार्यों का, गुप्तेश्वर वार्ड के अंतर्गत 56.81 लाख रूपए एवं जॉर्ज डिसिल्वा वार्ड के अंतर्गत 22.02 लाख रूपए की राशि से बी टी मार्ग के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत आज चौंतीस विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जा रहा है। पश्चिम विधानसभा में विकास कार्यों का जाल बिछ रहा है और आने वाले दो वर्षों में संपूर्ण विधानसभा का स्वरूप बदला हुआ दिखाई देगा। वर्तमान समय में पश्चिम विधानसभा में 1 हजार 700 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का संपादन किया जा रहा है। विकास कार्यों की यह श्रृंखला आगे भी निरंतर बढ़ती जाएगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या की सरयू नदी के तर्ज पर गौरीघाट में मां नर्मदा परिक्रमा पथ का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत लगभग 1 हजार 100 करोड़ रुपए की लागत से रोपवे का निर्माण कार्य, सड़कों के कलाकल्प, फ्लाईओवर का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से पश्चिम विधानसभा क्षेत्र आने वाले समय में विकास की धारा इसी प्रकार प्रवाहित होती रहेगी।

### मंत्री श्री सिंह ने किया पट्टों का वितरण

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने मदन महल के पास नागपाल गार्डन स्थित कार्यालय में आमजनों से भेंट की एवं पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत नजूल भूमि के 13 पट्टे वितरित किये। आबादी के पट्टे प्राप्त कर लोगों में खुशी की लहर दिखाई दी। मंत्री श्री सिंह से इस दौरान आमजनों ने स्थानीय समस्याओं जैसे सड़क, नाली, साफ-सफाई के संबंध में भी बताया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जायेगा।

पीओएस के बिना उर्वरक का विक्रय करने पर विक्रेता को नोटिस

# कृषि अधिकारियों ने किया शहपुरा डबल लॉक केंद्र का निरीक्षण



**जबलपुर।** जिले में इंडोरामा एवं कृषको कंपनी की रैक लगने के बाद जिले के सभी डबल लॉक केंद्रों में डीएपी उर्वरक का भंडारण हो चुका है। डीएपी वितरण व्यवस्था का जायजा लेने कृषि अधिकारियों ने शहपुरा स्थित डबल लॉक केंद्र का निरीक्षण किया। उप संचालक कृषि डॉ.एस के निगम के नेतृत्व में किये गये निरीक्षण में सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी शामिल थे। उप संचालक कृषि डा. निगम के अनुसार निरीक्षण में पाया गया कि अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा के निर्देशों के अनुरूप डबल लॉक केंद्र पर कृषकों को टोकन जारी करके डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। तहसीलदार शहपुरा रविन्द्र पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शहपुरा सुश्री मेघा अग्रवाल, कृषि विस्तार अधिकारी के के डेहरिया एवं गौतम यादव की उपस्थिति में सुचारू रूप से डीएपी का वितरण किया जा रहा था। उप संचालक कृषि ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किसानों द्वारा बेलखेड़ी में एक निजी विक्रय केंद्र पर अधिक दर पर डीएपी बेचे जाने की शिकायत की गई। किसानों की इस शिकायत पर विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल चौकसे फर्टिलाइजर्स बेलखेड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इस उर्वरक विक्रय केंद्र पर कुभको कंपनी के डीएपी 440 बैग पाये गये। जानकारी प्राप्त किये जाने पर ज्ञात हुआ कि चौकसे फर्टिलाइजर्स को 570 बैग डीएपी मिला था जो अभी पीओएस मशीन पर प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद 130 बैग डीएपी का विक्रय कर दिया गया। उप संचालक कृषि के अनुसार बिना पीओएस के डीएपी विक्रय किये जाने पर चौकसे फर्टिलाइजर्स को नोटिस जारी किया गया है। इस विक्रय केंद्र से डीएपी एवं एसएसपी के नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भी भेजे गये हैं। साथ ही केंद्र पर उपलब्ध बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक औषधियों के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि इस विक्रय केंद्र के उर्वरक 'ओ' फार्म की वैधता समाप्त हो चुकी थी। लेकिन विक्रेता द्वारा बिना इसका नवीनीकरण कराये डीएपी उर्वरक का विक्रय किया जा रहा था। इस कृत्य पर चौकसे फर्टिलाइजर्स को नोटिस जारी कर उर्वरक के विक्रय को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने किसानों से अपील की है कि कृषि आदान सामग्री की कालाबाजारी, अधिक दर पर विक्रय, बिना पीओएस मशीन अथवा पक्के बिल के उर्वरक के विक्रय की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना तत्काल कृषि अधिकारियों को दें, ताकि तत्काल कार्यवाही की जा सके। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को भी सभी डबल लॉक केंद्र खुले रखने के निर्देश जारी किये जा चुके हैं। साथ ही प्रत्येक डबल लॉक केंद्र में पीओएस मशीन बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं।

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से जुड़ा मामला

# हाई कोर्ट ने बिना विभागीय जांच इंक्रीमेंट रोकने पर मांगा जवाब

हरिभूमि जबलपुर।



हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने बिना विभागीय जांच इंक्रीमेंट रोके जाने के रवैये को चुनौती पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल, उप महाप्रबंधक राजीव गुप्ता सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं।

याचिकाकर्ता कार्यपालन अभियंता संदीप शाक्य की ओर से अधिवक्ता विजय राघव सिंह, पूनम सिंह, अजय नंदा व मनोज चतुर्वेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी तत्कालीन मुख्य अभियंता (चालू प्रभार) राजीव कुमार गुप्ता, ग्वालियर क्षेत्र में पदस्थ थे। उस दौरान उनके पक्षपातपूर्ण रवैये की आलोचना होती थी। उन्होंने कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ संदीप शाक्य को दुर्भावनापूर्वक कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके बाद बिना कोई विभागीय जांच और प्रतिउत्तर प्राप्त किए ही एक वेतन वृद्धि एक वर्ष के लिए रोक दी। इस कार्रवाई को सर्वोच्च न्यायलय द्वारा ओके भारद्वाज बनाम भारत संघ में प्रतिपादित विधि के सिद्धांत के विरुद्ध पाते हुए हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। दरअसल, राजीव गुप्ता के एक रिश्तेदार की दुकान परमानन्द स्वीट्स के नाम से है। उसके संचालक सुनील गुप्ता वल्द स्वर्गीय छोटे लाल गुप्ता द्वारा विद्युत मीटर से छेड़छाड़ करते हुए विद्युत चोरी की जा रही थी। याचिकाकर्ता जो उस समय शहर वृत्त में उप महाप्रबंधक (प्रवर्तन) के पद पर कार्यरत था। उसने विद्युत चोरी का प्रकरण सुनील गुप्ता वल्द स्वर्गीय छोटे लाल गुप्ता के विरुद्ध दर्ज किया। नियमानुसार कार्यवाही करते हुए रिकवरी निकल दी। उप महाप्रबंधक राजीव गुप्ता इस वजह से याचिकाकर्ता से खार खाने लगे और उसे नियमविरुद्ध तरीके से पहले आफलाइन कारण बताओ सुचना पत्र जारी कर दिया। इसके बाद मनमाने तरीके से बिना विभागीय जांच किए ही एक इन्क्रीमेंट रोकने का आदेश पारित कर दिया।

हाई कोर्ट का राहतकारी आदेश

## आइटीआई को एडमिशन काउंसिलिंग में शामिल करें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने दो आइटीआई को एडमिशन काउंसिलिंग में शामिल करने का राहतकारी आदेश पारित किया है। इसके अंतर्गत पोर्टल में नाम अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। सन प्राइवेट आइटीआई, छिंदवाड़ा व एक्सीलेंस प्राइवेट आइटीआई, भोपाल की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता आइटीआई को जुलाई, 2024 में डी-एफिलिएटिड किया गया था। जिसके विरुद्ध वे हाई कोर्ट चले आए था। हाई कोर्ट ने अंतरिम स्थगनादेश के जरिए डी-एफिलिएटिड करने के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद एडमिशन की काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया जा रहा है। ऐसा किया जाना नियमविरुद्ध है। इसीलिए नए सिरे से चुनौती दी गई है। दरअसल, अंतरिम स्थगनादेश के कारण दोनों आइटीआई एक्टिव आइटीआई की श्रेणी में आती हैं। लिहाजा, उनके छात्रों को दाखिले से वंचित नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत धनी की कुटिया के सामने एक अज्ञात कार ने एक स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी में सवार एक रिटायर्ड वृद्ध नीचे गिरकर घायल हो गया। वहीं कार वाला मौके से फरार हो गया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेडब्ल्यूएम से रिटायर्ड न्यूरामनगर निवासी 78 वर्षीय प्रभुनाथ सिंह गत शाम लगभग 7 बजे अपनी स्कूटी से अधारताल सब्जी मंडी आ रहा था, जैसे ही धनी की कुटिया के सामने पहुँचा, तभी एक अज्ञात कार चालक ने उसकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह स्कूटी सहित नीचे गिर गए और उनके हाथ, पैर, कंधा एवं शरीर में चोटें आ गई। वहीं अज्ञात कार चालक मौके से फरार हो गया। प्रभुनाथ के बेटे ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## रोटरी क्लब ने बांटी निर्धन महिलाओं को सिलाई मशीन



**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर बेस्ट द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित कर उनको परिवार चलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महिला शस्कतिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब लगातार गरीबों के लिए इस प्रकार के कार्य करते हुए आ रहा है आज करीब 6 ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उन्हें एक सादे समारोह में सिलाई मशीन वितरित कर उनके परिवार का पालन पोषण करने साधन मुहैया कराया गया। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि हमारा उद्देश्य सिर्फ मानवता के लिए कार्य करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष शैलेश सोनी,सचिव विवेक सोनी ने बताया कि क्लब के 50 वर्ष पूर्ण होने पर हम सभी ने यह नेक कार्य करने का फैसला किया था इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन राजा इन्दुरख्या, पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर सुनील बहल, दीपक सिंघई, मदन यादव, दीपक मिश्रा, बबलू चौबे, मनीष समैया, आदि मौजूद रहे।



## भेड़ाघाट की संगमरमर प्राकृतिक सुंदरता को नष्ट कर रहे रेत माफिया

**भेड़ाघाट।** विश्व विख्यात पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की संगमरमर की वादियों में प्राकृतिक सुंदरता निहारत ही बनता है किंतु रेत माफियाओं द्वारा सरस्वती घाट पर अवैध रेत खनन कर बोरियों में भर कर बेच रहे हैं। नागरिकों ने रेत चोरी के मामला भी दर्ज है खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की मिली भगत से अवैध रेत खनन हो रहा है और खनिज विभाग के अधिकारी प्राकृतिक सुंदरता को नष्ट करने पर उतारू तभी तो किसी प्रकार की कार्रवाई न कर अवैध खनन का कारोबार फल फूल रहा है तभी तो सारी हदों को पार कर नमामि देवी नर्मदे मार्ग को खोद कर बोरी में रेतभर कर बेच रहे हैं न्यायालय मैं चोरी को लेते हुए भेड़ाघाट टी आई से जवाब तलब भी किया गया था उसके बाद भी रेतखनन करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करें जिससे अवैध खनन को रोका जा सके। और प्राकृतिक सुंदरता को नष्ट होने से बचाया जा सके खनिज विभाग भी लंबी तान कर सो रहा है क्या।

हल करने विधायक बरकडे को सौंपा ज्ञापन

# पालीवाल कॉलोनी में पानी निकासी की समस्या

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।



सडक, बिजली, पानी निकासी सहित अनेक समस्याओं को लेकर विगत दिनों पालीवाल कालोनी के निवासियों ने सिहोरा विधायक संतोष बरकडे एंव नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे को ज्ञापन सौंपकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

विदित हो इस कॉलोनी में निवास करने वाले लोग लम्बे समय से उक्त समस्याओं को हल कराने की मांग लगातार करते आ रहे हैं पर उन्हें हमेशा आश्वासन ही मिलता रहा है।गत वर्ष हुई भीषण बारिश में इसके सहित अनेक कालोनी में पानी भर गया था तथा अनेक दिनों तक न तो लोग घरों से निकल पा रहे थे और न ही बच्चे स्कुल ही जा पाये। पालीवाल कॉलोनी में निवास करने वाले लोगों को डर सता रहा है कि इस बार फिर कहीं उनकी डूब क्षेत्र में न आ जाये इसलिए वे मानसून आने के पहले पानी निकासी सहित अन्य समस्याओं का हल चाह रहे हैं।

### वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित

सिहोरा खितौला के बीच हुई अवैध प्लाटिंग के खेल में पालीवाल,चर्च सहित अनेक कॉलोनी तो बन गई लेकिन यहां निवासरत लोग वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचति हैं। एक तरफ शासन अवैध कॉलोनी को वैध कर निवासियों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का दावा कर रही है वहीं वार्ड नंबर 12, 13 में निवासरत लोग जिम्मेदारों के चक्कर काटने विवश हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पैदल चलने लायक सडक भी कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों ने जन सहयोग से बनाई है।

### सर्विस लाइन खींचकर प्रकाश की व्यवस्था

विद्युत लाइन ना होने के कारण यहां निवासरत लोग एक-एक किमी दूर से सर्विस लाइन खींचकर अपने घरों को रोशन कर रहे हैं। जिसके - चलते अस्थाई कनेक्शन के कारण महंगे दामों पर बिजली खरीदने के - बाद भी उन्हें गुणवत्तायुक्त विद्युत प्राप्त नहीं हो रही है। अति वर्षा के दौरान गत वर्ष सालेम स्कूल के पीछे की बसाहट सहित पालीवाल कॉलोनी जलमग्न हो गई थी और वाशिंदे सात-आठ दिनों के लिए घरों में कैद हो गए थे। तब विधायक बरकड़े ने ट्रैक्टर में बैठकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए समस्या के निदान का आश्वासन दिया था।विधायक को समस्या का निदान करने सौंपे गये ज्ञापन में कॉलोनी के रवि दुबे,मथुरा उपाध्याय,नीरज शर्मा,रवि सोनी, प्रदोष दुबे,अरविंद चक्रवर्ती,आकाश ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सूने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवर सहित 40 हजार नगदी पार

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत आमाखोह में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लगभग 3 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 40 हजार रुपए चोरी कर ले गए। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आमाखोह निवासी 25 वर्षीय ड्रायवर निशांत उर्फ मोंटी साहू गत 6 जून को सुबह लगभग 10 बजे जबलपुर शहर गया था। उसके घर में उसकी मां, बहन और बहनोई रहते है। गत दिवस उसकी मां आंगनबाड़ी केंद्र आमाखोह, बहन मनु साहू अपने बच्चें की दवाई कराने बरेला और जीजा ब्रजेश कुमार साहू घर पर ताला लगाकर कृषि उपज मंडी गए थे। मां सुनीता बाई दोपहर लगभग 2 बजे घर आई तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखी तो रूम में रखी स्टील की आलमारी खुली थी लॉकर का ताला टूटा था। लॉकर में रखे सोने का लाकेट, 1 हार, झुमकी एक जोड़ी, 2 मंगलसूत्र, 1 पांचाली, चांदी की एक जोड़ी पायल, 1 कमरबंद, 4 हाय चंद्रमा, 2 जोड़ी बच्चों की पायल तथा नगदी 40 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात कारणों से युवक की मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गोकलपुर रांझी में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बबलू चिकिन होटल गोकलपुर रांझी निवासी अब्बू सिंह को गत दिवस शाम लगभग 7 बजे एंबुलेंस क्रमांक सीजी 04 एनव्ही 6625 से शैलेंद्र सिंह द्वारा विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान शुक्रवार की सुबह अब्बू सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## अज्ञात बाईक सवारों ने युवक का पर्स और मोबाईल लूटा

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत पाटन वायपास रोड लुटेरों का एक केंद्र बिंदु बन गया है। यहां लगातार तीसरी, चौथी लूट की वारदात हुई। पाटन बायपास से दीनदयाल बस स्टेण्ड पैदल आ रहे एक छात्र को बाईक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने रोका और उसका मोबाइल और पर्स लूट कर ले गए। पर्स में 4 हजार 500 रूपये, एटीएम, आधारकार्ड, पेन कार्ड, आदि दस्तावेज रखे हुए है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश नगर काटोल रोड नागपुर थाना गिट्टी खदान नागपुर निवासी 22 वर्षीय पीयूष मिश्रा जबलपुर में पंडित लोकनाथ संस्कृत महाविद्यालय दमोहनाका में शास्त्री संस्कृत की पढ़ाई करता है। गत दिवस वह अपने घर नागपुर से सतना जाने वाली बस में बैठकर जबलपुर आया था। पाटन वायपास से गत रात लगभग 3.30 बजे बस पहुँची तो वह बस से उतरकर पाटन वायपास से जबलपुर दीनदयाल बस स्टेण्ड की ओर पैदल जा रहा था तभी पीछे से मोटर सायकल में अज्ञात तीन युवक आये जिनमें से पीछे बैठे दो युवकों में से एक ने उसके हाथ में रखा ओप्पो कम्पनी का मोबाइल तथा दूसरे ने पेंट के पीछे के जेब में रखा हुआ पर्स लूटकर तिलवारा की ओर भाग गए। पर्स में 4 हजार 500 रूपये, एटीएम, आधारकार्ड, पेन कार्ड, आदि दस्तावेज रखे हुए है। पुलिस ने अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 433/25 धारा 304 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



बदमाशों ने रंजिश के चलते फायर कर हाईवा में आग लगाई

## हवाई फायर से घबराए युवकों ने नदी में कूदकर जान बचाई

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत नवीन चरगवां घाट में व्यवसायिक रंजिश के चलते दो बदमाशों ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले हवाई फायर किए फिर पेट्रोल डालकर एक हाईवा में आग लगा दी, जिससे हाईवा जलकर खाक हो गया। हमले से घबराए लोग चरगवां घाट से कूदकर दूसरे घाट तैरकर भागे और अपनी जान बचाई।

बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेती किसानी एवं रेत गिट्टी परिवहन का काम करने वाले ग्राम नीमखेड़ा निवासी 32 वर्षीय वीरेंद्र पटेल की अमित लोधी और देवी सिंह लोधी से व्यवसायिक रंजिश चल रही थी। दरअसल वीरेंद्र ने एक हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 5899 वर्ष 2017 में खरीदा था। जिसे उसने नीमखेड़ा शहपुरा खदान में रज्जू लोधी एवं हरनाम सिंह पटेल के कहने पर अपना हाईवा गत 29 मई को नवीन चरगवां घाट थाना बेलखेड़ा में रेत के परिवहन करने के लिये लगा रखा था। त 4 जून को रेत का काम करने पर गत 12 जून की रात लगभग 11.30 बजे वीरेंद्र, लखन मल्लाह, रोहित मल्लाह के साथ बाईक से नवीन चरगवां घाट गये थे जहां उसके हाईवा को नीमखेड़ा निवासी ड्रायवर लक्ष्मण बर्मन कुछ देर बाद चलाकर लाया था। गत 13 जून की रात लगभग 12.15 बजे वीरेंद्र अपने दोस्तों के साथ नवीन घाट के पास था तभी दो गाड़ी एक स्कार्पियो और एक कार में अमित लोधी और देवी सिंह लोधी अपने अन्य साथियों के साथ आया और दोनों ने पिस्टल से हवाई फायर कर दिए वही उनके अन्य साथी ने उसकी हाईवा के कांच तोड़कर उसमें पेट्रोल डालकर आग लगा दी। डर के कारण वीरेंद्र, लखन मल्लाह, रोहित मल्लाह और ड्रायवर लक्ष्मण बर्मन नर्मदा नदी में तैरते हुये घाट से दूसरे घाट तरफ चले गये थे। आरोपियों के जाने के बाद तैरकर अपने हाईवा के पास आये तब तक हाईवा जलकर खाक हो गया था आग लगने से वीरेंद्र को लगभग 26 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 326(एफ), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




**श्रीमती बलवीर कौर कलसी-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री गुरमुख सिंह कलसी की धर्मपत्नी श्रीमती बलवीर कौर कलसी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला शर्मा-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री अरूण शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला शर्मा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रवती विश्वकर्मा-** बिहारी नगर सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सत्येंद्र विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती विश्वकर्मा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिलीप कुमार कुरील-** गोरखपुर पीपल मोहल्ला निवासी श्री दिलीप कुमार कुरील (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भारत लाल साहू-** इंद्रा बस्ती प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री भारत लाल साहू (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विमला बाई साहू-** भोला नगर कृषि उपज मंडी के पास निवासी श्री बुद्धू लाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अर्चना त्रिवेदी-** मिलौनीगंज सब्बी मंडी के पास निवासी श्री ज्योति प्रकाश त्रिवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना त्रिवेदी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. शिवानी नामदेव-** गली नं. 18, सदर निवासी श्री नंद किशोर नामदेव की पुत्री कु. शिवानी नामदेव (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में विगत दिवस संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 8x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 86.59 पर बंद



**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने से शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 86.59 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत प्रदर्शन और एफआईआई लिवाली ने स्थानीय मुद्रा को और समर्थन दिया।

### एचडीबी फाइनेंशियल का आईपीओ 25 जून को खुलेगा




**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी इकाई एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने 12,500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 700-740 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज का आईपीओ 25 जून को खुलेगा और 27 जून को संपन्न होगा।

### बजाज मार्केट्स ने थामा ओएनडीसी नेटवर्क का हाथ




**नई दिल्ली।** वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं के एक डिजिटल मंच बजाज मार्केट्स ने बृहस्पतिवार को ''ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स'' (ओएनडीसी) के साथ अपने एकीकरण की घोषणा की। इस कदम से बजाज मार्केट्स ऐप और इसकी वेबसाइट पर इसके ग्राहकों के लिए सरकारी ई-कॉमर्स मंच ओएनडीसी सुलभ हो गया।

### एमएंडएस कर रही साइबर उल्लंघन की पड़ताल



**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने कहा कि मार्क्स एंड स्पेंसर इसी साल हुई साइबर सेंध की घटना की जांच कर रही है। टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी जांच के दायरे से बाहर है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों के सवालों इसके स्वतंत्र निदेशक केकी मिस्त्री ने कहा कि कंपनी के किसी भी तंत्र से समझौता नहीं किया गया था।

### इनोव 8 ने कंपनी में तीन फीसदी हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** ओयो के स्वामित्व वाली सह-कार्य कंपनी इनोव8 ने कारोबार का विस्तार करने के लिए कंपनी में तीन प्रतिशत हिस्सेदारी 1,000 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर निवेशकों को बेच दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेमंड फैमिली ऑफिस प्रमुख निवेशक के रूप में उभरा है, जिसने लगभग दो प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है।

### संभव स्टील ट्यूब्स का आईपीओ 25 जून को खुलेगा




**नई दिल्ली।** संभव स्टील ट्यूब्स ने अपने 540 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 77-82 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीओ 25 जून को खुलेगा और 27 जून को संपन्न होगा। यह आईपीओ 440 करोड़ रुपये के नए शेयर और 100 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

# अहमदाबाद हादसे के बाद एयर इंडिया की बुकिंग 20 प्रतिशत घटी

**एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली**

पिछले सप्ताह विमान दुर्घटना के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया की उड़ानों की बुकिंग में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान एयरलाइन के औसत किराए में आठ से 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछे जाने पर कुछ भी कहने से मना कर दिया। पिछले सप्ताह 12 जून को 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। शहर के मेघाणीनगर क्षेत्र में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान एक मेडिकल कॉलेज परिसर पर गिर गया।

## किराए में आठ से 15 प्रतिशत की गिरावट आई, अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में लगभग 18-22 प्रतिशत की कमी आई

### हादसे का बुकिंग पर असर पड़ा

विमान में सवार एक व्यक्ति को छोड़कर सभी की मौत हो गई, जबकि जमीन पर मौजूद लगभग 29 लोगों की भी मौत हो गई। गोसाईं ने कहा, "इस हादसे के बाद हमने बुकिंग में, खासकर अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में अस्थायी गिरावट देखी है।




### समय के साथ सब चीजें ठीक हो जाती है

हालांकि, सटीक प्रतिशत मार्ग के अनुसार अलग-अलग है, लेकिन हमारे अनुमानों से पता चलता है कि अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में लगभग 18-22 प्रतिशत की गिरावट आई है और तत्काल बाद घरेलू स्तर पर 10-12 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, यह एक अल्पकालिक धारणा आधारित प्रतिक्रिया लग रही है, क्योंकि आम तौर पर समय के साथ चीजें ठीक हो जाती है।"

### इंडिगो व अकासा के बीच प्राइस वार जारी

आईएटीओ अध्यक्ष ने बताया कि एयर इंडिया के प्रमुख मार्गों पर किराए में मामूली समायोजन किया गया है। उन्होंने कहा, "औसतन, घरेलू क्षेत्रों में टिकट की कीमतों में आठ से 12 प्रतिशत की कमी आई है, जहां एयरलाइन सीधे इंडिगो और अकासा जैसी किफायती कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करती है।

### यात्रियों ने वैकल्पिक वाहनों को चुना

अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर, विशेष रूप से यूरोप और दक्षिण पूर्व एशिया के लिए, किराए में 10-15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।" यह पूछे जाने पर कि क्या यात्रा संचालकों के माध्यम से बुक की गई एयर इंडिया की उड़ानों के लिए यात्रियों ने टिकट रद्द किए हैं, आईएटीओ अध्यक्ष ने कहा, "हां, हमने रद्दीकरण में, विशेष रूप से कॉरपोरेट और उच्च श्रेणी के छुट्टियां मनाने वाले यात्रियों द्वारा उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, जिन्होंने वैकल्पिक वाहकों को चुना है।"

### टिकट रद्द कराने के मामले बढ़े

अध्यक्ष ने बताया कि पिछले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टिकट रद्द कराने के मामले में में 15-18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और घरेलू स्तर पर आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि, आने वाले दिनों में यह प्रवृत्ति सामान्य हो सकती है क्योंकि कोई प्रणालीगत सुरक्षा मुद्दा सामने नहीं आया है और डीजीसीए जैसे प्राधिकरण एयर इंडिया के अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के अनुपालन की पुष्टि करते हैं।

## घरेलू शेयर बाजारों में पिछले तीन दिनों से गिरावट जारी थी

# शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 1,046 अंक उछला, निफ्टी फिर 25,000 के पार

**एजेंसी ▸▸| मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी के चलते शुक्रवार को बाजार में तेजी आई।

**निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया**

निवेशकों ने एक दिन में 4.8 लाख करोड़ रुपए कमाए। कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से बड़े पैमाने पर सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों को समर्थन मिला।

## भारी तेजी से निवेशक मालामाल, एक दिन में 4.8 कमाए

### बीएसई सूचकांक 1046 अंक उछला

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,046.30 अंक उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक बढ़कर 82,494.49 पर पहुंच गया था। निफ्टी 319.15 अंक चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ।

### बीएसई के 2463 शेयरो में रही तेजी

बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,484 शेयरों में गिरावट आई और 147 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1,289.57 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59 प्रतिशत चढ़ा।



### बाजार में तनाव कम होने से हुआ सुधार

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत होने की उम्मीद के कारण पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और तत्काल सैन्य कार्रवाई का जोखिम कम होने से शेयर बाजार में तेजी आई। इस घटनाक्रम के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ, जिससे घरेलू बाजारों को लाभ मिला और विदेशी निवेशकों की धारण मजबूत हुई।''

### बाजार के धारणा में आया सुधार

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''ईरान-इजराइल संघर्ष में नरमी आने के संकेत मिलने वाली खबरों के बाद बाजार की धारणा में सुधार हुआ। अमेरिका ने किसी कार्रवाई में देरी का संकेत दिया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें घटीं। इसके अलावा, एफआईआई की लगातार खरीदारी ने बाजार और समर्थन दिया।''

### चीन के बाजार शंघाई में रहा नुकसान

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार में बढ़त का रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.93 प्रतिशत गिरकर 77.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### निवेशकों ने एक दिन पहले 84 लाख के शेयर खरीदे थे

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 934.62 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 605.97 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की लिवाली की। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 82.79 अंक नुकसान में रहा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 18.80 अंक की गिरावट आई थी।

# चांदी 2000 रुपए फिसली और सोना 600 रुपए टूटा



- सोना फिसलकर 99,960 रुपए प्रति 10 ग्राम पर
- चांदी लुढ़कर 1,05,200 रुपए प्रति किलोग्राम

**एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली**

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 99,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,560 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 550 रुपये टूटकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रहा। बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 2,000 रुपये लुढ़क कर 1,05,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही।

### घाटे की भरपाई के लिए

कलंत्री ने कहा, ''यह गिरावट तब आई जब निवेशकों ने इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अन्य जगहों पर घाटे की भरपाई के लिए सर्राफा में अपने सौदों का निपटान किया।'' कलंत्री ने कहा कि बैंक ऑफ इंग्लैंड ने भी बृहस्पतिवार को अपनी मौद्रिक नीति बैठकों में ब्याज दर स्थिर रखीं, जिससे कीमती धातुओं की बढ़त सीमित रही।

### अमेरिका ने सोने पर दबाव बनाये रखा

ईरान-इजराइल संघर्ष में अमेरिका की ओर से किसी भी तरह की कमी या गैर-भागीदारी के संकेत सोने पर दबाव बनाए रख सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''दूसरी ओर, नए सिरे से तनाव बढ़ने से कीमतों को समर्थन मिलेगा।''

# एडीबी, विश्व बैंक बांग्लादेश को 1.5 अरब डॉलर का कर्ज देंगे

## कर्ज बैंकिंग क्षेत्र में सुधार और अन्य परियोजनाओं के लिए

**एजेंसी ▸▸| ढाका**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक ने बांग्लादेश को अपने बैंकिंग क्षेत्र में सुधार, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और अन्य परियोजनाओं में मदद के लिए 1.5 अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। शुक्रवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

समाचार पत्र 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, एडीबी ने 90 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है, जिसमें से 50 करोड़ डॉलर देश के बैंकिंग क्षेत्र में सुधार लाने और उसे मजबूत बनाने के प्रयासों का समर्थन करेंगे, जबकि शेष 40 करोड़ डॉलर जलवायु परिवर्तन की चुनातियों से निपटने और समावेशी विकास पहल को बढ़ावा देंगे।

एडीबी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में




कहा कि 50 करोड़ डॉलर के नीति-आधारित ऋण का उद्देश्य बांग्लादेश की बैंकिंग प्रणाली में संचालन और परिसंपत्ति की गुणवत्ता को मजबूत करना है। इसके अलावा, एडीबी ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, समावेशी विकास कार्यक्रम (सीआरआईडीपी) के दूसरे चरण के लिए 40 करोड़ डॉलर के ऋण को भी मंजूरी दी। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश के प्रयासों का समर्थन करना है।

### विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम होगा

बृहस्पतिवार को ही विश्व बैंक ने बांग्लादेश में गैस आपूर्ति बढ़ाने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से दो परियोजनाओं के लिए 64 करोड़ डॉलर की मंजूरी दी। एडीबी और विश्व बैंक की मंजूरी के साथ, बांग्लादेश को 1.5 अरब डॉलर से अधिक की राशि प्राप्त होगी। इससे बांग्लादेश के विदेशी मुद्रा भंडार पर जारी दबाव कम होगा।

### सरकार ने आयातित सोने पर अंकुश लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश के भीतर तरल रूप में सोने के अवैध प्रवाह को रोकने के मकसद से कुछ कोलाइडल बहुमूल्य धातुओं के आयात पर अंकुश लगा दिया है। कोलाइडल बहुमूल्य धातुएं तरल रूप में फैले सोने या चांदी के नैनो कणों का विलयन होती हैं। एक अधिकारी ने कहा कि रासायनिक यौगिकों की आड़ में सोने के आयात को विनियमित करने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था। उद्योग विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ आयातक थाईलैंड जैसे देशों से आयात के लिए इस तरीके का इस्तेमाल कर रहे थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, "सीटीएच 2843 श्रेणी के तहत आने वाली वस्तुओं की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 'मुक्त' से संशोधित कर 'अंकुश' किया जाता है। इस श्रेणी में आने वाले उत्पादों में कोलाइडल कीमती धातुएं, कीमती धातुओं के अकार्बनिक या कार्बनिक यौगिक शामिल हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 2.29 अरब डॉलर की वृद्धि

## भंडार बढ़कर हुआ 698.95 अरब डॉलर पर

**एजेंसी ▸▸| मुंबई**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 13 जून को समाप्त सप्ताह में 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 698.95 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले छह जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, छह जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.74 अरब डॉलर बढ़कर 589.43 अरब डॉलर हो गईं।



डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 42.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 86.32 अरब डॉलर हो गया।

### भारत का आरक्षित भंडार भी बढ़ा

रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.76 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.45 अरब डॉलर हो गया।

## सेंधा नमक की खास किस्म के निर्यात पर भारत ने रोक लगाई

# सेंधा नमक के लिए नए बाजार तलाश रहा पाकिस्तान

**एजेंसी ▸▸| कराची**

सेंधा नमक की खास किस्म 'हिमालयन पिंक सॉल्ट' के निर्यात पर भारत में रोक लगाए जाने के बाद से पाकिस्तान के स्थानीय कारोबारियों ने अब नए बाजार तलाशने शुरू कर दिए हैं।

- पहलगांव आतंक के बाद भारत ने पाक से व्यापारिक संबंध तोड़े डाले

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से व्यापारिक संबंध पूरी तरह तोड़ दिए हैं। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। पाकिस्तान इस खास किस्म के सेंधा नमक के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों और निर्यातकों में से एक है।

### सेंधा नमक के निर्यातकों को झटका लगा

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद लगे व्यापार प्रतिबंधों से इस सेंधा नमक के निर्यातकों को झटका लगा है, जिसकी भारत में काफी मांग है। सेंधा नमक और उससे जुड़े उत्पादों की निर्यातक गनी इंटरनेशनल के वरिष्ठ निदेशक मंसूर अहमद ने कहा, "भारत पाकिस्तान से इस सेंधा नमक का सबसे बड़ा आयातक रहा है। प्रतिबंध का मतलब है कि उस देश को कोई निर्यात नहीं हो रहा है।''



### पाक ने 12 करोड़ डॉलर का किया था निर्यात

पंजाब प्रांत में स्थित खेवड़ा में पाकिस्तान की सबसे बड़ी सेंधा नमक की खदान है और इसमें 30 प्रसंस्करण इकाइयां हैं। पाकिस्तान ने वर्ष 2024 में कुल 3,50,000 टन सेंधा नमक का निर्यात किया था जिसकी अनुमानित कीमत 12 करोड़ डॉलर है।

### भारत वर्षों से कच्चा सेंधा नमक आयात करता रहा

मंसूर ने दावा किया, ''कई वर्षों से भारतीय आयातक पाकिस्तान से कच्चा सेंधा नमक आयात करते रहे हैं और फिर इसका प्रसंस्करण एवं पैकिंग करके ऊंची कीमतों पर भारतीय उत्पाद के रूप में अन्य देशों में बेचा/निर्यात किया जाता है।'' उन्होंने कहा कि भारत, पाकिस्तान और चीन के साथ नमक के शीर्ष तीन निर्यातकों में शामिल है।

### पाक ही हिमालयी सेंधा नमक का उत्पादन करता है

केवल पाकिस्तान ही हिमालयी सेंधा नमक का उत्पादन करता है, भारत या चीन नहीं। हालांकि, पाकिस्तान के निर्यातक इस प्रतिबंध से चिंतित नहीं हैं, क्योंकि इसमें उन्हें उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है। पाकिस्तान नमक विनिर्माता संघ (एसएमएपी) की प्रमुख साइमा अख्तर ने कहा कि पाकिस्तान के सेंधा नमक की पहले से ही विश्व स्तर पर भारी मांग है, क्योंकि इसके स्वास्थ्य को कई तरह के लाभ होते हैं।'

### चीन को 136.4 करोड़ किलो नमक निर्यात

जावेद ने कहा कि मार्च तिमाही में 18.3 लाख डॉलर मूल्य का लगभग 136.4 करोड़ किलोग्राम नमक चीन को निर्यात किया गया, जो 2024 की इसी अवधि के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा, ''हम अब अमेरिका, वियतनाम, चीन, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, तुर्किये, नीदरलैंड, इटली, ब्रिटेन, जर्मनी, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, जापान, सिंगापुर, चिली, दक्षिण अफ्रीका, रूस को निर्यात बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ये सभी सेंधा नमक के प्रमुख आयातक हैं।''

# पश्चिम एशिया तनाव का भारतीय कंपनियों पर प्रभाव कम :क्रिसिल

**एजेंसी ▸▸| कोलकाता**

साख तय करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का फिलहाल भारतीय कंपनियों के वैश्विक व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ा है।

क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि अगर अनिश्चितताएं बढ़ती हैं, तो कुछ क्षेत्रों पर इसका असर पड़ सकता है। अनिश्चितताओं ने वैश्विक कच्चे तेल के बाजारों को प्रभावित किया है। पिछले एक सप्ताह में ब्रेंट क्रूड 73 से 76 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहा है। अप्रैल और मई के दौरान, ब्रेंट क्रूड 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में




और उछाल आ सकता है। इससे तेल उत्पादक कंपनियों को फायदा होगा और रिफाइनरी कंपनियों के मार्जिन में कमी आएगी।

क्रिसिल ने कहा कि संघर्ष में शामिल दो देशों... इजराइल और ईरान के साथ भारत का सीधा व्यापार कुल व्यापार का एक प्रतिशत से भी कम है। ईरान को भारत का मुख्य निर्यात बासमती चावल है, जबकि इजराइल के साथ व्यापार अधिक विविधतापूर्ण है।


### ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में आ सकती है बाधा

पश्चिम एशिया में अनिश्चितताओं के बढ़ने से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान आने की संभावना है। विशेष रसायन, पेंट, विमानन और टायर जैसे कुछ अन्य क्षेत्र इसका प्रभाव महसूस कर सकते हैं।

## चिंतन

# स्वास्थ्य जागरूकता का वैश्विक अभियान योग

आज दुनिया योगमय होगी। संयुक्त राष्ट्र में विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। भारत ने जब 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में वकालत की थी, तब से अब तक योग दिवस एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव व स्वास्थ्य जागरूकता का वैश्विक अभियान बन चुका है। पहला योग दिवस वर्ष 2015 में मनाया गया था। दुनिया ने खुले मन से भारत के योग को अपनाया और अच्छे स्वास्थ्य में योग के योगदान को समझा। भारत 191 देशों में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस अवसर पर शनिवार को विश्वभर के 1,300 से अधिक स्थानों पर 2,000 से अधिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों से देश की प्राचीन परंपरा और सौम्य ताकत को प्रदर्शित किया जाएगा। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अनुसार, पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग भी इस अवसर पर इस्लामाबाद में योग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। आईसीसीआर 'योग बंधन' नामक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है, जिनमें ब्राजील, अर्जेंटीना, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया सहित 15 देशों के 17 योग गुरुओं और प्रशिक्षकों की भागीदारी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में होगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) भी देशभर में 81 स्मारक स्थलों पर योग सत्र आयोजित करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद के निकट प्रतिष्ठित बावड़ी 'अडालज वाव' में आयोजित कार्य्रकम में शामिल होंगे। 21 जून को सभी एएसआई स्थलों पर जनता के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। हजारों प्रतिभागी ऐतिहासिक स्थलों जैसे पुराना किला (दिल्ली), गोल गुम्बज (कर्नाटक), कोणार्क सूर्य मंदिर (ओडिशा), चित्तौड़गढ़ किला (राजस्थान), एलीफेंटा गुफाएं (महाराष्ट्र) और एएसआई के 76 अन्य स्थलों पर योग का अभ्यास करने के लिए एकत्रित होंगे। संस्कृति मंत्रालय आज देशभर में 100 प्रसिद्ध स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्र आयोजित करेगा, जिनमें यूनेस्को के कुछ विरासत स्थल भी शामिल हैं। यूनेस्को के जिन विश्व धरोहर स्थलों में योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, उनमें चराईदेव मोइदम (असम), रानी की वाव और धोलावीरा (गुजरात), हम्पी और पट्टाडकल (कर्नाटक), खजुराहो स्मारक समूह और सांची स्तूप (मध्य प्रदेश), कोणार्क का सूर्य मंदिर (ओडिशा), एलीफेंटा गुफाएं (महाराष्ट्र) और तंजावुर का बृहदीश्वर मंदिर (तमिलनाडु) शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, प्रमुख सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थल जैसे गोलकुंडा किला और सालारजंग संग्रहालय (हैदराबाद), हुमायूं का मकबरा, पुराना किला और सफदरजंग मकबरा (दिल्ली), जलियांवाला बाग (पंजाब), चित्तौड़गढ़ और कुंभलगढ़ किले (राजस्थान), लेह पैलेस (लद्दाख), परी महल (श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर), बेकल किला (केरल), और हजारद्वारी तथा कूच बिहार पैलेस (पश्चिम बंगाल) जैसे अन्य स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। कोरोना के बाद योग ने लोगों को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाई है। आज योग लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा है। देश के अनेक योग मनीषियों ने इसे आम लोगों तक ले जाने में अहम भूमिका निभाई है। आज हम योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें।



योग दिवस
अखिलेश आर्येन्दु

# योग ने सिखाया जीने का तरीका

> वैदिक दर्शन के सबसे महत्वपूर्ण, उपयोगी और सर्वहितकारी हिस्से के रूप में योगासन, ध्यान, ज्ञान और अध्यात्म-विज्ञान बताया गया है। शास्त्रकारों के मुताबिक योग ऐसी जीवन-क्रिया व पद्धति है जिसका महत्व और उपयोग जाग्रत अवस्था में तो है ही, नींद और समाधि लगाने के समय भी है। सेहतमंद रहने का इससे बेहतर उपाय दूसरा कोई नहीं है। ऋषि पतंजलि ने इसे वेद से निकालकर योगदर्शन के जरिए इसका विस्तार किया और इसे सर्वसुलभ, सर्वहितकारी, सर्वगुणात्मक और परम व्यावहारिक बना दिया। शरीर की सारी क्रियाएं और जीवन-व्यवहार पूरी तरह संतुलित होता है, वह व्यक्ति सेहतमंद है और जो सेहतमंद है वही सुखी है।

आज योग दिवस दुनियाभर में मनाया जा रहा है। बेहतर सेहत, सुख, शांति और मूल्यपरक जिंदगी जीने का तरीका योग के जरिए ही सीखा जा सकता है। यही वजह है कि 21वीं शताब्दी में बेहतर सेहत, वैचारिक शांति और मन में शांति की सुलभता के मद्देनजर योगासन और ध्यान की पद्धतियों, इसकी उपयोगिता और फायदे को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होती आई है। वैदिक दर्शन के सबसे महत्वपूर्ण, उपयोगी और सर्वहितकारी हिस्से के रूप में योगासन, ध्यान, ज्ञान और अध्यात्म-विज्ञान बताया गया है। शास्त्रकारों के मुताबिक योग ऐसी जीवन-क्रिया व पद्धति है जिसका महत्व और उपयोग जाग्रत अवस्था में तो है ही, नींद और समाधि लगाने के समय भी है। सेहतमंद रहने का इससे बेहतर उपाय दूसरा कोई नहीं है। ऋषि पतंजलि ने इसे वेद से निकालकर योगदर्शन के जरिए इसका विस्तार किया और इसे सर्वसुलभ, सर्वहितकारी, सर्वगुणात्मक और परम व्यावहारिक बना दिया। अक्षरों को शब्दों में और शब्दों को श्लोकों के माध्यम से जन-जन को उपलब्ध कराकर शरीर, मन, प्राण, आत्मा और चेतना को पवित्र, शक्तिशाली, निरोग और जाग्रत कर दिया। वैदिक ऋषि परम्परा में मानव जीवन की पूर्णतः के लिए जो चार पुरुषार्थ बताए गये हैं उनमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष हैं।

अष्टांग योग के जरिए इन चारों पुरुषार्थों को जिंदगी का हिस्सा बनाकर जीवन को पूर्णता दिलाई जा सकती है। ये चारों पुरुषार्थ वैदिक धर्म ग्रंथों में वर्णित हैं, लेकिन दूसरे मजहबी किताबों में इसे अलग तरह से समझाया गया गया है। इसलिए विश्व ने जब 21 जून 2015 को योग दिवस मनाना शुरू किया तो उसे कोई विशेष समस्या नहीं हुई। क्योंकि योगासन शरीर, मन और आत्मा के सेहतमंद होने का सूत्र, विधि और क्रिया हर व्यक्ति के लिए फायदेमंद और उपयोगी लगी। आज दुनिया के तकरीबन 200 देश योगासन और ध्यान की तमाम विधियों को अपना चुके हैं। भारत योग के जरिए फिर विश्व गुरु बनने की राह पर आगे बढ़ चुका है। एक दशक में दुनिया का हर इंसान योग को अपने लिए सुखदायी और शांतिपरक अनुभव कर रहा है। उपनिषदों में मानव को जिन आदर्शों के साथ सार्थक जीवन जीने का उपदेश दिया गया है, उनके सूत्र के रूप में 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय और मृत्युर्मा अमृतम गमय है, इन्हें जानना जरूरी है। योगदिवस को विश्व स्तर पर मनाने का प्रयोजन यह भी रखा गया कि इसके जरिए विश्व सभी लोग आपस में जुड़ेंगे ही नहीं बल्कि हर तरह की जटिलाओं, समस्याओं, बीमारियों और संकटों से मुक्त होकर जीवन को सौ से भी अधिक वर्ष तक जीने के लिए खुद को तैयार करेंगे। वैदिक परंपरा सनातन और चिर नवीन कही जाती है। इस पंरपरा में योग सहित जितना वैदिक ज्ञान उपलब्ध है वह जितना पुरातन है उतना ही चिर नवीन भी। महर्षि चरक ने मन को इंद्रिय एवं विषयों से अलग होकर आत्मा में स्थिर होना योग कहा है। वशिष्ठ संहिता के अनुसार मन को शांत करने का सबसे बेहतर तरीका योग के जरिए ही जाना जा सकता हैं। अमरकोश में योग को ध्यान और संगति का वाचक माना गया है। भगवान कृष्ण गीता में कहते हैं, समत्वं योग उच्यते, यानी कर्म की सफलता और असफलता में निष्काम भाव से कर्म करना योग है। आधुनिक जीवनशैली अर्थप्रधान



होने की वजह से हम खुद पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इसलिए शरीर, मन, प्राण व आत्मा सभी स्तरों पर हमारा संतुलन बिगड़ा रहता है। आयुर्वेद के अनुसार देश-दुनिया का हर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी या परेशानी से जूझ रहा है। अपनी समस्याओं का हल वह खुद से खुद में न ढूंढकर किसी अस्पताल या डॉक्टर के जरिए ढूंढता रहता है यानी जीवन में द्वंद्व के हालात हमेशा बने रहते हैं। इन हालात से बिना किसी आर्थिक दबाव के निपटने के लिए योगासन-ध्यान से बेहतर कोई उपचार या समाधान नहीं है। हमारी जिंदगी समस्याओं का पिटारा बन गई है। ये समस्याएं या दुश्वारियां योग-साधना के जरिए बेहतर तरीके से खत्म या कम की जा सकती हैं। अष्टांगयोग के जरिए शारीरिक, मानसिक, आत्मिक, पारिवारिक व सामाजिक समस्याओं या परेशानियों से मुक्त हुआ जा सकता है। शरीर सभी साधनों और साध्यों (उद्देश्यों) का आधार है। और शरीर, मन, प्राण को सेहतमंदक, पवित्र, तन्दुरुस्त और संतुलित होना जरूरी है, क्योंकि सभी सफलताएं इनके सेहतमंद होने से ही मिल सकती हैं। आयुर्वेद के अनुसार जिसका वात, पित्त व कफ संतुलित है, जठराग्नि भी संतुलित हो, शरीर को धारण करने वाली सात धातुएं-रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्ञा और वीर्य का अनुपात सम हो, दश इंद्रियां, मन और आत्मा और मल-मूत्र की प्रवृति ठीक हों, वह सेहतमंद व्यक्ति कहा जाता है। शरीर की सेहतमंदता मन और आत्मा से जुड़ी हुई है। इसलिए योगदर्शन में ऋषि पतंजलि ने योग के आठों अंगों में पहले पांच अंग (बाह्य अंग) शरीर, मन, प्राण की सेहतमंदता से जोड़ा हैं और तीन अंग (आंतरिक अंग) आत्मा की उन्नति और मोक्ष से ताल्लुक रखते हैं। योग में बताया गया है- षड्कर्म के लिए उत्साह और उल्लास जरूरी है। पूरे मनोवेग से शरीर, मन, प्राण और आत्मा को पवित्र और शक्तिशाली बनाने का संकल्प जरूरी है। षट्कर्म के अंतर्गत नेति-धौति से शरीर शुद्धि, आसन से शारीरिक व मानसिक रोग से छुटकारा और प्राणायाम से शरीर में हल्कापन और निरोगता, प्रत्याहार से मन की शुद्धि और स्थिरता, ध्यान से आत्मदर्शन और समाधि से दुख या आवागमन से मुक्ति। षट्कर्म का साधक व्यक्ति अपना तो कल्याण करता है ही, परिवार, समाज, दर्शन और विज्ञान की उन्नति होती है। योग-ध्यान के अभ्यास के जरिए कई प्रकार की ऊर्जाएं वातावरण से हासिल की जा सकती हैं। इसमें कुछ ऊर्जा शरीर में खर्च हो जाती है और कुछ ऊर्जा संग्रहित होती रहती हैं। हमारे शरीर में 12 अलग-अलग प्रकार के मुख्य मेरीडियन हैं जिसके द्वारा शरीर के अलग-अलग तरह के अवयवों तक ऊर्जा प्रवाहित होती है। जिस अवयव में ऊर्जा का प्रवाह उचित मात्रा में होता है, वह अवयव सेहतमंद रहता है औरं जिस अवयव में ऊर्जा का प्रवाह कम या अधिक होता है या अवरोध हो जाता है, उस अवयव में बीमारी पैदा हो जाती है। यह ऊर्जा का प्रवाह समुचित मात्रा में है या नहीं या अवरोध पूरी तरह से है इसे बायोफीड बेक ऊर्जा मापने वाले यंत्र द्वारा मापा जाता है। साथ ही ऊर्जा प्रवाह को इस यंत्र द्वारा संतुलित भी किया जा सकता है। हमारी जिंदगी का मकसद सबसे पहले खुदं को सेहतमंद रखते हुए दूसरों को भी सेहतमंद और सुखी रखने का होना चाहिए। यह तभी संभव है जब हमारा मन, चित्त, हृदय और आत्मा सभी पवित्र और संतुलित होंगे। हमारे अंदर मनस चेतना और आत्म चेतना दोनों पूरी तरह जाग्रत और शक्तिशाली होंगे। कहने का भाव यह है कि शरीर की सारी क्रियाएं और जीवन-व्यवहार पूरी तरह संतुलित होता है, वह व्यक्ति सेहतमंद है और जो सेहतमंद है वही सुखी है। त्याग की प्रबल और अहंकार विहीन भावना, ज्ञान की अहंकार रहित भावना और धन की अहंकार रहित भावना से यदि हमारा जीवन सिंचित है तो, हम मानव जीवन के परम लक्ष्य मोक्ष पाने के अधिकारी बन सकते हैं।

(लेखक चिंतक व पर्यावरण संरक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
श्वेता गोयल




# वैश्विक संकटों के दौर में जीवन का संबल है योग

आज की भागदौड़ भरी दुनिया में जब तनाव, अवसाद, चिंता और रोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, तब योग न केवल एक शारीरिक अभ्यास के रूप में बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का मार्ग बन चुका है। वर्ष 2025 में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम के साथ जब 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है तो यह अवसर पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि योग स्वास्थ्य, संतुलन और आत्म-साक्षात्कार के लिए एक सार्वभौमिक समाधान है। योग अब केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं रहा बल्कि विश्व स्तर पर यह एक व्यापक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। विश्व के 170 से अधिक देशों में 21 जून को योग दिवस मनाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि योग ने जाति, धर्म, राष्ट्र की सीमाओं को लांघकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। योग के नियमित अभ्यास से केवल शरीर ही नहीं बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा भी संयमित होती है। शरीर को रोगमुक्त रखने, मानसिक विकारों को नियंत्रित करने और ऊर्जा के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग जितना सरल है, उतना ही गहन भी। यह प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली आज के वैज्ञानिक युग में भी एक भरोसेमंद चिकित्सा विकल्प के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जब 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस के प्रस्ताव को केवल 90 दिनों में 177 देशों के समर्थन के साथ पारित किया गया था तो यह स्पष्ट था कि योग अब वैश्विक मानवता के स्वास्थ्य और कल्याण का पथ बन चुका है। योग अब एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका उद्देश्य है स्वास्थ्यपूर्ण जीवन, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति। योगासनों और प्राणायाम की विधियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने की सबसे सहज और सुलभ प्रणाली हैं। प्राचीन ऋषियों द्वारा रचित यह प्रणाली केवल आसनों तक सीमित नहीं बल्कि जीवनशैली में संतुलन का विज्ञान है। आधुनिक विज्ञान भी अब इस बात को स्वीकार कर चुका है कि योग तनाव से राहत, रक्तचाप नियंत्रण, श्वसन क्रिया सुधार, इम्युनिटी बूस्ट और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अत्यंत उपयोगी है। विभिन्न योगासन जैसे भुजंगासन, सर्वांगासन, ताड़ासन, हलासन, त्रिकोणासन, धनुरासन, मकरासन, मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, विश्रामासन इत्यादि न केवल शारीरिक बल प्रदान करते हैं बल्कि शरीर के अंगों को सुचारू रूप से कार्य करने में भी सहायता करते हैं। योग गुरुओं का भी यह मानना है कि योग केवल एक स्वास्थ्य पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। योग हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं बल्कि आंतरिक सुख और मानसिक संतुलन ही असली सफलता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी अब योग के प्रभावों को स्वीकार करता है। अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में योग अब चिकित्सीय दृष्टिकोण से अपनाया जा रहा है। विशेष रूप से मानसिक रोग, अवसाद, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मोटापा, थकान, नींद की कमी, थायरॉयड, मधुमेह और यहां तक कि कैंसर तक के मामलों में योग को सहायक चिकित्सा के रूप में अपनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, योग से न केवल रोगों की रोकथाम होती है बल्कि यह व्यक्ति को एक बेहतर मानव बनने की दिशा में भी अग्रसर करता है। योग से आत्म-अनुशासन, संयम, सहनशीलता और शांति का विकास होता है। जब व्यक्ति भीतर से शांत और संतुलित होता है, तभी वह समाज और विश्व में भी शांति और संतुलन ला सकता है। इसीलिए योग केवल एक व्यक्तिगत अभ्यास नहीं बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्वास्थ्य की दिशा में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। हर व्यक्ति को न केवल अपने स्वास्थ्य के लिए बल्कि सम्पूर्ण मानवता की बेहतरी के लिए योग अपनाना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि योग को महज योग दिवस तक सीमित न रखते हुए उसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं वर्षगांठ एक बार फिर हमें यह याद दिलाती है कि शरीर और मन दोनों के स्वास्थ्य के लिए योग अनिवार्य है। योग को जीवनशैली में शामिल कर हम न केवल बीमारियों से दूर रह सकते हैं बल्कि अपने अंदर की ऊर्जा को भी पुनः जाग्रत कर सकते हैं। इसलिए, आइए, इस योग दिवस पर हम सब यह संकल्प लें कि न केवल स्वयं के बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में योग को शामिल कर हम एक स्वस्थ, समृद्ध और शांतिपूर्ण विश्व की ओर कदम बढ़ाएं।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गई शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### मानव जीवन और विकास में पुस्तकों की भूमिका

ज्ञानार्जन या ज्ञानोपलब्धि के लिए स्वाध्याय और पुस्तकों का सम्बन्ध अन्न और जल तथा सुई और धागे की तरह एक-दूसरे का पोषक एवं पूरक है। स्वाध्याय के साथ पुस्तकों और पुस्तकालयों का महत्त्व और उनकी उपयोगिता पर भी चिंतन करना अपेक्षित है। देव-पूजन में जितना महत्त्व देवी-देवों का है, उतना ही महत्त्व देवालयों का है। यदि देव मंदिर अथवा देवालय नहीं होंगे तो देव-विग्रह की प्रतिष्ठा कहां होगी। हम सभी जानते हैं कि पुस्तक स्वयं में ज्ञान नहीं है। वह निर्जीव कागजों का एक संपुट है, परंतु ज्ञान का यह एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है, जिसकी उपयोगिता सर्वमान्य है। पुस्तकें देखने में अजीब अथवा जड़ दिखाई देती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि उनमें लेखकों, रचयिताओं की आत्मा बसी रहती है। इसलिए भावात्मक दृष्टि से उस ज्ञान के साधन को ज्ञान मानकर प्रतिष्ठित किया गया है। *-विवेक कुमार शुक्ला, रायपुर*

## ट्रेंड

### समृद्धि-यात्रा



जब सुरक्षा का बेहतर माहौल और अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर होता है, तब दुनिया की कोई ताकत आपकी समृद्धि के मार्ग को रोक नहीं सकती। आज प्रदेश के हर जनपद में 'समृद्धि-यात्रा' देखने को मिल रही है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे उसका उदाहरण है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### जनसहभागिता




प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के संस्कार, भारत की जीवनशैली, सांस्कृतिक धरोहर और आंतरिक चेतना को पूरे विश्व में प्रतिष्ठा दिलाई है। 21 जून को जब पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा, तब हम दिल्लीवासी इस उत्सव को पूर्ण जनसहभागिता से भरपूर बनाएंगे।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### अंग्रेजी भाषा जरूरी



बीजेपी नहीं चाहती कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेज़ी सीखे - क्योंकि वो नहीं चाहते कि आप सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। आज अंग्रेज़ी भी मातृभाषा जितनी जरूरी है क्योंकि यही रोज़गार दिलाएगी।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस


### एक कॉमन भाषा हो



अगर देश को जोड़ना है। लोगों को एकजुट करना है, तो देश में एक कॉमन भाषा होनी चाहिए जिसे हर कोई समझ सके, उसमे वार्तालाप कर सके। इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि इस कसौटी पर सिर्फ एक ही भाषा फिट बैठती है और वो है- हिंदी।
-मुकेश खन्ना, अभिनेता

## करंट अफेयर

### दक्षिण अफ्रीका में योग दिवस मनाया जाएगा



दक्षिण अफ्रीका में शनिवार को हजारों योग प्रेमी 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' (आईडीवाई) के अवसर पर यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'क्रैडल ऑफ ह्यूमनकाइंड' में एकत्र होंगे। इस आयोजन में योग विशेषज्ञ भी भाग लेंगे। जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत महेश कुमार ने कहा, "यह स्थल सांस्कृतिक और मानव इतिहास की दृष्टि से अत्यंत मूल्यवान है। यहां योग दिवस मनाना प्राचीन भारतीय दर्शन और मानवता एवं प्रकृति के साथ सामंजस्य की भावना को दर्शाता है। कुमार ने पिछले वर्ष वांडरर्स स्टेडियम में योग दिवस का नेतृत्व किया था, जहां 8,000 से अधिक लोग शामिल हुए थे। उन्होंने कहा, " 'योग' संस्कृत शब्द 'युज' से निकला है, जिसका अर्थ है 'जोड़ना'। यह मन, शरीर और पर्यावरण के बीच संतुलन को दर्शाता है।" आईडीवाई के 11वें संस्करण से पहले, भारतीय उच्चायोग और इसके कर्मचारियों ने प्रिटोरिया, जोहानिसबर्ग और डरबन में कई स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

## ऑफ बीट

### घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं




एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयां समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रमोशन से जुड़े नियम जारी किए

# सरकार ने पदोन्नति के नए नियम बनाए: कर्मचारी सेवा अवधि की गणना उस अवधि तक की जाएगी, जिस चयन वर्ष की पदोन्नति के लिए समिति की बैठक की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रमोशन से जुड़े नियम जारी कर दिए हैं। इसके लिए गजट नोटिफिकेशन भी कर दिया गया है। यह नोटिफिकेशन डॉ. मोहन यादव कैबिनेट के लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 को मंजूरी देने के दो दिन के अंदर ही जारी कर दिए गए हैं। सरकार ने कहा है कि 9 साल से प्रमोशन बंद होने से बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी बगैर पदोन्नत हुए रिटायर हो रहे हैं।

ऐसी हालत में राज्य सरकार की कार्यक्षमता पर विपरीत असर पड़ रहा है। इसलिए सरकार ने पदोन्नति के नए नियम बनाए हैं। कहा गया है कि यह नियम बनाने के दौरान आरक्षित वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने और प्रशासनिक दक्षता और योग्यता को महत्व दिया गया है। अब गजट नोटिफिकेशन के साथ ही सरकार के नए नियम प्रभावी हो गए हैं।

**गजट नोटिफिकेशन भी जारी**

## सीआर नहीं होने पर संबंधित प्रकरणों को परिभ्रमण में नहीं रखा जाएगा, ऐसे पदों के विरुद्ध अन्य पात्र कर्मचारी को प्रमोट किया जाएगा

### ऐसे होगी कर्मचारी की सेवा अवधि की गणना




कर्मचारी सेवा अवधि की गणना उस अवधि तक की जाएगी, जिस चयन वर्ष की पदोन्नति के लिए समिति की बैठक की जा रही है। यदि कोई कर्मचारी-अधिकारी दिसंबर 2021 में फीडर संवर्ग या सेवा के पद में आया है तो 31 दिसंबर 2025 को उसकी पांच वर्ष की प्रमोशन योग्य सेवा पूरी हो जाएगी। कर्मचारी-अधिकारी की सीआर के निर्धारण के लिए जिस चयन वर्ष की पदोन्नति के लिए समिति की बैठक की जा रही है, उससे ठीक 5 वित्तीय वर्षों में उपयुक्त होनी चाहिए।

### अब क्या होगा आगे?

*अब नियम लागू होने के बाद 31 दिसंबर 2025 की स्थिति में खाली पदों पर प्रमोशन के लिए विशेष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। सितंबर से नवंबर के बीच वेटिंग लिस्ट से भी पद नहीं भरने पर 31 दिसंबर 2026 की प्रत्याशित स्थिति के लिए पदोन्नति समिति की बैठक होगी। वर्ष 2026 में सितंबर से नवंबर के बीच पद खाली होने पर 31 दिसंबर 2027 के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। इसके साथ ही विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के लिए प्रतिनियुक्ति और अन्य कारणों से अगर अधिकारी 31 दिसंबर की स्थिति में उपलब्ध नहीं हैं तो पद खाली माना जाएगा।*

### कर्मचारी को इस स्थिति में नहीं मिलेगी पदोन्नति

जीएडी ने नियमों के अनुसार अगर कर्मचारी निलंबित हो, कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए आरोप पत्र जारी कर दिया गया हो और कार्यवाही लंबित हो। यदि कर्मचारी पर किसी आपराधिक आरोप के आधार पर कोर्ट में चालान पेश करने की अनुमति जारी की गई हो या कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हों। कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय तौर पर सजा तय की गई है। ऐसे मामले में खाली पदों को अस्थायी आधार पर स्थानापन्न रूप से भरा जाएगा। इसके बाद कर्मचारी के दोषमुक्त होने पर सीलबंद अनुशंसा को खोला जाएगा और पात्र होने पर पदोन्नति की तारीख से पदोन्नति दी जाएगी।

### सीआर नहीं मिली तो क्या होगा?

नियमों के अनुसार सीआर नहीं होने की दशा में संबंधित प्रकरणों को परिभ्रमण में नहीं रखा जाएगा और ऐसे पदों के विरुद्ध अन्य पात्र कर्मचारी को प्रमोट किया जाएगा। ऐसे मामलों को गोपनीय प्रतिवेदन की उपलब्धता के बाद होने वाली विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में पदोन्नति के लिए रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप



### मुरैना में मिली अपना दल (एस) सदस्यता अभियान को गति

**भोपाल।** अपना दल (एस) के मध्य प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल अपने चार दिवसीय दौरे के पहले दिन बुधवार को भिंड में कार्यकर्ता बैठक के बाद मुरैना पहुंचे। इसके बाद मुरैना के एक होटल में शाम 5 बजे आयोजित सदस्यता अभियान सह कार्यकर्ता बैठक में उन्होंने हिस्सा लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन की मजबूती और सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा हुई। पटेल ने कहा,मप्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर जन-जन तक पहुंचेगी और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा सत्ता में रहते हुए पिछड़ा वर्ग के लिए उठाये गए कदमों की जानकारी भी साझा की। यह दौरा अगले तीन दिनों तक ग्वालियर-चम्बल संभाग के विभिन्न जिलों में जारी रहेगा, जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और संगठन विस्तार पर जोर दिया जाएगा।

### प्रदेश में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को मिला व्यावसायिक प्रशिक्षण

**भोपाल।** प्रदेश के 2383 सरकारी स्कूलों में कक्षा-9वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास के उद्देश्य से केन्द्र सरकार व्यावसायिक शिक्षा योजना संचालित कर रही है।

विश्व सिकलसेल दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सीएम डॉ. मोहन ने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 266 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# 65 करोड़ की लागत से होगा बेड़िया मंडी का विकास बड़वाह में 100 बिस्तर का बनाया जाएगा अस्पताल

*भीकनगांव से झिरन्या तक सड़क निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपए दिए जाएंगे*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार देश की सीमा पर जान की बाजी लगाने वाले और सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों तथा खेतों में कड़ी मेहनत कर अन्न पैदा करने वाले किसानों के सम्मान के लिए काम कर रही है। इसके साथ कमजोर और गरीब वर्ग की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है।

डॉ. यादव खरगोन जिले के बेड़िया में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत अम्बा-रोडिया माइक्रो उदवहन सिंचाई योजना का लोकार्पण सहित 266 करोड़ रुपए की लागत के 24 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उन्होंने सिकलसेल के मरीजों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति के प्रमाण-पत्र तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक सचिन बिरला, राजकुमार मेव, बालकृष्ण पाटीदार, छाया मोरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

*1 मुख्यमंत्री ने सिकलसेल के मरीजों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति के प्रमाण-पत्र वितरित किए*

*2 खनगांव से खेड़ीखुर्द मार्ग पर 5 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा पुल*




**किसानों को उद्यमी बनाने की दिशा में हो रहा काम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा है और विश्व में देश का नाम हो रहा है। हमारी सरकार किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं की जिंदगी बदलने और उन्हें खुशहाल बनाने का काम कर रही है। निमाड़ क्षेत्र में मां नर्मदा का पानी खेतों तक पहुंचाया जा रहा है और इससे खेतों में फसले लहलहा रही हैं। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां गेहूं पर किसानों को प्रति क्विंटल 2600 रुपए दिए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार कृषि को प्रोत्साहन दे रही है और किसानों को उद्यमी बनाने के लिए काम कर रही है। प्रदेश सरकार कपास से धागा बनाने, उससे कपड़ा बनाने और रेडीमेड गारमेंट की फैक्ट्री लगाने का अभियान चला रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया पौधरोपण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि बेड़ियां मिर्च मंडी के विकास के लिए 65 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। इसी प्रकार खनगांव से खेड़ीखुर्द मार्ग पर 5 करोड़ रुपए की लागत से पुल निर्माण किया जाएगा। बांसवा से घोसला मार्ग पर सिड़कुई नदी पर 6 करोड़ रुपए के लागत से पुल बनाया जाएगा। भीकनगांव से झिरन्या तक सड़क निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। बेड़ियां एवं बासवा बायपास निर्माण के लिए 21 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाएंगे। बेड़ियां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा और बड़वाह में 100 बिस्तर का अस्पताल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में आम का पौधा लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।*

### प्रमोशन होने के बाद रिक्त होंगे 2 लाख पद

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शासकीय सेवकों के 9 सालों से रुके प्रमोशन के मामले को हल कर दिया है और अब अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग के शासकीय सेवकों के प्रमोशन का रास्ता साफ कर दिया है। प्रमोशन होने से 2 लाख पद रिक्त होंगे और इससे नए लोगों की भर्ती का अवसर मिलेगा। प्रदेश सरकार शासकीय सेवाओं में भर्ती में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देगी। आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें, जिससे गंभीर बीमारी के समय जान बचाने के लिए उन्हें बड़े शहरों के अच्छे अस्पतालों में उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विमान या हेलीकॉप्टर से प्रदेश सरकार मरीजों को उपचार के लिए भी भेजती है।*

### ग्वालियर में कैबिनेट की बैठक करने का निर्णय



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 19 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री बंद कर दी है। प्रदेश में खुले में मांस की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। भगवान राम प्रदेश में जिन स्थानों से गुजरे थे, उन पर राम पथ गमन मार्ग बनाया जाएगा। डॉ यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर ग्वालियर में कैबिनेट की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बस सेवा शुरू करने जा रही है इससे ग्रामीण जनता को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### डकैत हो या डकैत का बाप, कानून करेगा अपना काम: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेसी पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत के लव जिहाद के लिए फंडिंग के मामले में फरारी पर कहा कि हमारी सरकार में कानून का राज चलता है। कानून तोड़ने वालों से निपटना जानते हैं, चाहे वह डकैत हो या डकैत का बाप। हमने प्रशासन से भी कहा है, जो जहां मिले उसे पकड़ो, हर हाल में कानून का शासन रहेगा। डॉ. यादव इंदौर में मीडिया से बात कर रहे थे। मुख्यमंत्री इंदौर से बड़वानी जाने वाले थे, लेकिन मौसम खराब होने से हेलीकाप्टर नहीं उड़ सका। यहां उन्होंने मीडिया से बात की।

**कांग्रेस के सभी नेता जमानत पर: डॉ. यादव**

#### जवाबदेही से चलती है भाजपा सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार जवाबदेही से चलती है। कांग्रेस का रिकॉर्ड है कि सभी नेता जमानत पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए काम करती है। सरकार कानून तोड़ने वालों से निबटना जानती है।

इंदौर की सोनम जैसा मामला छत्तीसगढ़ में भी, 11 मई को ही हुई थी शादी

# नई नवेली दुल्हन ने पति को उतारा मौत के घाट

बलरामपुर ▶▶ रामानुजगंज

इंदौर की सोनम रघुवंशी की तरह छत्तीसगढ़ में भी ऐसा ही मामाला सामने आया है। दरअसल, रंका थाना क्षेत्र के बाहोकुदर गांव की है, जहां एक नवविवाहिता जिसकी शादी 11 मई को ही हुई थी, ने पहले पति से खुद जहर मंगवाया, फिर उसे मुर्गा-भात में मिलाकर खिला दिया और अपने ही हाथों से उसकी जिंदगी समाप्त कर दी। लड़की रामचंद्रपुर के ग्राम बिशनपुर की है।

पुलिस के अनुसार, 11 मई 2025 को 22 वर्षीय बुधनाथ सिंह की शादी छत्तीसगढ़ के रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव की रहने वाली सुनीता सिंह से हुई थी। लेकिन शादी के अगले ही दिन सुनीता मायके लौट गई। कारण पूछने पर उसने साफ कहा कि उसे पति पसंद नहीं है। कई दिनों की पंचायत और समझाइश के बाद 5 जून को सुनीता वापस ससुराल आई, लेकिन मन में चल रहा शातिर प्लान अब अंजाम की ओर बढ़ रहा था।



### पुलिस की सख्ती के बाद कुबूला सच

*बेटे की मौत के बाद सास ने पुलिस को शिकायत की और अपनी बहू पर बेटे को मारने का इल्जाम लगाया। सास की शिकायत पर पुलिस ने सुनीता को गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती पूछताछ में सुनीता ने अपनी सास पर ही जहर देने का आरोप लगाया। उसका कहना था कि सास उसे मारना चाहती थी, लेकिन गलती से जहर मिला खाना बेटे को दे दिया। हालांकि, जांच और सख्त पूछताछ के बाद सुनीता टूट गई और अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार सुनीता को जेल भेज दिया गया है।*

**फसल के कीड़े मारने के बहाने मंगवाया जहर**

शनिवार 14 जून को दोनों पति-पत्नी रामानुजगंज में बाजार करने के लिए आए हुए थे। पत्नी के कहने पर पति के द्वारा बाजार से कीटनाशक दवा खरीदी थी। इस दौरान सुनीता ने फसल में कीड़े मारने के बहाने पति से कीटनाशक खरीदवाया। आरोप है कि उसने दो बार खाने में जहर मिलाकर पति को मारने की कोशिश की, लेकिन बुद्धनाथ ने दोनों बार खाना खाने से मना कर दिया। 15 जून की रात सुनीता ने मुर्गा-भात तैयार किया और उसमें कीटनाशक मिला दिया। इस बार पति खुद को रोक नहीं पाए और पूरा खाना खा लिया। इसके कुछ ही देर बाद बुद्धनाथ की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।

एक महिला माओवादी ढेर, जबकि अन्य घायल

# माओवादियों की छोटी टुकड़ी से जवानों की हुई मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पुलिस और माओवादी के बीच मुठभेड़ में एक महिला माओवादी का शव बरामद हुआ है। वहीं मौके से दो हथियार भी बरामद हुए है। कुछ माओवादी के मारे जाने या घायल होने की संभावना जताई जा रही है। माओवादी की छोटी टुकड़ी के साथ जवानों की मुठभेड़ हुई है।

इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। कांकेर पुलिस ने जानकारी दी है कि थाना छोटेबेठिया कोटरी नदी पार के ग्राम आमाटोला और कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में शुक्रवार को माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। जिसके बाद सर्चिंग अभियान पर डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी रवाना हुई थी।



### शव बरामद

*सर्चिंग के दौरान सुबह ग्राम आमाटोला-कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र मे संयुक्त पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में एक महिला माओवादी का शव और हथियार बरामद हुआ है। घटना स्थल पर अभी भी रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है।*

सीतापुर थाना क्षेत्र के ढोढागांव के पास मैनी नदी का मामला

# उफान पर नदी-नाले, चार लोग बहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ में बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। सरगुजा के सीतापुर थाना क्षेत्र के ढोढागांव के पास मैनी नदी में चार लोग बह गए जिसमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं। 20 घंटे बाद भी इनका पता नहीं चल सका है। नदी में अचानक बाढ़ आ जाने के कारण घटना हुई है। पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमारी (45), अंकिता (8), बिनावती नागवंशी (30) और उसका बेटा आर्यस (3), सभी मैनी नदी के किनारे मशरूम इकट्ठा करने गए थे। इलाके में भारी बारिश के कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और चारों बह गए। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ ने बचाव अभियान शुरू किया। अभी तक उनमें से किसी का भी पता नहीं चल पाया है। जब चारों देर शाम घर नहीं पहुंचे तो उनकी तलाश शुरू की गई। कुछ ग्रामीणों ने उन्हें खेत की ओर से नदी में उतरते हुए दूर से देखा था। सूचना पर केरजू चौकी प्रभारी राजेश्वर सिंह की टीम मौके पर पहुंच गई है। अब तक चारों का पता नहीं चला है।



**लापता लोगों में एक पुरुष, एक महिला और दो मासूम बच्चे शामिल हैं**

कोरबा रेलवे स्टेशन फाटक के पास कदमाहाखार नाला स्थित मैदान की घटना, बस्तीवासियों में आक्रोश

# 11 केवी हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आए मासूम, एक मृत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

रेलवे स्टेशन फाटक के पास कदमाहाखार नाला स्थित मैदान में बुधवार की दोपहर एक हृदयविदारक हादसा हो गया। मैदान में खेलने या घूमते समय 11 वर्षीय वीरेंद्र यादव 11 केवी हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आ गया जहां उसे तड़पते देख रितेश मनहर दौड़कर उसकी मदद करने पहुंचा और पास स्थित त्रिमूर्ति मंदिर में लगे एक बांस के डंडे के सहारे उसे बचाने की कोशिश की।

दुर्भाग्यवश, डंडा भीगा हुआ था और इसी वजह से रितेश भी करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में रितेश मनहर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वीरेंद्र यादव करीब 90% तक झुलस गया। घायल वीरेंद्र को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।



उनका कहना है कि गिरी हुई हाई वोल्टेज लाइन की सूचना पहले भी दी गई थी, लेकिन उस पर समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते एक की मौत हो गई वहीं दूसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। वार्ड 33 मानिकपुर के पार्षद नारायण कुर्रे ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे जहां देखा कि युवक की मौत हो चुकी थी बुरी तरह से झुलस चुका था। वहीं खंबे के पास से निकल ही रहा था कहीं ना कहीं संबंधित बिजली विभाग की लापरवाही है जिसके चलते मौत हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्रवाई शुरू की। एसईसीएल के संबंध बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन को बंद कराया गया इसके बाद शव का पंचनामा करवाई किया गया। इस घटना के बाद बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां बस्ती वासियों का आक्रोश का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### 'आईटी महाकुंभ' करियर एवं जॉब मार्गदर्शन सेमिनार 25 को

**जबलपुर।** सर्वार्थ के सीईओ अंशुल शुक्ला और सीओओ श्याम मोहन शर्मा द्वारा बताया गया कि यह सेमिनार 25 जून 2025 को समय 11:00 बजे से 2:00 बजे तक शहीद स्मारक गोल बाजार में आयोजित होगा, जो पूर्णता निःशुल्क रहेगा। इस सेमिनार में सभी छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक प्रवेश ले सकते हैं और सर्वार्थ ग्रुप के द्वारा एवं वुल्फ गैंग प्लेट्स के साथ 12वीं के बाद अपने करियर एवं जॉब संबंधी बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही इंजीनियरिंग या अन्य ग्रेजुएशन कर रहे छात्र-छात्राएं भी इस सेमिनार में भाग लेकर के अपने करियर और जॉब संबंधी प्रश्नों को पूछकर उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इस IT महाकुंभ में विभिन्न नागरिक सम्मान भी किए जाएंगे। इस अवसर पर सर्वार्थ ग्रुप के संस्थापक वैभव पाटील एवं सरवाड़ ग्रुप के सीईओ कपिल शर्मा भी कार्यक्रम में भाग लेंगे। सर्वार्थ ग्रुप ने सभी संस्कारधानीवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर करियर एवं जॉब मार्गदर्शन सेमिनार का लाभ लें।

### राष्ट्रीय कैडेट कोर का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** कर्नल विक्रांत त्यागी, एसएम कमांडिंग ऑफिसर के मुताबिक जबलपुर समूह, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा 21 जून को गौरीघाट में प्रातः 06 से 07 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम का विषय YOGA FOR ONE EARTH ONE HEALTH है, जिसमें युवाओं के सम्पूर्ण विकास में योग के महत्व को उजागर किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 600 प्रतिभागियों की उपस्थिति रहेगी, जिनमें 500 एनसीसी कैडेट शामिल होंगे।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास आज

## मुख्य आयोजन रानीताल स्टेडियम में, लोक निर्माण मंत्री होंगे मुख्य अतिथि



**जबलपुर।**

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी, एक श्वांस की थीम पर मनाया जाएगा। जबलपुर का मुख्य कार्यक्रम रानीताल स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह होंगे। मुख्य कार्यक्रम रानीताल स्थित खेल मैदान में 21 जून की सुबह 6 बजे से सुबह 7.45 बजे तक किया जायेगा।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने एक दिन पहले ही आदेश जारी कर अधिकारियों की व्यवस्था की जिम्मेदारी तय कर दी थी। कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि बारिश के मौसम को देखते हुये भी आयोजन स्थल पर सभी जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए।सामूहिक योग प्रदर्शन स्वैच्छिक होगा लेकिन सभी शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा इसे आवश्यक रुप से आयोजित किया जाएगा। योगाभ्यास केंद्र सरकार के कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत किया जाएगा। भोपाल से मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण सुबह 6.30 बजे से 6.40 बजे तक होगा तथा विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण सुबह 6.40 से 7 बजे तक होगा।

### विद्युत कंपनियों का सामूहिक योगाभ्यास

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में विद्युत कंपनियों के समस्त कार्मिकों व उनके परिजन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामपुर परिसर स्थित कल्याण भवन में प्रातः 6.30 बजे से सामूहिक योगाभ्यास करेंगे।योग गुरू हरलाल कछवाहा, रामलाल रजक, भोला यदुवंशी व कालीचरण पंडा भारत सरकार के आयुष विभाग द्वारा जारी कॉमन प्रोटोकॉल के अंतर्गत सामूहिक योगाभ्यास करवाएंगे।

### रेलवे में मनाया जाएगा योग दिवस

आज दिनांक 21 जून को रेलवे द्वारा रेल सौरभ ऑफिसर्स क्लब जबलपुर एवं सतपुड़ा ऑफिसर्स क्लब में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में रेल सौरभ ऑफिसर्स क्लब में वृहद स्तर पर योग शिविर का आयोजन प्रातः 6.30 बजे से किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यालय एवं मंडल के समस्त अधिकारीगण सम्मिलित होंगें। इसी तरह सतपुड़ा क्लब जबलपुर में मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा के मुख्यातिथ्य में योग शिविर का आयोजन प्रातः 6.30 बजे से किया जा रहा है, जिसमें मुख्यालय एवं मंडल के कर्मचारी सम्मिलित होंगें।

### मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में योग शिविर

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में कुलगुरु डॉ मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों एवं छात्रों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम अन्तर्गत विगत 15 जून से 21 जून तक साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम मनाया जा रहा है, महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ शशिकांत महाजन ने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को योग के माध्यम से वैदिक एवं वैज्ञानिक पद्धति के प्रति शिक्षित करना है, यह योगाभ्यास राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई प्रभारी डॉ सोना दुबे के संचालन में टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, एवं अनिल केवट की सहभागिता से होगा।

# विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर 'तरंगिनी' कार्यक्रम में बही सुरों की नदी

**जबलपुर।** त्रिलोक संस्था, जबलपुर द्वारा विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर 'तरंगिनी नदियों का गीत स्मरण' कार्यक्रम का भव्य आयोजन श्री जानकी रमण महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, अभिमन्यु जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विनय शर्मा ने कहा कि "नदी हमें सिखाती है कि बिना रुके आगे बढ़ते रहना ही जीवन है।"

इस अवसर पर नदियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कई सांगीतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें भारतम महाभारतम, गंगा यमुना सिन्धु कावेरी, नर्मदा तुमको नमन, बम्बुलिया और नदिया धीरे-धीरे बहना जैसे गीतों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुतियाँ दीं- मुस्कान सोनी धोपे, उन्नति तिवारी, माही सोनी, अर्पिता तिवारी, शालिनी अहिरवार, चाँदनी सेन एवं अनामिका बाजपेई ने। हारमोनियम पर राजवर्धन पटेल, तबले पर आयुष मेहरा और चेतना बेन तथा ढप्प, शंख, मंजीरे पर मानसी सोनी ने संगत की। संपूर्ण प्रस्तुति लोकेश मालवीय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन एवं आभार प्रदर्शन दविन्दर सिंह ग्रोवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संजय गर्ग, अश्विनी वेद, राज गुप्ता, परग तेलांग, रविंद्र मुरहर, संजय पांडे, लोकेश कुमार मालवीय सहित अनेक संगीतप्रेमी उपस्थित रहे।

### एजुकेशन पोर्टल 3.0 बंद होने से लोकसेवक परेशान

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि एजुकेशन पोर्टल 3.0 बंद होने से लोकसेवकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, पोर्टल पर स्थानांतरण संबंधी किसी भी प्रकार के आदेश अपलोड नहीं दिख रहे हैं जिससे शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल 3.0 बंद होने से पोर्टल अपग्रेडेशन की प्रक्रिया कुछ समय के लिए रुक गई है इससे प्रदेश के हजारों शिक्षक जिन्होंने स्थानान्तरण हेतु आवेदन दिया था उनके आदेश अधर में लटक गए हैं। किसी ने बीमारी के चलते, तो किसी ने पारिवारिक समस्याओं के चलते आवेदन दिया था वे सभी पोर्टल बंद होने से परेशान हैं। अतः संगठन मुख्यमंत्री से मांग करता है कि एजुकेशन पोर्टल 3.0 को अतिशीघ्र ठीक कराया जाए जिससे सभी लोकसेवक जिन्होंने स्थानान्तरण/ट्रांसफर चाहा है उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# महिला चिकित्सकों ने दिया संदेशः हर व्यक्ति - एक संतान एक पौधा दोनों का करे समान पोषण एवं विकास



**जबलपुर।** जबलपुर स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ, जबलपुर मेनोपॉज सोसाइटी संघ, आईएमए डॉक्टर विंग तथा एम्पागस सदस्यों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. अलका अग्रवाल संचालक विमल नर्सिंग होम अधारताल के प्रांगण में फलदार पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चेरी, शहतूत, आम एवं अमरूद के पौधे रोपित करके पेड़ लगाओ जीवन बचाओ, आज का पौधा कल की छांव, हमारा छोटा प्रयास धरती को हरित और स्वस्थ बनाने का संदेश दिया। हर व्यक्ति एक पौधा लगाएं एवं उसे संतान की तरह पोषित एवं पल्लवित करें। इस कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ की अध्यक्ष डॉ. राखी बाजपेई तथा सचिव डॉ. कोमल जैन एवं जबलपुर मेनोपॉज संघ की अध्यक्ष डॉ. चित्रा जैन, सचिव डॉ. सोनल रिछारिया एवं डब्ल्यूडीडब्ल्यू की अध्यक्ष डॉ. नीना श्रीवास्तव, सचिव डॉक्टर कावेरी शाह, डॉ. दीप्ति गुप्ता, जिओ वेलफेयर सोसाइटी की सचिव डॉक्टर अलका अग्रवाल, डॉ. रंजना गुप्ता, डॉ. नीता पाराशर, डॉ. पुष्पा पांडे, डॉ. मानिक पांसे, डॉ. कुसुम जैन, डॉ. अनुराधा डांग, डॉ. अमिता सक्सेना, डॉ. ऋचा बहरानी, डॉ. रजिया सिद्दीकी, डॉ. रोमा नाग, डॉ. शुभाली शर्मा, डॉ. वंदना जैन, डॉ. कुसुम सोलंकी, डॉ. शिल्पा सोमशेखर, डॉ. प्रियंका गौर, डॉ. पल्लवी सहाय, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. सोनम बहरानी एवं प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर संगठन जबलपुर के उपाध्यक्ष डॉ. मकसूद चिश्ती की उपस्थिति विशेष रही। इनके अलावा आकाश माली राकेश, महेश, विष्णु, लक्ष्मी एवं शामां और संतोष मिश्रा का भी सहयोग था।



## उभरती प्रतिभाओं ने गायकी से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**जबलपुर।** विगत दिवस कराओके संगीत कार्यक्रम में नगर की उभरती प्रतिभाओं में 07 वर्ष की अवनी धनोपिया, 09 वर्ष की रुद्रांश दुबे, 14 वर्ष की अंबिका, अल्पना, स्वाति, किरण, शांति रॉय, आयशा कुरील, संजय जैन, नीलेश धनापिया, भीम सिंह दीवान, आशीष पांडे, सत्यजीत, शोभना, यामिनी, रोशनी, आजाद भाई, गुलाम शाह, अनन्या कर, सोमा कर, प्रिया पांडे, सुरुचि शर्मा, आरती तिवारी, रविनंदन, लेखन लोधी, दीक्षा, सानवी, वेद, आदि कला साधकों ने नई-पुरानी फिल्मी देशभक्ति, भजन, गीत गायन कराओके संगीत में हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, एक से बढ़कर एक गीतों से महफिल को रंग दिया। आयोजन गुंजन कला सदन, पीएमजी संस्था, जबलपुर के द्वारा, आयोजक मंडल दीवान और नीलेश के सहयोग से प्रतुल श्रीवास्तव, राजीव गुप्ता, विजय जायसवाल, जादूगर एस.के. निगम, पप्पू भैया, बच्चन भैया, प्रकाश दुबे, वंदना दुबे आदि की मौजूदगी में अमर शहीद स्मारक परिसर जबलपुर में संपन्न हुआ।

# जिला चिकित्सालय में टाइप 1 डायबिटीज़ के लिए साप्ताहिक क्लिनिक शुरू

**जबलपुर।**



टाइप 1 डायबिटीज़ (T-1-D) से प्रभावित लोगों को सतत और समग्र देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, जबलपुर जिला अस्पताल में साप्ताहिक टाइप 1 डायबिटीज़ क्लिनिक की शुरुआत की गई है। यह क्लिनिक हर शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रूम नंबर 9 (कैंसर स्क्रीनिंग कक्ष) में संचालित होगा।

साप्ताहिक क्लीनिक का विधिवत लोकार्पण वरिष्ठ एंडॉक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. वीके भारद्वाज एवं क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर डॉ. संजय मिश्रा के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस क्लिनिक में नामांकित टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित लोगों को निःशुल्क मासिक इंसुलिन आपूर्ति, क्लिनिकल मूल्यांकन, मधुमेह शिक्षा और विशेषज्ञ परामर्श जैसी सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। यह पहल न केवल जीवन रक्षक देखभाल को सुलभ बनाती है, बल्कि टाइप 1 डायबिटीज़ से प्रभावित परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को भी कम करती है।साप्ताहिक क्लिनिक के लोकार्पण कार्यक्रम में डॉ. नवीन कोठारी सिविल सर्जन, डॉ. सारिका दुबे एनसीडी नोडल, अजय कुरील जिला मीडिया अधिकारी, डॉ. अंकित अनूप मरावी एमडी मेडिसिन, डॉ. नंदन शर्मा शिशु रोग विशेषज्ञ, सतीश प्रजापति परियोजना समन्वयक विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक नियम का पालन कराने वाले खुद कर रहे ट्रैफिक का उल्लंघन

## मध्य भारत मोर्चा ने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जबलपुर।** शहर में विगत कई महीनों से ट्रैफिक नियम का पालन कराने यातायात पुलिस शहरवासियों पर चालानी कार्यवाही कर रही है, परंतु देखने में यह आ रहा है कि जो पुलिस शहरवासियों के चालान काट रही है, वही पुलिस कर्मी यातायात नियमों का पालन न करते हुए बिना हेलमेट के वाहन चलाते नजर आ रहे हैं, वहीं बिना नम्बर की गाड़ियों में पुलिस लिखवाकर घूमते नजर आ रहे हैं, यदि फोर व्हीलर की बात करें तो पुलिस की ही गाड़ियों में सबसे ज्यादा काले कांच लगे हुए हैं और वह खुद सीट बेल्ट लगाए बिना गाड़ी चलाते हैं। उक्त अनियमितता को लेकर मध्य भारत मोर्चा के अध्यक्ष सौरभ यादव ने प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा और इन पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए जानकारी चाही है कि जो आम आदमी को यातायात ट्रैफिक का पालन करा रहे हैं उन पुलिस कर्मियों को ट्रैफिक नियमों का पालन आखिर कौन कराएगा? उनके चालान कौन कटेगा?



# युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण ने की मध्यप्रदेश में सदस्यता और मतदान की तिथिया घोषित

## 20 जून से 19 जुलाई तक एक साथ होगी सदस्यता और मतदान प्रक्रिया

**जबलपुर।**

भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव के संबंध में बल्देवबाग चुनाव कार्यालय में सदस्यता और मतदान अभियान संबंधी जानकारी प्रस्तुत की गई। मध्यप्रदेश में यह चुनाव अभियान 20 जून 2025 से प्रारंभ होकर आगामी 19 जुलाई 2025 को सायंकाल 05.00 बजे तक चलेगा। सदस्यता शुल्क 50 रूपए भुगतान की अंतिम तिथि 21 जुलाई सायंकाल 05.00 बजे तक निर्धारित की गई है। भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश में पूरे एक महीने के दौरान सदस्यता अभियान में सदस्यता और मतदान With IYC App पर ऑनलाइन किया जा सकेगा। चुनाव प्राधिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव, जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया जाएगा। सदस्यता और मतदान में मध्यप्रदेश के 18 से 35 वर्ष तक के सभी पात्र युवक-युवतियां इस प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

# नहीं मिल रही सफाई सामग्री

## एजेंसी तीन माह से नहीं दे रही वेतन



**जबलपुर।** स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स एजेंसी मेसर्स प्रकाश सेक्यूरिटी ने स्वास्थ्य विभाग में तांडव मचा रखा है, सी.एच.सी./ पी.एच.सी. में विगत तीन माह से टेंडर शर्तों के अनुरूप साफ सफाई के लिये आवश्यक सामग्री प्रदान न किए जाने एवं आउटसोर्स सफाई कर्मी का वेतन, कंप्यूटर ऑपरेटरों को तीन माह से भुगतान न किए जाने की शिकायत संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन से की गई। प्रतिनिधि मंडल को कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। एजेंसी द्वारा सफाई सामग्री उपलब्ध न कराने के कारण अस्पताल में साफ-सफाई नहीं हो पा रही है इससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है। एजेंसी मेसर्स प्रकाश सेक्यूरिटी द्वारा काम करवाने के पश्चात आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों को भुगतान न कर नियम विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, योगेश चौधरी, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, नरेश शुक्ला, राजेन्द्र तेकाम, बृजेश मिश्रा, प्रशांत सोधिया, सतेन्द्र ठाकुर ने कलेक्टर जबलपुर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल भुगतान कराने के निर्देश देने और लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ब्लॉक नं. 95 प्लाट नं. 2/1 रकवा 1725 पर स्व. करूणा शंकर के वारिसान पुत्रियाँ श्रीमती ऊषा पति स्व काशीराम, श्रीमती निर्मला पति श्री अनंत राम, श्रीमती उर्मिला पति स्व. राजाराम व अन्य स्व. पुत्री श्रीमती चंदा पति स्व. शंकर लाल के बच्चों दीप्ति मौर्य, शैलेष मौर्य व स्व. अखिलेश मौर्य का नाम खसरा में दर्ज है अतः स्व. अखिलेश मौर्य की जगह पत्नी शिखा मौर्य व अन्य पुत्री कीर्ति मौर्य का नाम भी वारिसान के रूप में दर्ज किया जावे। उक्त संबंध में नाम दर्ज होने में किसी अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति माननीय न्यायालय को सूचित करें।

भवदीय
चंदन सोनकर (एडवोकेट)
म.नं. 421, शिव पार्वती मंदिर के पीछे भरतीपुर, जबलपुर
मो.नं. 9302777775

**इश्तहार**

क्रमांक / 137/ तह/2025
मझौली दिनांक 19/06/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार मझौली के प्रकरण क्रमांक 0004/अ-70/2025-26 में आवेदक सत्यनारायण पिता मगन लाल कुम्हार निवासी मझौली द्वारा ग्राम मझौली पहनं. 21 स्थित ख.नं. 380 / 1 रकवा 0.10 हे. भूमि से अनावेदक रीतेश पिता श्याम किशोर, अमित पिता श्याम किशोर, दीपेश पिता श्यामकिशोर साकिन पोला रोड मझौली का जबरन कब्जा पाये जाने पर बेदखल किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें अनावेदक रीतेश पिता श्याम किशोर, अमित पिता श्याम किशोर न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। अतः अनावेदक के पेशी दिनांक 30/06/25 को न्यायालय तहसीलदार मझौली में दोपहर 12:00 बजे न्यायालय में उपस्थित न होने / जबाव न देने की पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार
मझौली

**नाम एवं जन्म तिथि सुधार सूचना**

मै MUNESH PRASAD (मुनेश प्रसाद) पिता BHAIYA LAL MISHRA (भैया लाल मिश्रा) निवासी - म.नं. I-10, सैनिक सोसायटी, हितकारिणी डेन्टल कॉलेज, डुमना रोड़, 482005 जिला जबलपुर (म.प्र.) मेरा सर्विस नंबर - 14481079P रैंक हवलदार वर्ष 2003 में 284 MED. REGT. से एवं वर्ष 2021 डिफेंस सिक्योरिटी क्रॉप्स (DSC) से सेवानिवृत्त हुआ हूं मैं वर्तमान में पेंशनर हूं मेरी डिस्चॉर्ज बुक में मेरी पत्नी का नाम SARLA DEVI (सरला देवी) एवं जन्म तिथि 12 May 1962 दर्ज है। जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम SARLA MISHRA (सरला मिश्रा) एवं जन्म तिथि 12 May 1968 जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड नं. 9335 64968253 में दर्ज है। मैं अपनी पत्नी का सही नाम सही जन्म तिथि का अपनी दोनो DSC एवं ARTILLERY रिकार्ड में सुधार कराना चाहता हूं तत्संबंध में यह शपथ-पत्र पेश किया है।

**CHANGE OF DOB & NAME**

I. Army No. 6946543M, Rank: Hav, Trade SHGD, Name: SUNIL KUMAR M, Residing at: House Name-Sreemangalathu. Vill - Enadimangalam, Po.- Kurumbakara, Teh.- Adoor, Dist.- Pathanamthitta, State- Kerala, Pincode-689695 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows: That my mother name is INDIRA N and her Date of Birth is 09th April, 1959. That Name & Date of Birth of mother is erroneously endorsed in my service record as INDHIRA & 18th May 1961. That the my mother Name & Date of Birth in respect of required to be correct in my service record as INDIRA N and her Date of Birth is 09th April, 1959.That I am swearing this affidavit for correction of Name & Date of Birth of my mother in my service records INDIRA N & 09th April, 1959 for all purpose and transactions and for all official and non official purpose. That I am enclosing attested copy of Aadhar Card No. 7735 5612 3152 in respect of my mother INDIRA N as proof of correct Name & Date of Birth.
Place: Jabalpur, M.P.-482011
Date: 19/06/2025

**CHANGE OF DOB & NAME**

I. Army No. 6946543M, Rank: Hav, Trade-SHGD, Name: SUNIL KUMAR M, Residing at: House Name-Sreemangalathu. Vill - Enadimangalam, Po.- Kurumbakara, Teh.- Adoor, Dist.- Pathanamthitta, State- Kerala, Pincode-689695 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows: That my father name is MUALEEDHARAN PILLAI P and his Date of Birth is 09th April, 1954. That Name & Date of Birth of father is erroneously endorsed in my service record as MUALEEDHARAN PILLAI & 22 Aug 1953. That the my father Name & Date of Birth in respect of required to be correct in my service record as MUALEEDHARAN PILLAI P and his Date of Birth is 09 April, 1954 That I am swearing this affidavit for correction of Name & Date of Birth of my father in my service records as MUALEEDHARAN PILLAI P & 09 April, 1954 for all purpose and transactions and for all official and hon official purpose.That I am enclosing attested copy of Andhar Card No. 5525 2251 3013 in respect of my father MUALEEDHARAN PILLAI P as proof of correct Name & Date of Birth.
Place: Jabalpur, M.P.-482011
Date: 19/06/2025

# ईरान-इजराइल युद्धः धान में भारी मंदी चावल कारोबारियों पर.... जंग की मार

शिपमेंट रुकने और भुगतान संकट से व्यापारियों को भारी नुकसान

सरकार से मदद की अपील, व्यापारियों की चिंताएं बढ़ीं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



धान के भाव 600 रुपए क्विंटल तक टूट गए

इजरायल-ईरान जंग के चलते स्थानीय स्तर पर मंडियों में धान के भाव में भारी मंदी आई है। धान के भाव 600 रुपए क्विंटल तक टूट गए है। अनाज कारोबारी संजीव जैन के अनुसार युद्ध शुरू होने से पहले मंडियों में जो धान ऊंचे 3600 से 3800 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिक रही थी, वह अब 3000 से 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिक रही है। वहीं चावल व्यापारियों के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद से चावल की कीमतों में भी भारी गिरावट आई है। पिछले कुछ दिनों में सेला चावल के रेट प्रति क्विंटल करीब 1,000 रुपए तक नीचे आए हैं। बताया जा रहा है कि ईरान और इजरायल के बीच जारी सैन्य संघर्ष का असर अब भारत के चावल व्यापारियों पर पडऩे लगा है। व्यापारियों ने बताया कि युद्ध के कारण उनके कारोबार पर गंभीर संकट मंडरा रहा है.। उन्होंने बताया कि सऊदी अरब और इराक के बाद ईरान भारत के सेला चावल का तीसरा सबसे बड़ा आयातक देश है। यहां हर साल लगभग 6,500 करोड़ रुपए का व्यापार होता है, लेकिन युद्ध के चलते शिपमेंट रुकने और भुगतान संकट के कारण व्यापारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी आशंका जता रहे हैं कि अगर युद्ध लंबा खिंचा तो नुकसान और बढ़ सकता है। स्थानीय कारोबारी ईश्वरदास संगतानी ने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से चावल की कीमतों में भारी गिरावट आई है। पिछले कुछ दिनों में सेला चावल में गिरावट दर्ज हुई। पहले 70 रुपए प्रति किलो पर निर्यात होने वाला चावल अब 60 रुपए किलो तक पहुंच गया है फिर भी ग्राहक नहीं मिल रहे। स्टॉक में जमा माल और बंदरगाहों पर रुके शिपमेंट ने कारोबारियों की परेशानी बढ़ा दी है। निर्यातकों के अनुसार जो माल पहले ही समुद्र में रवाना हो चुका है, उसे वापस लाना संभव नहीं है। ऐसे में उसे अन्य बाजारों में डाइवर्ट करना पड़ रहा है जो अतिरिक्त लागत और जोखिम ला रहा है। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के महासचिव विनोद कुमार सिंघल ने कहा कि भारत से ईरान को हर साल लगभग 8 लाख मीट्रिक टन सेला चावल निर्यात होता है. युद्ध के कारण जो माल भेजा गया, उसकी भुगतान प्रक्रिया में दिक्कतें आ रही हैं। जानकारों का मानना है कि युद्ध लंबा नहीं चलेगा, लेकिन अगर यह स्थिति बनी रही तो व्यापारियों के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है। उन्होंने बताया कि ईरान में इमरजेंसी लागू होने के कारण वहां के बंदरगाह ठप हैं, जिससे माल की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

### युद्ध के कारण माल आगे नहीं बढ़ पा रहा

*चावल व्यापारी सचिन शर्मा ने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहाकि ईरान हमारा तीसरा सबसे बड़ा आयातक देश है। युद्ध के कारण माल आगे नहीं बढ़ पा रहा और स्टॉक जमा हो रहा है, जो शिपमेंट समुद्र में हैं, उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता, इसलिए हमें उन्हें अन्य बाजारों में भेजने की कोशिश करनी होगी, लेकिन इसकी लागत और अनिश्चितता बढ़ गई है। चेतावनी दी कि अगर कोई और देश इस संघर्ष में शामिल होता है, तो नुकसान और गहरा हो सकता है।*

### फिलहाल ईरान से कोई शिपमेंट न भेजें

*व्यापारियों का कहना है कि वे इस संकट से निपटने के लिए भारत सरकार से मदद की उम्मीद कर रहे हैं। कारोबारी बताते हैं कि सरकार भी सलाह दे रही है कि फिलहाल ईरान से कोई शिपमेंट न भेजें। व्यापारी समुदाय आशंकित है कि अगर युद्ध लंबा चला तो न केवल वित्तीय नुकसान होगा, बल्कि वैश्विक बाजार में भारत की चावल निर्यात छवि को भी धक्का लग सकता है।*

# भू-राजनीतिक तनाव में नरमी से सेंसेक्स 1,000 अंक से ज्यादा उछला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से निवेशकों को राहत मिली और लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को कारोबार के अंत में भारतीय शेयर बाजारों में उछाल दर्ज किया गया। अमेरिका ने कहा कि वह अभी भी ईरान के साथ बातचीत के लिए तैयार है और दो सप्ताह के भीतर इजरायल को समर्थन देने के बारे में फैसला करेगा। इस बयान से निवेशकों की चिंताएं कम हुईं और बाजारों में व्यापक स्तर पर तेजी आई। मजबूत शुरुआत के बाद, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने कारोबार का अंत बढ़त के साथ किया। सेंसेक्स 1,046.30 अंक या 1.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,408.17 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इंडेक्स ने 82,494.49 का इंट्रा-डे हाई छुआ था। निफ्टी भी 319.15 अंक या 1.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,112.4 पर बंद हुआ। एनएसई पर सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी रियलिटी इंडेक्स 2.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ टॉप परफॉर्मर रहा। बैंकिंग शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली, तीनों प्रमुख बैंकिंग सूचकांकों – बैंक निफ्टी, निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी प्राइवेट बैंक में 1 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।

### मई में वनस्पति तेलों के आयात में बड़ी गिरावट

*चालू तेल वर्ष के दौरान वनस्पति तेलों के आयात में गिरावट देखने को मिल रही है। मई महीने में इन तेलों के आयात में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। नवंबर-मई अवधि के दौरान भी आयात में कमी आई है। इस बीच, सोयाबीन तेल के आयात में लगातार इजाफा हो रहा है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मुताबिक तेल वर्ष 2024-25 (नवंबर से अक्टूबर) की नवंबर-मई अवधि के दौरान 78.84 लाख टन वनस्पति तेलों का आयात हुआ है, जो पिछले तेल वर्ष की समान अवधि में 86.78 लाख टन वनस्पति तेलों के आयात से 9 फीसदी कम है।*

## खबर संक्षेप

### बिरला ने लांच किया 'फर्टिलिटी सर्कल'

**भोपाल।** बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने फर्टिलिटी सर्कल लांच किया है भारत की पहली टोल-फ्री और अनरिकॉर्डेड सपोर्ट लाइन। यह फर्टिलिटी काउंसलिंग सेवा पूरे भारत में अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध है, और जल्द ही इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी शुरू करने की योजना है। यह सेवा उन लोगों के लिए है जो प्रेग्नेंसी की प्लानिंग कर रहे हैं, पेरेंट्स बनने की कोशिश कर रहे हैं, इससे संबंधी ट्रीटमेंट पर विचार कर रहे हैं या फर्टिलिटी समस्याओं से संभंदित मन में सवाल लिए हुए हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने केडीएम को किया सम्मानित

**मुंबई।** केडीएम को 'भारत का चार्जर महाकुंभ पहल' के लिए 'जी भारत की उड़ान अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। जी भारत के कार्यक्रम 'भारत की उड़ान' में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री,नितिन गडकरी ने केडीएम के संस्थापक, एनडी माली को यह अवॉर्ड दिया।

### महिला निवेशकों की बढ़ रही है संख्या : धनवेस्टर

**कोलकाता ।** धनवेस्टर ने एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया की रिपोर्ट के नतीजों का स्वागत की है क्योंकि ये नतीजे भारतीय निवेश के क्षेत्र में एक बड़े बदलाव को उजागर करते हैं। म्यूचुअल फंड एसेट्स में महिलाओं की हिस्सेदारी 33 फीसदी हो गई है, जो पांच साल पहले की तुलना में दोगुनी है। हालांकि धनवेस्टर ने हाल ही में म्यूचुअल फंड के क्षेत्र में कदम रखा है, लेकिन मौजूदा प्रगति को भारत के निवेश के सफर में, खासकर महिलाओं की अगुवाई वाले वित्तीय उद्यमों के लिए, एक अहम मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

## मंडी बोर्ड स्थापना और भोपाल मंडी सचिव दोनों ही पदों पर एक ही अधिकारी नियुक्त

# व्यापारी बोले- सचिव बारह-एक बजे चले जाते हैं तो कर्मचारी बोले सप्ताह में दो-तीन दिन ही आते हैं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल




पूरे मामले के संदर्भ में पक्ष जानने के लिए सचिव प्रवीण वर्मा से संपर्क साधा गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया

मध्यप्रदेश राज्य विपणन (मंडी) बोर्ड में स्थापना में उपसंचालक और भोपाल मंडी में सचिव इन दोनों पदों पर एक साथ मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक कुमार पुरूषोत्तम ने प्रवीण वर्मा को नियुक्त कर रखा है। जिसके चलते प्रवीण वर्मा भोपाल मंडी कार्यालय में सप्ताह में तीन से चार दिन ही आते हैं और दोपहर बाहर, एक बजे चले जाते हैं । यह कहना है कि राजधानी की ए-क्लास और सर्वाधिक राजस्व प्रदाय करनी वाली मंडी के थोक सब्जी मंडी, अनाज मंडी और मंडी के कर्मचारियों का। मंडी व्यापारियों के अनुसार स्थापना शाखा में उपसंचालक का दायित्व और कृषि उपज मंडी भोपाल में सचिव पद का कार्यभार संभालना दोनों ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वाले कार्य है, लेकिन इन दोनों महत्वपूर्ण पद का दायित्व एक ही अधिकारी को सौंपना मंडी व्यापारियों और अधिकारी,कर्मचारियों को रास नहीं आ रहा है । बतौर प्रभारी सचिव के रूप में नियुक्त उपसंचालक प्रवीण वर्मा की कार्य प्रणाली और मंडी समिति कार्यालय से दोपहर बाद नदारद रहने से मंडी के व्यापारी नाराज है।

### सचिव के पास इतना समय नहीं कि मंडी कार्यालय में पूरा दिन बैठें

यहां के व्यापारियों का कहना है कि मंडी में भर्राशाही का माहौल है। राजधानी की मंडी में जब जिम्मेदार अधिकारी ही संपूर्ण जिम्मेदारी अपने दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहे है तो प्रदेश की अन्य मंडियों के हालात क्या होंगे , इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता हैं। मंडी व्यापारियों के अनुसार मंडी कार्यालय में पूर्णकालिक सचिव नहीं होने से जहां मंडी के विकास कार्य रूके पड़े है तो वहीं व्यापारियों और किसानों की समस्याओं का निदान भी सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

### दोनों पदों से जुड़ने से प्रवीण वर्मा को हो रहा लाभ और प्रभाव प्राप्त

प्रवीण वर्मा, मंडी बोर्ड में स्थापना और भोपाल मंडी में सचिव इन दोनों पदों पर एक साथ नियुक्त है जिससे उन्हें दोनों पदों से जुड़े लाभ और प्रभाव प्राप्त हो रहा हैं। ये दोनों पद मलाईदार पद माने जाते हैं। जो मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक और उच्च अधिकारी की मेहरबानी की बदौलत संभव है। किसान भगवानदास परमार ने कहाकि मंडी के सुचारू कामकाज और किसानों के हितों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

### मंडी में प्रभारी नहीं पूर्णकालिक सचिव को नियुक्त किया जाना चाहिए



कृषि उपज मंडी भोपाल, मध्यप्रदेश की बड़ी और ए-क्लास की मंडी है। यह सर्वाधिक राजस्व देने वाली है और प्रभारी सचिव के दम पर नही चल सकती। अतः मंडी बोर्ड मुख्यालय में स्थापना और सचिव का कार्यभार सौंपना बोर्ड के उच्च अधिकारी की नाकामी साबित करता है या फिर वे अपना स्वार्थ साधने के लिए किसी संभागीय अधिकारी को दो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते है। मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री से मांग है कि प्रवीण वर्मा जो मंडी कार्यालय में नहीं बैठते उन्हें तत्काल हटाए और मंडी सचिव का दायित्व ऐसे कर्मचारी को सौंपे जो पूर्णकालिक सचिव का भार उठाने में समक्ष हो।

**भागीरथ पाटीदार**
पूर्व अध्यक्ष, कृषि मंडी समिति भोपाल

## विभिन्न मंडियों के 19 दैनिक वेतन/स्थायीकर्मी को नियमित किए जाने की आदेश जारी

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी बोर्ड ने एमडी और संयुक्त संचालक का माना आभार

वाणिज्य प्रतिनिध ▸▸ भोपाल

संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी बोर्ड भोपाल मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी)बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरूषोत्तम और संयुक्त संचालक स्थापना श्रीमती रितु चौहान को प्रदेश की विभिन्न मंडी एवं बोर्ड में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों दैनिक वेतन/स्थायी कर्मी को नियमित किए जाने की आदेश जारी किए जाने का आभार एवं अभिनंदन किया गया। मोर्चा के संयोजक बीबी फौजदार और प्रांताध्यक्ष अंगीरा पांडेय अनुसार प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड ने बताया कितृतीय श्रेणी के दैनिक वेतन/स्थायी कर्मी को नियमित किए जाने संबंध में शासन से शीघ्र स्वीकृति प्राप्त कर कार्यवाही की जाएगी। इस दरमियान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने शेष लंबित मांगों के साथ ही मुख्य मांग में आमेलन की कार्यवाही की नस्ती पर कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के अंतर्गत अधिसूचना जारी किए जाने की मांग की। जिस पर प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड ने आमेलन किए जाने का आश्वासन दिया । आमेलन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण होगी। इसके साथ ही उच्च प्रभार, पदोन्नति दिए जाने की कार्यवाही भी शीघ्र पूर्ण किए जाने का आश्वासन दिया गया है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सभी जिला/ ग्रामीण क्षेत्र से अनुभवी / फ्रेशर उत्तीर्ण की 10 वी पास एयरपोर्ट जॉब,ग्राउन्ड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्रायवर, सुपरवाइजर, वेतन- 26500/- से 55000/- (रहना+खाना फ्री) 09013968764 (रायपुर /21/जून 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
मों. 9340637789

# महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने मृतक रेल कर्मचारी के परिजनों को बीमा राशि 1 करोड़ का चेक सौंपा

## यह पहल दर्शाती है रेलवे कर्मचारियों के कल्याण के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



उत्तर रेलवे ने महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा की अगुवाई में अपने रेल कर्मचारियों को विशेष सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए एक विशेष सैलरी पैकेज स्कीम को जनवरी 2025 में स्वीकृत किया था, जिसके अंतर्गत कर्मचारी की दुर्घटना में आक्समिक मृत्यु हो जाने पर उनके परिवारजनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके।

इस विशेष रेल सैलरी पैकेज के तहत, आज उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा ने एक मृतक रेल कर्मचारी के परिजनों को 1 करोड़ रुपए का चेक सौंपा । यह चेक उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में कार्यरत लोको पायलट श्री सुशील लाल के परिजनों को दिया गया, जिनका निधन 11 मार्च 2025 को हुआ था। उनकी पत्नी को बीमा राशि का भुगतान किया गया । परिवार को रेलवे के कार्मिक विभाग द्वारा समापन भुगतान , अनुग्रह राशि के अतिरिक्त 1 करोड़ रुपए का चेक दुर्घटना बीमा राशि के रूप में प्रदान किया गया है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने रेलवे के कार्मिक विभाग की इस पहल की सराहना की । उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस तरह की पहल रेल कर्मचारी और उनके परिवारजनों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण योगदान देगी। निसंदेह जान की भरपाई नहीं की जा सकती , मगर परिवार के भविष्य के लिए वित्तीय मदद बड़ा सहयोग करेगी। यह पहल रेलवे कर्मचारियों के कल्याण के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जिन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। डॉ.अजय सॉयल, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी , मुरादाबाद मंडल उत्तर रेलवे एवं हिमांशु चौहान, ब्रांच प्रबंधक, एसबीआई मुरादाबाद ब्रांच ने इस संबंध में सराहनीय प्रयास किए। उत्तर रेलवे के कार्मिक विभाग अपने रेल परिवार के साथियों के कल्याण के लिए सदैव उपलब्ध हैं जिससे कर्मचारियों का मनोबल हमेशा सकारात्मक रहता हैं।

### बजाज फ्रीडम 125 सीएनजी साबित हो रहा गेम चेंजर

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने एक ऐसा वाहन तैयार किया है जो खास मकसद से बना है। बजाज फ्रीडम 125 सीएनजी दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइक्ल, डिलिवरी रायडर्स और गिग इकोनॉमी में काम करने वालों की जिंदगी बदल रही है। बेहतरीन माइलेज, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और अफॉर्डेबल कीमत के साथ यह बाइक आज के चुनौतीपूर्ण हालात में राइडर्स के लिए एक समझदारी भरा विकल्प बन गई है। पेट्रोल की बढ़ती कीमतें अब भी जेब पर भारी पड़ रही हैं और शहरों में रायडर्स रोजाना 50 से 250 किलोमीटर तक सफर कर रहे हैं। ऐसे में फ्रीडम 125 का ड्युअल-फ्यूल सिस्टम (सीएनजी + पेट्रोल) गेम चेंजर साबित हो रहा है।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। बातचीत में संयत रहें।

**वृष** – मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कारोबार को गति मिल सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। धैर्यशीलता में कमी आएगी।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें।

**सिंह** – किसी पैतृक सम्पत्ति का लाभ हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** – कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आ

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**वृश्चिक** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की स्थिति अनुकूल रहेगी। पिता से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें।

**धनु** – अति उत्साही होने से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सम्मान की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित

**मकर** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल

**कुंभ** – अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। लाभ में वृद्धि होगी।

**मीन** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5904

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | 14 | ■ | |
| ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | ■ | 19 | 20 | ■ |
| 21 | ■ | 22 | | 23 | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | 27 |
| 28 | 29 | ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | 33 | ■ | |
| ■ | 34 | 35 | ■ | 36 | | 37 | ■ | 38 | 39 | ■ |
| 40 | ■ | 41 | 42 | ■ | 43 | | 44 | ■ | 45 | 46 |
| 47 | 48 | ■ | 49 | 50 | ■ | 51 | | 52 | ■ | |
| ■ | 53 | 54 | ■ | 55 | 56 | ■ | 57 | | 58 | ■ |
| 59 | ■ | 60 | 61 | ■ | 62 | 63 | ■ | 64 | | 65 |
| 66 | | ■ | 67 | | ■ | 68 | | ■ | 69 | |

**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी -2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5903 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | व | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | | | सी | ■ |
| र | बा | ना | हो | ना | ■ | पा | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ता | जो | गी | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5914

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5913 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |



# शेखर कम्मुला की फिल्म कुबेर हुई रिलीज...

**मुंबई।** अक्किनेनी नागार्जुन, धनुष, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कुबेर' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार खत्म हो गया है। इस फिल्म के साथ एक नए प्रोड्यूसर भी इंडस्ट्री से जुड़ गए हैं। एआई-बेस्ड एंटरटेनमेंट कंपनी मुगाफी के संस्थापक विपुल अग्रवाल ने मशहूर निर्देशक शेखर कम्मुला के साथ फिल्म 'कुबेर' के लिए हाथ मिलाया है। 'कुबेर' 20 जून को दुनियाभर में तमिल, तेलुगु, हिंदी और मलयालम भाषा में रिलीज हुई। यह फिल्म एक भव्य ड्रामा है, जो इमोशन, स्केल और विजुअल स्पेक्टेकल का बेहतरीन संगम पेश करती है। मुगाफी इस फिल्म के ग्लोबल प्रेजेंटिंग पार्टनर के रूप में जुड़ी है।

लाइफ Style



# डायना

## डिटेक्टिव शेरदिल में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री डायना पेंटी फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' में नजर आएंगी, जो शुक्रवार 20 जून को रिलीज हो रही है। इसमें डायना के अलावा दिलजीत दोसांझ, बोमन ईरानी और रत्ना पाठक जैसे सितारे हैं। हाल ही में डायना पेंटी ने इस फिल्म में काम करने का अनुभव शेयर किया।

डायना ने कहा कि सेट पर माहौल काफी अच्छा रहा। इसके अलावा ओटीटी कंटेंट के बढ़ते ट्रेंड पर भी उन्होंने बात की। फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल 20 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। इसकी रिलीज को लेकर डायना बेहद उत्साहित और खुश हैं। उन्होंने कहा कि हमेशा की तरह रिलीज से पहले होने वाली घबराहट अब भी महसूस हो रही है। मगर वे उत्साहित हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं और हमेशा की तरह किसी भी फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले मेरे पेट में तितलियां होती हैं। यह एक रोमांचक समय है'। फिल्म में काम करने का अनुभव शेयर करते हुए डायना ने कहा, 'मैंने अब तक जितने भी सेट देखे हैं, यह उनमें सबसे मजेदार साबित हुआ। हम कलाकारों का एक बड़ा ग्रुप था। सभी एक-दूसरे के साथ खूब घुलमिल गए। हम विदेश में बुडापेस्ट में शूटिंग कर रहे थे और अपने रोजाना के तय काम के घंटों के बाद हम नए रेस्तरां एक्सप्लोर करते। लोकल फूड खाते। हम क्योंकि देश से बाहर शूटिंग कर रहे थे, तो हमारा एक व्हाट्सएप ग्रुप था। हम हर दिन के हिसाब से वहां प्लान बनाते'। डायना पेंटी के मुताबिक, 'ऑफ-कैमरा मजेदार और अच्छा माहौल ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री में तब्दील हो गया।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ-1 के मुरीद हुए क्रिटिक्स

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट रेसिंग फिल्म 'एफ 1' लेकर आ रहे हैं। रिलीज से पहले न्यूयॉर्क के रेडियो सिटी म्यूजिक हॉल में फिल्म की एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। अब इस स्क्रीनिंग के बाद फिल्म के रिव्यू आने भी शुरू हो गए हैं। जिनमें कुछ लोग फिल्म की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कई क्रिटिक्स फिल्म के एक्शन से काफी प्रभावित हैं। एक क्रिटिक्स ने फिल्म का रिव्यू करते हुए एक्स पर लिखा, 'एफ1 एक बहुत अच्छी स्पोर्ट्स मूवी है। फिल्म थोड़ी लंबी है।




# सीक्रेट एजेंट का रोल कर रही हैं रेबेल ...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ब्राइड हार्ड' को साइमन वेस्ट डायरेक्टर रहे हैं। इस फिल्म में रेबेल विल्सन ने एक सीक्रेट एजेंट का रोल किया है। फिल्म में अन्ना कैंप, डेविन जॉय रैंडोल्फ, गिगी जुंबाडो, स्टीफन डोरफ और जस्टिन हार्टले जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'ब्राइड हार्ड'का रेबेल विल्सन हिस्सा हैं। 45 साल की इस हॉलीवुड एक्ट्रेस ने इस फिल्म में जमकर एक्शन सीन्स किए हैं। मगर जब फिल्म की शूटिंग खत्म हो रही थी तो एक्शन करते हुए उनकी नाक में चोट लगी और यह लगभग कट ही गई। इस हादसे से रेबेल डर गईं। इलाज के बाद वह ठीक हो चुकी हैं।



# शेयर की सरदार जी-3 की तस्वीरें...


**मुंबई।** पंजाबी एक्ट्रेस नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3', 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की रिलीज से पहले गुरुवार को नीरू ने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कई तस्वीरें और बीटीएस वीडियोज शेयर किए हैं। फिल्म की इन तस्वीरों और वीडियोज पर फैंस मजेदार कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। फैशन ब्लॉगर रवलीन कौर ने लिखा, 'हमारी खूबसूरत रानी', एक फैन ने लिखा, फिल्म के लिए शुभकामनाएं , एक और फैन ने लिखा, रानी, एक और फैन ने लिखा, सुन्दर राजकुमारी, एक और फैन ने लिखा, लाल रंग में बहुत खूबसूरत, एक और फैन ने लिखा, वह सबसे सुंदर, सबसे हॉट है और उसके कपड़े बहुत सुंदर हैं, एक और फैन ने लिखा, 'हमारी खूबसूरत खूबसूरत महिला'।



# कालीधर लापता का पोस्टर जारी...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के फैंस के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही हैं। अभिनेता ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'कालीधर लापता' का ऐलान कर दिया है और उसका पोस्टर भी जारी कर दिया है। साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज तारीख की भी घोषणा कर दी है। फिल्म के पोस्टर में अभिनेता किसी बच्चे के साथ एक पेड़ पर बैठे दिख रहे हैं। इसमें वो किसी उम्रदराज और अनुभवी इंसान की भूमिका में दिख रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'चर्चाओं पर अब फुल स्टॉप! कभी-कभी, खो जाना कोई चक्कर नहीं होता, बल्कि यहीं से असली कहानी शुरू होती है। सपने, ट्विस्ट और इसे सार्थक बनाने वाले लोगों से भरपूर।' यह फिल्म 4 जुलाई को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन मधुमिता ने किया है।

## टीवी मसाला




# भाग्य लक्ष्मी सीरियल ने दर्शकों को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** सीरियल भाग्य लक्ष्मी में लीड रोल में ऐश्वर्या खरे और रोहित सुचंती नजर आते रहे हैं। यह सीरियल में लक्ष्मी और ऋषि के किरदार में नजर आते हैं। दोनों की रोमांटिक जोड़ी को दर्शक काफी पसंद भी करते हैं। अब तक इस सीरियल के 1350 से अधिक एपिसोड टेलीकास्ट हो चुके हैं। प्यार, रिश्तों और परिवार के ईद-गिर्द बुनी गई इस सीरियल की आखिर अब आखिर मोड़ पर आ चुकी है। सीरियल भाग्य लक्ष्मी अब खत्म हो रहा है तो लीड कैरेक्टर लक्ष्मी और ऋषि की जिंदगी में भी खुशियां शामिल होंगी। सीरियल एक हैप्पी एंडिंग पर खत्म होगा। दर्शक भी दोनों किरदारों को खुश देखना चाहते हैं। इस सीरियल की टीम ने आखिर दिन की शूटिंग पर जश्न भी मनाया है। सीरियल में काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में ऐश्वर्या खरे ने कहती हैं, मैं लगभग चार साल से लक्ष्मी का किरदार निभा रही हूं, उसकी जिंदगी को जी रही हूं। यह मेरे लिए सिर्फ एक रोल नहीं है, यह किरदार मेरी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मैं ऑडियंस को भी थैंक्स कहूंगी कि उन्होंने इस सफर में मेरे किरदार को बहुत प्यार दिया। ऐश्वर्या आगे कहती हैं, शूटिंग के दौरान सेट पर सब लोग परिवार की तरह बन गए। को एक्टर्स से लेकर डायरेक्टर तक मेरे लिए खास हैं। रोहित सुचंती कहते हैं, ऋषि ओबेरॉय का किरदार मेरे लिए बहुत खास है। इस किरदार और शो ने मुझे पहचान दी है। शो अब खत्म हो रहा है मगर यह बात स्वीकार करना आसान नहीं है। यह सेट मेरे लिए घर जैसा हो गया था।

### शो के बंद होते ही कम हो जाती है पॉपुलैरिटी

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित टीवी शो 'भाबी जी घर पर हैं' में सक्सेना जी का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाले सानंद वर्मा आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अब उन्होंने खुलासा किया है कि पॉपलैरिटी



आर्टिस्ट की सिर्फ तब तक है, जब तक आपका शो चल रहा है, तब तक आपकी पहचान है। सानंद वर्मा को हाल ही में इंडस्ट्री में 15 वर्ष पूरे हुए हैं। इस मौके पर एक्टर अपने करियर और संघर्ष पर बात करते दिखे। उनका कहना है कि जब तक कोई अभिनेता टीवी पर नजर आता है, तब तक लोग उसे पहचानते हैं और पसंद करते हैं। जैसे ही वह काम करना बंद करता है या टीवी से दूर हो जाता है, लोग उसे भूलने लगते हैं। टीवी इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है, इसमें कई मुश्किलें होती हैं। इसके बावजूद, टीवी पर काम करने के फायदे भी बहुत हैं, क्योंकि इससे एक कलाकार को बड़ा दर्शक वर्ग मिलता है।


# लंदन की सड़कों पर बेफिक्र घूमते नजर आए जान्हवी-शिखर...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया कथित तौर पर कई समय से एक-दूजे को डेट कर रहें हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी खुलकर इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि, कई बार उनके वीडियो और साथ में प्रेजेंस यह साबित कर चुके हैं कि दोनों में कुछ तो खिचड़ी पक रही है। गुरुवार को एक वीडियो लंदन से सामने आया है, जिसमें जान्हवी और शिखर दोनों ही खुलेआम लंदन की सड़कों पर एक-दूजे के साथ हाथों में हाथ थामे रोमांटिक अंदाज में घूमते नजर आ रहे हैं। इन दोनों के साथ जान्हवी की बहन खुशी कपूर भी नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स भड़क गए हैं और लगातार अपनी नाराजगी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। इस वीडियो में जान्हवी और शिखर की प्रेम कहानी साफ दिख रही है। इस दौरान जान्हवी ने ऑफ शोल्डर ब्लैक टॉप के साथ कार्गो पैंट कैरी की हुई है, जबकि शिखर टी-शर्ट और पेंट के साथ कैजुअल लुक में नजर आए। वहीं, खुशी कपूर भी सिंपल अंदाज में नजर आ रही हैं।



# जारी हुआ 'सन ऑफ सरदार 2' का पहला पोस्टर, टैंकर पर खड़े नजर आए अजय

*मुंबई। अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का पोस्टर जारी हो गया है। पोस्टर में अजय देवगन पगड़ी पहने सरदार के लुक में नजर आ रहे हैं। वह दो टैंकरों पर खड़े हैं। उन्होंने पैंट, टीशर्ट, सदरी पहनी हुई है। ऊपर से काली जैकेट पहनी है। पोस्टर पर लिखा है 'सन ऑफ सरदार 2'। इसकी टैग लाइन है 'द रिटर्न ऑफ सरदार' (सरदार की वापसी)। अजय देवगन के अलावा मृणाल ठाकुर और संजय दत्त अहम रोल में होंगे। फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर जस्सी के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म का प्रोडक्शन अजय देवगन कर रहे हैं। नए पोस्टर के मुताबिक 'सन ऑफ सरदार 2' 25 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'सन ऑफ सरदार' साल 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अजय देवगन के अलावा सोनाक्षी सिन्हा और संजय दत्त थे। फिल्म में दिखाया गया था कि अजय देवगन को सोनाक्षी से प्यार हो जाता है लेकिन सोनाक्षी के भाई संजय दत्त इस रिश्ते के खिलाफ होते हैं। फिल्म इसी के आस-पास घूमती है। फिल्म का बजट 30 करोड़ रुपये था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 161.48 करोड़ रुपए की कमाई की थी।*




## प्रतिद्वंद्वी स्टार्स भी चाहते थे कि ये जल्दी कॅरियर से जाए बाहर

# अपने पैर पर गोविंदा ने खुद मारी कुल्हाड़ी? अंधविश्वास में चौपट कर लिया कॅरियर

*नई दिल्ली। बॉलीवुड हीरो गोविंदा ने कई साल इंडस्ट्री पर राज किया। एक से एक सुपरहिट फिल्में दीं। लेकिन, जिस तरह वह कॅरियर से धीरे-धीरे बाहर हो गये ये बात सबको खटकती है। कोई कुछ कारण देता है तो कोई कुछ. हाल में ही फिल्ममेकर, प्रोड्यूसर और पूर्व सीबीएफसी चीफ पहलाज निहलानी ने खुलकर गोविंदा के कॅरियर पर बातचीत की। उन्होंने तो बातों ही बातों में एक्टर को नासमझ भी कह दिया। पहलाज निहलानी ने एक इंटरव्यू में गोविंदा को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनके कॅरियर को खराब करने वाले कई लोग हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी स्टार्स भी थे। जो चाहते थे कि ये जल्दी कॅरियर से बाहर जाए।*



### तब मिले थे गोविंदा से

पहलाज और गोविंदा ने रंगीला राजा में साथ में काम किया था। तब दोनों के बीच ऐसी खटपट हुई थी कि आजतक दोबारा दोनों की बात शुरू नहीं हुई। हालांकि, जब गोविंदा को गोली लगी थी तो वह उनसे मिलने जरूर गए थे।

### पार्टनर का किस्सा बताया

पहलाज ने गोविंदा को नासमझ भी बताया। उन्होंने पार्टनर फिल्म का किस्सा बताया। उन्होंने कहा, 'गोविंदा बहुत सीधे हैं। पार्टनर में डेविड धवन चाहते थे कि गोविंदा ही किरदार निभाएं, लेकिन दावाकिया गया कि डेविट और सलमान ने गोविंदा के गिरते हुए कॅरियर को संभालने के लिए उनकी मदद करते हुए उन्हें कास्ट किया। जबकि सच ये था कि वो किरदार बना ही गोविंदा के लिए था।'



### इसलिए गिरने लगा गोविंदा का कॅरियर

इसी दौरान पहलाज निहलानी ने बताया, 'गोविंदा एक ऑलराउंडर एक्टर थे। अपने कॅरियर को उन्होंने बहुत अच्छे से संभाला था। मगर उनकी एक कमजोरी है कि वह लोगों पर बहुत जल्दी भरोसी कर लेते हैं और उनके आस-पास का माहौल अच्छा नहीं था। इसलिए, वह भटक जाते हैं। वह पंडितों व ज्योतिषियों की संगति में ज्यादा रहने लगे थे। धीरे -धीरे लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। ये सब इंडस्ट्री के करियर के लिए नुकसानदेह होता है।'

### डेविड ने भरा गोविंदा के दिमाग में जहर

गोविंदा और डेविड धवन ने कई साल तक साथ में काम किया। कई हिट फिल्में भी दीं, लेकिन फिर दोनों के बीच खटास आ गई और दोनों ने आखिरी बार पार्टनर में ही साथ में काम किया था।

### फिर करना बंद कर दिया काम

पहलाज निहलानी ने तो डेविड धवन को घेरा। उन्होंने कहा कि डेविड ने ही गोविंदा को भड़काया था। इसी वजह से उन्होंने पहलाज के साथ काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने कहा, 'डेविड धवन ने गोविंदा के दिमाग में मेरे खिलाफ जहर भरा था।'


## राहुल और यशस्वी ने पहले विकेट के लिए की 91 रनों की साझेदारी

# शुभ आगाज... यशस्वी शतक..., युवा भारत ने टेस्ट के पहले दिन अंग्रेजों को नाकों चने चबवाए

एजेंसी ▶▶| लीड्स

विराट कोहली, रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारत के पहले इंग्लैंड दौरे को लेकर दिग्गजों का अनुमान उल्टा पड़ गया। पूर्व क्रिकेटरों ने इंग्लैंड को युवा भारतीय टीम पर भारी बताई थी। तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के पहले दिन शुक्रवार को युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने अपने 20वें मैच में 5वां शतक ठोककर गिल युग का शानदार आगाज करने में मदद की। बतौर कप्तान डेब्यू टेस्ट में शुभमन गिल ने पचासा जड़ने वाले नौवें भारतीय बने।

इससे पहले इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को भारत के खिलाफ खेले जा रहे मैच में आखिरी के ओवरों में दो विकेट निकाल अपने आप को मैच में वापस ला मनोबल हासिल किया। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर टीम इंडिया को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। लग रहा था कि पहले सेशन में इंग्लैंड खाली हाथ रहेगी, लेकिन पहले बायडर्न कार्स और फिर बेन स्टोक्स ने एक-एक विकेट लेकर इंग्लैंड को खुशखबरी दी। भारत ने पहले सत्र का अंत दो विकेट के नुकसान पर 92 रनों के साथ किया। यशस्वी 101 रन बनाकर आउट हुए। राहुल और यशस्वी ने पहले विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की। कार्स ने 25वें ओवर की पांचवीं गेंद पर राहुल को आउट किया। उन्होंने 78 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौके मार 42 रन बनाए। अगले ओवर की चौथी गेंद पर स्टोक्स ने डेब्यू मैच खेल रहे साई सुदर्शन को आउट कर दिया।




### राहुल-यशस्वी ने रचा इतिहास



केएल राहुल ने 78 गेंद पर 42 रन की पारी खेली। इस दौरान 8 खूबसूरत चौके लगाए। वहीं, यशस्वी जायसवाल ने भी पहले सत्र में 8 चौके लगाए। दोनों के बीच अच्छा तालमेल देखने को मिला। केएल-यशस्वी ने पहले विकेट के लिए 91 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की। यह विदेशी दौरे पर पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत की चौथी सबसे बड़ी साझेदारी रही।

### 8 साल बाद 'करुण' वापसी

लीड्स टेस्ट मैच में भारतीय टीम की ओर से अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर को भी मौका मिला है। करुण नायर 8 साल से ज्यादा समय बाद टेस्ट क्रिकेट खेलने उतरे हैं। इससे पहले करुण ने अपना आखिरी टेस्ट 25 मार्च 2017 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धर्मशाला में खेला था। नायर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस धर्मशाला टेस्ट के बाद 77 मैच मिस किए। ये भारत के लिए दो टेस्ट मैचों के बीच चौथा सबसे लंबा अंतराल है। तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने 2010 से 2022 के बीच 118 टेस्ट मैच मिस किए, जो भारतीय खिलाड़ियों में सबसे लंबा अंतराल है।

### विमान दुर्घटना: क्रिकेटरों ने रखा मौन



भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों और मैदानी अंपायरों ने यहां पहले टेस्ट से पूर्व अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा और बांहों पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे। 14 जून को एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को मीडिया से कहा था , 'विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं।'



### सुदर्शन डेब्यू में '0' पर आउट

भारतीय टीम की ओर से साई सुदर्शन को डेब्यू टेस्ट खेलने का मौका मिला। सुदर्शन को टेस्ट कैप चेतेश्वर पुजारा ने सौंपी। सुदर्शन भारत की ओर से टेस्ट खेलने वाले 317वें खिलाड़ी हैं। हालांकि 23 साल के सुदर्शन अपनी डेब्यू पारी में सिर्फ 4 गेंदों का सामना किया और वो डक (0) पर चलते बने। देखा जाए तो भारतीय टेस्ट इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब डेब्यू टेस्ट पारी में नंबर-3 पर बैटिंग करते हुए कोई बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाया। साथ ही सुदर्शन ऐसे तीसरे भारतीय भी बन गए हैं, जो टेस्ट डेब्यू पारी में टॉप-3 में बैटिंग करते हुए 0 पर आउट हुए। कृष्णमाचारी श्रीकांत और देवांग गांधी भी ये अनचाही उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। दोनों खिलाड़ी अपनी डेब्यू टेस्ट पारी में ओपनिंग करने उतरे थे। सुदर्शन डेब्यू टेस्ट पारी में डक पर आउट होने वाले 29वें भारतीय हैं।

एशिया कप

## फाइनल में हारे भारतीय तीरंदाज नौ पदकों के साथ किया समापन




एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की। भारत ने अपने दोनों स्वर्ण पदक इस वर्ग में जीते। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ मैनन को 149-143 से हराकर अपनी प्रतिष्ठा को सही साबित किया। भारत को इस स्पर्धा में कांस्य पदक भी मिला, जिसमें 10वें वरीय सचिन चेची ने चौथे वरीय हिमू बछाड़ को कड़े मुकाबले में 148-146 से हराया।

### तेजल ने जीता स्वर्ण पदक

महिलाओं की स्पर्धा में स्वर्ण पदक सुनिश्चित था क्योंकि इसके फाइनल में मुकाबला जो भारतीय खिलाड़ियों के बीच था जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे ने पहली वरीय शानमुखी नागा साई बुड्डे को 146-144 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष कम्पाउंड टीम को तीसरी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान ने 231-235 से हरा दिया।महिलाओं की कम्पाउंड टीम 232-232 से बराबरी पर रहने के बाद निचली रैंकिंग वाली मलेशिया से शूट-ऑफ में हार गई। शानमुखी और दलाल की मिश्रित कंपाउंड टीम को कजाकिस्तान से शूट-ऑफ में हार का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### इंग्लैंड में सफल हो सकता है जायसवाल : रहाणे

**मुंबई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का मानना है कि इंग्लैंड दौरे पर यशस्वी जायसवाल अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि वह सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाने में सक्षम हैं। रहाणे ने कहा, 'व्यक्तिगत रूप से मैं यशस्वी जायसवाल को अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि इंग्लैंड में पारी का आगाज करना वास्तव में महत्वपूर्ण होता है। उसके पास अच्छा कौशल है। वह एक छोर पर विकेट बचाकर रख सकता है और जरूरत पड़ने पर आक्रामक बल्लेबाजी भी कर सकता है। इसलिए मैं इंग्लैंड में जायसवाल का प्रदर्शन देखने के लिए वाकई उत्सुक हूं।'



### जीत के साथ विदा लेना चाहेंगी भारतीय टीमें

**एंटवर्प।** एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार छह हार के बाद अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट ही चुका है। भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश में होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार और रविवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी। भारतीय महिला टीम को भी लंदन में लगातार चार मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। महिला टीम भी शनिवार और रविवार को बेल्जियम से खेलेगी।

### भारत को भारी पड़ेगी अनुभवहीनता : हेडन

**लीड्स।** अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है। उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा, 'मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा। शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी।



## डोपिंग : भारत में पॉजीटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

### विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने 2023 के परीक्षण किए जारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा।

हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है। प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाये जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किए गए। भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे।

#### हमारी टेस्टिंग पारदर्शी

खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, 'डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है लेकिन हमें यह मानना होगा कि हमारी टेस्टिंग काफी पारदर्शी है और हर साल नमूनों की संख्या बढ़ रही है। हम युद्धस्तर पर जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं और अगले दो साल में यह आंकड़ा कम हो जाएगा।'

#### 11 प्रतिशत से अधिक

वैश्विक स्तर पर, 2023 में 204,809 परीक्षण किए गए, जिनमें से 1820 प्रतिबंधित दवाओं के लिए सकारात्मक आए, जबकि भारत का हिस्सा 214 था जो डोप टेस्ट में नाकाम रहे कुल खिलाड़ियों की संख्या का 11 प्रतिशत से अधिक है। यह आंकड़ा किसी भी देश के लिए सबसे अधिक है।

### मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ में 13वें स्थान पर संधू

**मराकेश।** भारत के अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन बोगीरहित प्रदर्शन करके चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले नौ होल में सिर्फ एक बर्डी लगाया लेकिन इसके बाद चार बर्डी लगाए। भारत के आठ गोल्फर इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं जिनमे से करणदीप कोचर संयुक्त 26वें, खालिन जोशी संयुक्त 32वें और अर्जुन शर्मा संयुक्त 63वें स्थान पर हैं। राहिल गंगजी संयुक्त 78वें, एस चिक्कारंगप्पा और अमन राज संयुक्त 93वें और पुखराज सिंह गिल संयुक्त 106वें स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद थाईलैंड के वारान्यु रत्तनाफिबूंकिज ने बढ़त बना ली है।



## मेसी का जादू, फ्री किक पर गोल से जीता इंटर मियामी

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया। इससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेसी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

### बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया



**पासाडेना।** बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। लेकिन गुरुवार की रात को खेले गए मैच में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन बोटाफोगो के सामने उसकी एक नहीं चली। बोटाफोगो की तरफ से इगोर जीसस ने 36वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

### बैरियोस ने दागे दो गोल, जीता एटलेटिको

**सिएटल।** पाब्लो बैरियोस के दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में सिएटल साउंडर्स को 3-1 से हरा दिया। बैरियोस ने गिउलिआनो सिमेओन की मदद से 11वें मिनट में एटलेटिको मैड्रिड का खाता खोला। यूरोप की टीम ने दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में बढ़त को 2-0 कर दिया, जब स्थानापन्न खिलाड़ी एक्सल विटसेल ने 47वें मिनट में रॉबिन ले नॉर्मंड की मदद से गोल किया।

## बांग्लादेश मजबूत, श्रीलंका पर बनाई 187 रन की बड़ी बढ़त

एजेंसी ▶▶| गॉल

श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन शुक्रवार को बांग्लादेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बनाकर कुल 187 रन की बढ़त बना ली। बांग्लादेश के पास अभी सात विकेट बाकी हैं और टूटती पिच पर उसके लिए चुनौती उतनी कठिन नहीं होगी। बांग्लादेश की नजरें विदेशी सरजमीं पर मुश्किल से मिलने वाली टेस्ट जीत के जरिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अहम अंक जुटाने पर लगी होंगी। पहली पारी में महज 10 रन की बढ़त लेने के बाद बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने सकारात्मक प्रदर्शन करके श्रीलंकाई गेंदबाजों पर दबाव बनाया। शादमान इस्लाम ने 76 रन बनाए और तीसरे विकेट के लिए कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के साथ 68 रन की साझेदारी की। इससे पहले छह विकेट पर 470 रन से आगे खेलते हुए श्रीलंकाई टीम पहली पारी में 485 रन पर आउट हो गई।



### लाबुशेन ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर स्मिथ भी नहीं खेल पाएंगे पहला टेस्ट

**ब्रिजटाउन।** पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है। स्टीव स्मिथ भी चोटिल होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी म. प्र.**

क्रमांक/था.प्रा./लखनवाड़ा/775-A/2025 दिनांक 18/6/2025

**// वाहन नीलामी सूचना//**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी 281/20224,6,9 गौवंश प्रतिशेध अधिनयम, 11घ पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम 66 / 192 मो. व्ही. एक्ट में 1 नग चार पहिया टाटा वाहन नीलाम किया जाना हैं। वाहन का निवर्तमान अनुमोदित ऑफसेट मूल्य के आधार पर किया जावेगा। अधिकतम बोली को विक्रेता घोषित किया जायेगा। निविदा के समय धरोहर राशि तत्काल जमा होगी अन्यथा निविदा अमान्य होगा । धरोहर राशि का समायोजन मूल राशि में किया जायेगा। असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वापस की जाकर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। तीन दिन में संम्पूर्ण राशि जमा करनी होगी वरना धरोहर राशि राजसात होगी। निविदा का वाहन का अवलोकन नीलामी के समय कर सकते है बाद में कोई आपत्ति मान्य नही होगी। नीलामी विक्रय उपरान्त पुलिस विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा, निविदा की अंतिम प्रकिया तक किसी भी बिन्दु पर निर्णय का अंतिम अधिकार निर्णय अधिकारी का होगा। निविदाकार को फोटो युक्त पहचान पत्र स्वप्रमाणित देना होगा प्रत्येक निविदाकार को बोली में भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/- रुपए नगद रसीद के रूप में जमा करने होंगे जो किसी भी हालत में वापस योग्य नही होंगे एवं जमानत राशि 10,000/- जमा करानी होगी जो वापसी योग्य होगी या वाहन क्रय करने की दशा में विलोपित किये जायेगे । धरोहर राशि राजकोष में जमा की जावेगी ।

| क्र. | वाहन क्रमांक | वाहन प्रकार |
|---|---|---|
| 1 | MP20GB5587 | TATA INTRA |

उपरोक्त वाहनों की नीलामी दिनांक 25-06-2025 दिन बुधबार को समय 12.00 बजे स्थान थाना परिसर लखनवाड़ा जिला सिवनी में की जावेगी।
"आज दिनांक 18 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
नीलामी स्थान :- थाना परिसर लखनवाड़ा जिला सिवनी नीलामी दिनांक :- 25.06.2025 दिन बुधवार,
समय :- 12.00 बजे, सम्पर्क मो.नं.- 8269052466
थाना प्रभारी
थाना लखनवाड़ा, जिला सिवनी
G-14564/25

## ‘टारगेट ओलंपिक पोडियम’ योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ी शामिल

# हॉकी खिलाड़ियों को मिलेगा 25 हजार अतिरिक्त भत्ता



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25000 रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल की गुरुवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा, 'हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरुष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रुपए 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा जो टॉप्स योजना के तहत खिलाड़ियों को मिलता है। हमारा लक्ष्य यही है कि खिलाड़ी प्रदर्शन पर फोकस करे और देश के लिए पदक जीतें।' टॉप्स के तहत कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रुपए और डेवलपमेंटल खिलाड़ियों को 25000 रुपए प्रतिमाह ओपीए दिया जाता है। वहीं टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल खिलाड़ियों को 50000 रुपए प्रतिमाह ओपीए मिलता है। इसके लिए हॉकी इंडिया खिलाड़ियों हर महीने भारतीय खेल प्राधिकरण को 80 खिलाड़ियों की सूची सौपेगा जिसके मायने है कि इसमें बदलाव की भी गुंजाइश होगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग** **// प्रथम निविदा आमंत्रण //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro- 250 Date- 21/06/2025<br>2025_UAD_428458_1 | संभाग क्रमांक 14 अंतर्गत पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत जी.सी.एफ. सोसायटी आशोक नगर अधारताल मे सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 03 माह<br>रू 7.86 लाख | 2000/-<br>7869/- | 07/07/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा ।
पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा
कार्यपालन यंत्री,
संभाग क्रं. 14, नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ. / स.) संभाग अनूपपुर (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 03 / एस. ए. सी. / अनूपपुर / 2025-26 **निविदा सूचना** अनूपपुर, दिनांक 17/06/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु.लाख) | टेण्डर फार्म की राशि | धरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB _431104_1 | अनूपपुर | 24-5054 प्लान मद | जमुड़ी से ऊरा मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 207.18 | 15000/- | 207180/- | 06 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 2 | 2025_PWDRB _431105 | अनूपपुर | 24-5054 प्लान मद | कुसुमहाई से कुकुरगड़ा व्हाया चोई मार्ग लंबाई प्रथम 5.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 433.65 | 15000/- | 433650/- | 10 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 3 | 2025_PWDRB _431107_1 | अनूपपुर | 24-5054 प्लान मद | आमाडाण्ड से गूजरनाला मार्ग लंबाई 2.50 कि. मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 176.25 | 12500/- | 176250/- | 06 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 4 | 2025_PWDRB _426849_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभा अनूपपुर के अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य। | प्रथम | 12.50 | 2000/- | 25000/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| | | | | कुल योग 04 नग | | 829.58 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 17.06.2025 ( 16.30 पी.एम.) से अंतिम तिथि 30.06.2025 (17.30 पी.एम.) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन स्केन कर डाउनलोड किये जावें ।
G-14576/25
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ. / स.) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)




# रादुविवि में फिर हड़ताल के आसार

# संकट में नया सत्र और परीक्षा परिणाम

**हरिभमि जबलपुर।**



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) एक बार फिर बड़े प्रशासनिक संकट की ओर बढ़ता दिख रहा है। कर्मचारी संघ और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच पेंशन प्रकरणों को लेकर जारी तनातनी अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। यदि आज को कोई सहमति नहीं बनी, तो सोमवार से विश्वविद्यालय में हड़ताल की शुरुआत हो सकती है, जिससे नए शिक्षण सत्र की शुरुआत प्रभावित होने के साथ ही परीक्षाओं के परिणामों में भी देरी तय मानी जा रही है।

बताया जा रहा है की हड़ताल का मुख्य कारण उन पेंशन प्रकरणों से जुड़ा है, जो अभी तक भोपाल स्थित उच्च शिक्षा विभाग को नहीं भेजे गए हैं। कर्मचारी संघ का आरोप है कि प्रशासन ने छह महीने तक इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी और अब जब फाइलें भेजने का समय आया है, तो असमंजस का हवाला देकर अभिमत मांगा जा रहा है।

कर्मचारियों की मांग है कि पेंशन से संबंधित मामलों में स्थिति को स्पष्ट किया जाए और उन पदों पर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पूरी पात्रता के अनुसार पेंशन मिले। संघ का कहना है कि वे किसी "अस्थायी समाधान" से संतुष्ट नहीं होंगे और स्थाई हल के बिना अब कार्य बहिष्कार ही एकमात्र विकल्प है।

### प्रशासन की असमंजस की स्थिति

आडिट टीम के इन सवालों के जवाब में विश्वविद्यालय प्रशासन ने उच्च शिक्षा विभाग से मार्गदर्शन (अभिमत) मांगा है और फिलहाल निर्णय को टाल दिया है। वहीं, कर्मचारी संघ का कहना है कि अब तक की देरी ने न केवल रिटायर कर्मचारियों को आर्थिक संकट में डाला है, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे को अव्यवस्थित कर दिया है।

### प्रभावित होगा नया सत्र

यदि हड़ताल होती है, तो दाखिले और नए सत्र की शुरुआत में देरी हो सकती है। वर्तमान सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणामों की प्रक्रिया ठप हो सकती है। पेंशन, नियुक्ति, वेतन निर्धारण जैसी फाइलों की प्रक्रिया रुक जाएगी। सबसे अधिक असर छात्रों पर पड़ेगा जो पहले से ही प्रशासनिक विलंब से परेशान हैं।

### विश्वविद्यालय का पक्ष

विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारी संघ को पत्र भेजते हुए बातचीत से समाधान निकालने की बात कही है। लेकिन प्रशासन भी इस विवादास्पद मुद्दे पर कोई कानूनी जोखिम नहीं लेना चाहता, खासकर जब पूर्व में इन नियुक्तियों को लेकर उच्च शिक्षा विभाग और राजभवन के निर्देश मिल चुके हैं।

### कर्मचारी संघ की चेतावनी

कर्मचारी संघ का साफ कहना है कि अगर रविवार तक को कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला, तो सोमवार से समस्त प्रशासनिक कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। संघ के एक पदाधिकारी ने कहा, अब सहनशक्ति की सीमा पार हो चुकी है। यह केवल कर्मचारियों का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा है।

## सितम्बर तक चलती रहेगी रीवा से सीएसएमटी के मध्य स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेल प्रशासन ने रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 13-13 फेरे विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रीवा से प्रारम्भ होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाती है।

ट्रेन संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक (गुरुवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 26 जून 2025 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 03 जुलाई से 25 सितम्बर तक और चलती रहेगी। ट्रेन संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक (शुक्रवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 27 जून 2025 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 04 जुलाई 2025 से 26 सितंबर 2025 तक और चलती रहेगी।

*हाईकोर्ट ने आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संगठन की जनहित याचिका पर मांगा जवाब*

# एससी-एसटी गर्ल्स हास्टल में कैसे चल रही गढ़ा सेंट्रल स्कूल की कक्षाएं

**हरिभूमि जबलपुर।**



मप्र हाईकोर्ट ने अनुसूचित जाति, जनजाति बालिका छात्रावास के परिसर में केंद्रीय विद्यालय, गढ़ा, जबलपुर की कक्षाएं संचालित होने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर गम्भीरता दर्शाई । एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने केंद्र, राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी किए। 14 जुलाई वाले सप्ताह में मामले की अगली सुनवाई होगी।अनावेदकों को तब तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संगठन की ओर से जनहित याचिका प्रस्तुत की गई। दलील दी गई कि जबलपुर के सरकारी आदिवासी बालिका छात्रावास और सरकारी अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास के परिसर में केंद्रीय विद्यालय, गढ़ा, जबलपुर की कक्षाएं 2007 यानि विगत 18 वर्ष से धड़ल्ले से चल रही हैं। हास्टल, जो सिर्फ लड़कियों के लिए है, वहां स्कूल चलने से पुरुष कर्मचारी और छात्र खुलेआम आते-जाते हैं, जो इन किशोरियों की निजता को सीधे तौर पर भंग करता है। जिन बेटियों ने बेहतर भविष्य और सुरक्षित माहौल की उम्मीद में अपने घर-परिवार को छोड़ा था, उन्हें छात्रावास में भी लोगों के साथ जगह बांटनी पड़ रही है।

याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि यह मामला सिर्फ जगह की कमी का नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 (गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार) के सीधे उल्लंघन का है। जनहित याचिका में कहा गया है कि जहां बेटियों को सुरक्षित महसूस करना चाहिए, वहां स्कूल चलाकर उनके मौलिक अधिकारों को कुचला जा रहा है। हास्टल की सीमित जगह में स्कूल चलने से कमरे कम पड़ रहे हैं, जिससे छात्राओं को भारी असुविधा होती है। दुखद बात यह है कि कुछ स्थानों पर तो उत्पीड़न के मामले तक सामने आए हैं, जो इस गंभीर स्थिति की भयावहता को और बढ़ा देते हैं। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार, शिक्षा विभाग प्रमुख सचिव, केवि संगठन के उपायुक्त, सहायक आयुक्त, जबलपुर संभागायुक्त कलेक्टर,सहायक आयुक्त व केन्द्रीय विद्यालय गढ़ा के प्राचार्य को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## अपराधों पर लगाम कसने जवाबदेही के साथ तय होगी पेट्रोलिंग व्यवस्था

# नेशनल हाईवे पर हर तीसरे दिन हो रही लूट की वारदातें

**जबलपुर।** जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और हाईवे पर बदमाशों के बढ़ते हौसले ने न सिर्फ आम जनता में डर पैदा किया है, बल्कि पुलिस प्रशासन की भी नींद उड़ा दी है। बीते दिनों यूपी के भाजपा नेता के परिवार के साथ हुई लूट के अलावा अन्य दो बड़ी लूट की वारदातों ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब पुलिस महकमा हाईवे को अपराधमुक्त बनाने के लिए पुराने 'हाईवे पेट्रोलिंग सिस्टम' को दोबारा शुरू करने की तैयारी में जुट गया है।

गौरतलब है की बीते 60 दिनों में जिले के हाईवे क्षेत्र में लूट, और मारपीट की दर्जनों घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हर तीसरे दिन हो रही वारदातों ने पुलिस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हाल ही में यूपी के भाजपा नेता सुजीत कुमार सिंह के परिवार के साथ हथियारबंद बदमाशों ने सिहोरा खितौला क्षेत्र में लूट को अंजाम दिया, जिसमें उनका बेटा घायल हुआ और पत्नी के साथ मारपीट की गई। उसी रात दूसरी लूट छपरा गांव के पास हुई, जिसने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।



### इसी हफ्ते शुरु होगा सिस्टम

इन घटनाओं के बाद पुलिस अब हाईवे पर एक बार फिर से गश्त को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक सप्ताह के भीतर नेशनल और स्टेट हाईवे पर रात्रि गश्त की शुरुआत की जाएगी। यह गश्ती दल ढाबों, रेस्टॉरेंटों और मार्ग से गुजरने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखेगा। संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### हर मूवमेंट होगा रिकॉर्ड

हाईवे पेट्रोलिंग की टीम को न केवल अपराध नियंत्रण, बल्कि सड़क हादसों और ट्रैफिक उल्लंघन की सूचनाओं पर भी त्वरित कार्रवाई का जिम्मा सौंपा जाएगा। दिन के समय यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों पर जुर्माना लगाने के दौरान वीडियोग्राफी की जाएगी ताकि पुलिस पर वसूली के आरोपों से बचा जा सके। यह पूरी कार्रवाई कंट्रोल रूम में रिपोर्ट और वीडियो फुटेज के रूप में दर्ज की जाएगी।

### वसूली के आरोप में बंद हुई व्यवस्था

गौरतलब है कि कुछ साल पहले भी हाईवे पेट्रोलिंग की व्यवस्था सक्रिय थी, लेकिन ट्रक चालकों से कथित वसूली के आरोपों के चलते इसे बंद कर दिया गया था। तत्कालीन एसपी ने तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर पूरे सिस्टम पर रोक लगा दी थी। अब अधिकारियों की मंशा है कि इस व्यवस्था को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ पुनः शुरू किया जाए।

### 8-8 घंटे की शिफ्ट में होगी तैनाती

पुलिस विभाग के अनुसार, पेट्रोलिंग टीमों को 8-8 घंटे की शिफ्ट में तैनात किया जाएगा, जिसमें 4 घंटे का विश्राम भी शामिल रहेगा। एक टीम के आराम करने पर दूसरी टीम गश्त करेगी, जिससे लगातार 12 घंटे हाईवे पर पुलिस की मौजूदगी बनी रहेगी। इसके लिए हाईवे से सटे थानों के पुलिस बल का उपयोग किया जाएगा और जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से तय की जाएगी।

*अभी तक इस साल 13 हजार से ज्यादा छात्रों ने लिया एडमिशन*

# यूजी और पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या 5 लाख पार

**जबलपुर।** मप्र में स्नातक, स्नातकोत्तर और राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इस साल छात्रों की रुचि में बड़ा इजाफा देखने को मिला है। सत्र 2025-26 के तहत अब तक कुल 5.15 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो पिछले साल के मुकाबले लगभग दो लाख अधिक है। वहीं, अब तक कुल 1.33 लाख छात्रों ने कॉलेजों में प्रवेश भी ले लिया है, जो पिछले वर्ष के पहले चरण की तुलना में करीब 13 हजार अधिक है। इनमें एनसीटीई पाठ्यक्रम में करीब 14 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है।

यूजी में करीब 90 हजार एवं पीजी के लिए करीब 30 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लेकर फीस जमा कर दिया है। कुल 1.20 लाख विद्यार्थियों ने कॉलेजों में फीस जमा कर अपना एडमिशन पुख्ता कर लिया है। उच्च शिक्षा विभाग के तहत गत वर्ष सत्र 2024-25 प्रथम चरण में यूजी और पीजी में 96 हजार और एनसीटीई कोर्स में करीब 11 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। इस प्रकार 1.07 लाख विद्यार्थियों ने कॉलेजों एडमिशन प्राप्त किया था।

### प्रवेश संख्या में हुई बढ़ोतरी

पिछले साल की अपेक्षा सभी पाठ्यक्रम के पहले चरण में प्रवेश संख्या में करीब 13 हजार की बढ़ोतरी हुई है। दूसरे चरण में करीब 1 लाख पंजीयन। दूसरे चरण के रजिस्ट्रेशन के लिए बुधवार अंतिम तिथि थी। रजिस्ट्रेशन के अंतिम दिन तक करीब 1 लाख स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कर लिया है।


## सुपरवाईजर पर लापरवाही का मामला दर्ज

# डुमना में शेड की छत गिरने से मजदूर की मौत



**हरिभूमि जबलपुर।** डुमना विमानतल पर व्हीकल गेट की छत से गिरने से घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद पाया कि मौके पर सुरक्षा के कोई इंतजाम न होने से मजदूर राधे ठाकुर की मृत्यु शेड की छत से गिरने से आई चोटों के कारण हुई है। खमरिया पुलिस ने रिपेयरिंग करने वाली कंपनी के सुपरवाइजर के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदिरा बस्ती प्रेम नगर थाना मदन महल निवासी एक श्रमिक 33 वर्षीय राधे ठाकुर गत 24 मई को एयरपोर्ट में रिपेयरिंग काम के दौरान व्हीकल गेट की छत गिरने से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अगले ही दिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने प्राथमिक जांच में पाया कि श्रीनाथ इन्फ्रा प्रोजेक्ट इंदौर की कंपनी के सुपरवाइजर शेख इम्तियाज निवासी मोतीनाला हनुमान ताल के द्वारा डुमना एयरपोर्ट पर व्हीकल गेट के पास शेड रिपेयरिंग का कार्य कराया जा रहा था, सुपरवाइजर शेख इम्तियाज के द्वारा सुरक्षा का कोई इंतजाम न होने से काम कर रहे राधे ठाकुर की मौत शेड की छत से गिरने से हो गई है. कंपनी के सुपरवाइजर शेख इम्तियाज के विरुद्ध धारा 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।







# 1 किलो से अधिक गांजे के साथ धरा गया तस्कर

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच एवं पनागर थाना पुलिस की टीम ने एक संयुक्त मुहिम में एक गांजा तस्करी में लिप्त आरोपी को गांधीवार्ड पनागर में धरदबोचा। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 3 सौ 90 ग्राम गांजे की खेप बरामद हुई है जिसकी कीमत करीब 28 हजार रुपए बताई जा रही हैं।

टीआई पनागर जितेंद्र पाटकर ने बताया कि गत दिवस क्राइम ब्रांच एवं पनागर थाना पुलिस की संयुक्त टीम को भ्रमण के दौरान गांधी वार्ड पनागर में एक व्यक्ति हाथ मे सफेद थेला लिये दिखा। आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे दौड़कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी ग्राम भरदा निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र रजक उर्फ पिट्टल पिता हेमराज रजक पर संदेह होने पर उसके हाथ में लिए हुये झोले की तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुये तौल करने पर आरोपी के थैले में 1 किलो 390 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 28 हजार रुपए बताई गई। गांजा जब्त करते हुए आरोपी राजेन्द्र रजक उर्फ पिट्टल के खिलाफ धारा 8, 20 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये अवैध मादक पदार्थ गांजा कहां एवं किससे प्राप्त किया गया, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी की धरपकड़ में सहायक उप निरीक्षक मिथलेश त्रिपाठी, द्वारिका मिश्रा तथा अपराध थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा के निर्देशन में क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक संतोष पाण्डे, प्रधान आरक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, आनंद तिवारी, आरक्षक आशुतोष बघेल की उल्लेखनीय भूमिका रही।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240